जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 3 जुलाई, 2022


# इतिहास में पहली और आखिरी बार

## करोड़ों की 5 बेडरूम वाली कोठी सिर्फ 75 लाख में।

## रेट किसी भी वक़्त 90 लाख हो सकती है

A Project By Kedia

THE KUNBA

बड़े परिवारों के लिए

NO MIDDLE-MEN DIRECT TO CUSTOMER

FIXED PRICE

## Final Notice: Last Few Units Left




JDA की सीमा मे जमीन बेचने के लिये 7665078637 पर जमीन का सम्पूर्ण विवरण WhatsApp करें।

KEDIA
*Transforming Realty*

TOLL FREE: 1800-120-23-23, 7877-07-27-37

www.kedia.com | www.kediahomes.com | info@kediahomes.com

www.rera.rajasthan.gov.in | Rera No. RAJ/P/2022/1900

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

अतिथि जिसका अन्न खाता है, उसके पाप धुल जाते हैं। -अथर्ववेद

# आयुर्वेद के आहार सबंधी महावाक्य

आज की चर्चा आयुर्वेद के आहार-विषयक महावाक्यों पर पुनःकेन्द्रित है। यह ज्ञान हमें बीमारी से बचाकर लाखों रुपये व्यर्थ होने से बचाने में सक्षम है। एक बात पूर्व में बताना आवश्यक है कि आयुर्वेद में ज्ञान की सीमायें अनंत हैं। मेरे ध्यान में केवल चरकसंहिता, सुश्रुतसंहिता और अष्टांगहृदय में ही भोजन से संबंधित लगभग 1000 महावाक्य हैं। उनमें से यह एक ऐसी प्रारंभिक चयनित सूची है, जिसके बिना हमारा काम ही नहीं चल सकता। आप इसमें अपने प्रिय सूत्र या प्रिय महावाक्य जोड़ते रहिये,उस ज्ञान का प्रयोग कीजिये, स्वस्थ रहिये और प्रसन्न रहिये।

1. आरोग्यंभोजनाधीनम् (काश्यपसंहिता, खि. 5.9): सबसे पहले तो हमें यह जान लेना चाहिये, जैसा कि महर्षि कश्यप कहते हैं, कि आरोग्य भोजन के अधीन होता है। सारा खेल भोजन का है। इस महावाक्य का अर्थ यह मानिये कि खाने को खानापूर्ति की तरह मत लीजिये।

2. एकाशनभोजनंसुखपरिणामकराणांश्रेष्ठम् (च.सू.25.40): तात्पर्य यह है कि 24 घंटे में केवल एक बार भोजन तत्समय में सुख देने में श्रेष्ठ है क्योंकि यह सुखपूर्वक पच जाता है।

3. कालभोजनमारोग्यकराणांश्रेष्ठम् (च.सू.25.40): नियत काल या समय पर भोजन करना श्रेष्ठ है।

4. अन्नंवृत्तिकराणांश्रेष्ठम् (च.सू. 25.40, चयनित अंश): शरीर में दृढ़ता लाने वाले पदार्थों में अन्न सबसे श्रेष्ठ है।

5. सर्वरसाभ्यासोबलकराणाम्श्रेष्ठम् (च.सू. 25.40, चयनित अंश)सभी रसों से युक्त भोजन (मधुर, अम्ल, लवण, कटु, तिक्त, कषाय) बल करने वालों में श्रेष्ठ है।

6. आमलकंवयःस्थापनानांश्रेष्ठम् (च.सू. 25.40, चयनित अंश): वयःस्थापनया आयु-स्थिर करने वालों में आँवला श्रेष्ठ है।

7. नाप्रक्षालितपाणिपादवदनो (च.सू.8.20): महर्षि चरक ने कम से कम पांच हजार साल पहले यह महत्वपूर्ण सूत्र दिया था। आचार्य वाग्भट ने भी इसे सातवीं-आठवीं शताब्दी में धौतपादकराननः (अ.हृ.सू. 8.35-38) के रूप में पुनः लिखा। इसका साधारण अर्थ यह है कि भोजन करने के पूर्व हाथ, पाँव व मुंह धोना आवश्यक है। इसके वैज्ञानिक महत्त्व पर बड़ी शोध हुई है। लन्दन स्कूल ऑफ़हाइजीन एंड ट्रॉपिकल मेडिसिन के वैज्ञानिकों द्वारा की गयी एक शोध से पता लगा है कि हाथ धोये बिना भोजन लेने की आदत के कारण अकेले डायरिया से ही सालाना 23.25 अरब डॉलर की हानि भारत को हो रही है। यह हानि भारतीय अर्थव्यवस्था के कुल जीडीपी का 1.2 प्रतिशत है। हाथ धोने में लगने वाले कुल खर्च को समायोजित करने के बाद भी भारतीय अर्थव्यवस्था को सालाना 5.64 अरब डॉलर की बचत हो सकती है। यह हाथ धोने में संभावित लागत का 92 गुना है।

8. नाशुद्धमुखो (च.सू.8.20): अशुद्धमुंह से अर्थात मुंह की शुद्धता सुनिश्चित किये बिना भोजन नहीं लेना चाहिये। साफ़-सफाई के पश्चात ही भोजन का आनंद लेना उपयुक्त रहता है।

9. न कुत्सयन्नकुत्सितं न प्रतिकूलोपहितमन्नमाददीत (च.सू.8.20): दूषित अन्न या भोजन यादुश्मन या विरोधियों द्वारा दिया गया भोजन नहीं खाना चाहिये।

10. न नक्तं दधि भुञ्जीत (च.सू.8.20): रात में दही नहीं खाना चाहिये। असल में दही यदि ताज़ा न हो तो उसके लाभदायक गुण नष्ट हो जाते हैं। इसीलिये यह महावाक्य बहुत उपयोगी है।

11. पूर्वंमधुरमश्नीयान् (सु.सू.46.460): भोजन में सबसे पहले मधुर या मीठे पदार्थ खाना चाहिये। इसका तात्पर्य यह है कि भोजन पूरा करने के बाद मिठाईया आइसक्रीम में हाथ मारना नुकसानदायक है। भोजन का अंत सदैव कटु, तिक्त या कषायरस से करना चाहिये।

12. आदौफलानिभुञ्जीत (सु.सू.46.461): फल भोजन के प्रारंभ में खाना चाहिये। भोजन के अंत में फल खाने की परंपरा अनुचित है।

13. पिष्टान्नंनैवभुज्जीत (सु.सू.46.494): पीठी वाले भोजन प्रायःनहीं लेना चाहिये। अगर बहुत भूखे हैं तो कम मात्रा में पिष्टान्न लेकर उससे दुगनी मात्रा में पानी पीना चाहिये।

14. भुक्त्वाऽपियत्प्रार्थयतेभूयस्तत् स्वादु भोजनम् (सु.सू.46.482): जिस भोजन को खाने के बाद पुनः माँगा जाये, समझिये वह स्वादिष्ट है।

15. उष्णमश्नीयात् (च.वि.1.24.1): उष्ण आहार करना चाहिये। परन्तु ध्यान रखिये कि बहुत गर्म भोजन से मद, दाह, प्यास, बल-हानि, चक्कर आना व पित्त-विकार उत्पन्न होते हैं।

**चरकसंहिता, सुश्रुतसंहिता और अष्टांगहृदय में ही भोजन से संबंधित लगभग 1000 महावाक्य हैं। उनमें से यह एक ऐसी प्रारंभिक चयनित सूची है, जिसके बिना हमारा काम ही नहीं चल सकता। आप इसमें अपने प्रिय सूत्र या प्रिय महावाक्य जोड़ते रहिये, उस ज्ञान का प्रयोग कीजिये, स्वस्थ रहिये और प्रसन्न रहिये।**

16. स्निग्धमश्नीयात् (च.वि.1.24.2): स्निग्ध भोजन करना चाहिये। परन्तु घी में डूबे हुये तर माल के रूप में नहीं। रूखा-सूखा भोजन बल, वर्ण, आदि का नाश करता है परन्तु बहुत स्निग्ध भोजन कफ, लार, दिल में बोझ, आलस्य व अरुचि उत्पन्न करता है।

17. मात्रावदश्नीयात् (च.वि.1.24.3): मात्रापूर्वक भोजन करना चाहिये। भोजन आवश्यकता से कम या अधिक नहीं करना चाहिये।

18. जीर्णेऽश्नीयात् (च.वि.1.24.4): पूर्व में ग्रहण किये भोजन के जीर्ण होने या पच जाने के बाद ही भोजन करना चाहिये।

19. वीर्याविरुद्धमश्नीयात् (च.वि.1.24.5): वीर्य के अनुकूल भोजन करना चाहिये। अर्थात् विरुद्ध वीर्य वाले खाद्य-पदार्थों, जैसे दूध और खट्टा अचार आदि को मिलाकर नहीं खाना चाहिये।

20. इष्टेदेशेइष्टसर्वोपकरणंचाश्नीयात् (च.वि.1.24.6): मन के अनुकूल स्थान और सामग्री के साथ भोजन करना चाहिये। अभीष्ट सामग्री के साथ भोजन करने से मन अच्छा रहता है।

21. नातिद्रुतमश्नीयात् (च.वि.1.24.7): बहुत तेज गति या जल्दबाज़ी में भोजन नहीं करना चाहिये।

22. नातिविलम्बितमश्नीयात् (च.वि.1.24.8): अत्यंत विलम्बपूर्वक भोजन नहीं करना चाहिये।

23. अजल्पन्नहसन्तन्मनाभुञ्जीत (च.वि.1.24.9): बिना बोले बिना हँसे तन्मयतापूर्वक भोजन करना चाहिये। भोजन और तन्मयता का संबंध इतना प्रगाढ़ है कि भोजन के संबंध में आयुर्वेद में दी गई सम्पूर्ण सलाह निरर्थक जा सकती है, यदि भोजन तन्मयता के साथ न किया जाये।

24. आत्मानमभिसमीक्ष्यभुञ्जीत (च.वि.1.25): पूर्ण रूप से स्वयं की समीक्षा कर भोजन करना चाहिये। इसका तात्पर्य यह है कि शरीर के लिये हितकारी और अहितकारी, सुखकर और दुःखकर द्रव्यों का शरीर के परिप्रेक्ष्य में गुण-धर्म का ध्यान रखते हुये यहाँ दिये गये महावाक्यों के अनुरूप ही भोजन करने का लाभ है।

25. अशितश्चोदकंयुक्त्याभुञ्जानश्चान्तरापिबेत् (सु.सू.46.482): भोजन के पश्चात युक्तिपूर्वक पानी की मात्रा लेना चाहिये। तात्पर्य यह है कि खाने के बाद गटागट लोटा भर जल नहीं चढ़ा लेना चाहिये।

26. हिताहितोपसंयुक्तमन्नंसमशनंस्मृतम्। बहु स्तोकमकालेवातज्ज्ञेयंविषमाशनम्।। अजीर्णेभुज्यतेयत्तुतदध्यशनमुच्यते। त्रयमेतन्निहन्त्याशुबहून्व्याधीन्करोतिवा।। (सु.सू.46.494): हितकरऔर अहितकर भोजन को मिलाकर खाना (समशन), कभी अधिक कभी कम या कभी समय पर कभी असमय खाना (विषमाशन) या पहले खाये हुये भोजन के बिना पचे ही पुनः खाना (अध्यशन) शीघ्र ही अनेक बीमारियों को जन्म दे देते हैं।

27. प्राग्भुक्तेत्वविविक्तेऽग्नौद्विरन्नं न समाचरेत्। पूर्वभुक्तेविदग्धेऽन्नेभुञ्जानोहन्तिपावकम्। (सु.सू.46.492-493): सुबह खाने के बाद जब तक तेज भूख न लगे तब तक दुबारा अन्न नहीं खाना चाहिये। पहले का खाया हुआ अन्न विदग्ध हो जाता है और ऐसी दशा में फिर खाने वाला इंसान अपनी पाचकाग्नि को नष्ट कर लेता है।

28. भुक्त्वाराजवदासीतयावदन्नक्लमोगतः। ततःपादशतंगत्वावामपार्श्वेनसंविशेत्।। (सु.सू.46.487): भोजन के बाद राजा की तरह सीधा तनकर बैठना चाहिये ताकि भोजन काक्लम हो जाये। फिर सौ कदम चल कर बायें करवट लेट जाना चाहिये।

29. नसक्तूनेकानश्नीयान्निनशि न भुक्त्वा न बहून्निद्वर्नोदकान्तरितात्न छित्त्वाद्विजैर्भक्षयेत् (च.सू.8.20): सत्तू-भुने हुये अनाज का आटा-घी और चीनी के मिश्रण के बिना नहीं खाना चाहिये। सत्तू को रात में, भोजन के बाद, अधिक मात्रा में, दिन में दो बार, या पानी पी-पीकर ठांस कर, या दांतों को किटकिटाते हुये भी नहीं खाना चाहिये।

30. आहारःप्रीणनःसद्योबलकृद्देहधारकः। आयुस्तेजःसमुत्साहस्मृत्योजोऽग्निविवर्द्धनः। (सु.चि., 24.68): स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा और बीमारी को रोकने में भोजन का स्थान रसायन और औषधि से कम नहीं है। इस सूत्र का अर्थ यह है कि आहार से संतुष्टि, तत्क्षण शक्ति, और संबल मिलता है, तथा आयु, तेज, उत्साह, याददाश्त, ओज, एवं पाचन में वृद्धि होती है। सन्देश यह है कि साफ़-सुथरा, प्राकृतिक और पौष्टिक भोजन शरीर, मन और आत्मा की प्रसन्नता और स्वास्थ्य के लिये आवश्यक है।


31. हिताशी स्यान्मिताशी स्यात्कालभोजी जितेन्द्रियः। पश्यन्रोगान्बहून्कष्टान्बुद्धिमान्विषमाशनात्।। (च.नि.6.11): विषम भोजन से उत्पन्न तमाम अति-कष्टकारी रोगों को देखते हुये बुद्धिमान व्यक्ति को अपनी इन्द्रियों पर काबू पाकर हिताशी (हितकारी भोजन करने वाला), मिताशी (अपनी पाचन शक्ति के अनुसार नपा-तुला भोजन करने वाला) और कालभोजी (नियत समय पर भोजन करने वाला) होना चाहिये।

यह सत्य है कि जब भूख लगती है तब सिद्धांत नहीं भोजन चाहिये। परन्तु आयुर्वेद के इन महावाक्यों में निहित ज्ञान का उपयोग उम्र-आधारित रोग-जनन को रोकने और सदैव स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है।

**-अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फारेस्ट सर्विस में वरिष्ठ अधिकारी )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं। )**

# मांस-भक्षक रोगाणु - नेक्रोटाइजिंग फेसाइटिस

'मांस-भक्षण' से आभास होता है जैसे कोई राक्षस हो। अपनी दुष्टता और आक्रामक प्रवृत्ति में तो सचमुच ये रोगाणु राक्षस ही होते हैं। तीव्र भक्षक, व भीतरघात करने वाले। चमड़ी में छेद या घाव से अन्दर आकर भीतर ही भीतर हाहाकार मचाने वाले राक्षसी रोगाणु। चमड़ी के प्रवेश स्थल पर विशेष कुछ नहीं, और अन्दर हाहाकार - मांस-भक्षण और घातक टॉक्सिन (विष) वमन। एक व्यक्ति जल्दी में काँटों वाली तारों की बाड़ से निकल रहा था। एक काँटा हाथ में घुस गया। चमड़ी में एक छोटा सा छेद, चुभन का दर्द, खून की एक बूँद। मजदूर था, विशेष परवाह नहीं की, कारण ऐसे काँटे तो चुभते ही रहते हैं। खून की बूँद साफ की, कोई घाव तो था नहीं, खून भी नहीं आ रहा था अतः और कुछ नहीं किया। लेकिन चुभने की जगह दर्द बढ़ता ही गया। पास की चमड़ी लाल हो गई। शाम को घर पहुँचा तब तक तो वेदना असहनीय हो गई। लाल चकत्ता भी और फैल गया। उसमें नीले घब्बे भी उभर आये। पूरा हाथ भारी, दर्द से सुन्न। कँपकँपी लगकर बुखार भी हो गया। सिरदर्द, उल्टी। कुछ ही घंटों में इतना विकराल रूप। चोट के अनुपात से कहीं अधिक वेदना और शीध्रता से उभरते गंभीर लक्षण इस बात के संकेत थे कि यह काँटा चुभने से चमड़ी के पकने का साधारण केस नहीं है वरन् नेक्रोटाइजिंग फेसाइटिस का केस है।



डॉ. श्रीगोपाल काबरा

ये रोगाणु विलक्षण होते हैं। चमड़ी पर सीधा आघात नहीं करते। चमड़ी के भीतर जड़-तंतु की परत - फैसिया - को अपना निशाना बनाते हैं। फैसिया की परत हाथ-पाँव की मांस-पेशियों के चारों ओर और उनके बीच पर्दे के रूप में होती है। मांस-भक्षक रोगाणु असल में तो जड़-तंतु की परत और पर्दों का ही भक्षण करते हैं लेकिन उसके बाद टाक्सिन्स (विष) वमन करते हैं जो परत और पर्दों के पार जाती नन्ही रक्त वाहिनियों को अवरुद्ध कर देते हैं।

फलस्वरूप अन्दर की मांस-पेशियों का भुर्ता बन जाता है, चमड़ी भी काली होकर मरने (गेंग्रीन) लगती है; मरी हुई मांस-पेशियों का भक्षण कर रोगाणु और तीव्रता से पनपते हैं, पूरे शरीर मे जहर फैल जाता है। मरीज को तो समझ ही नहीं आता कि छोटी सी चोट में इतनी जल्दी यह सब क्या हो गया। छोटी सी चोट के लिए आये थे और डॉक्टर कह रहा है चमड़ी काट कर बड़ा आपरेशन करना पड़ेगा और हो सकता है हाथ काटना पड़े। डाक्टर चाहता है आप इसकी लिखित अनुमति दें। बाकी हाथ तो बाहर से ठीक लग रहा है, काटने की अनुमति कैसे दे दें। संक्रमण ही तो है, दवा से क्यों नहीं ठीक हो सकता? खेतीहर मजदूर हाथ काटने की कैसे अनुमति दे दे। आपरेशन जो भी करना हैं करें। सर्जन ने आपरेशन कर अन्दर फैसिया और मांस-पेशियाँ, जो रोगाणु खा चुके थे या खा रहे थे, उन्हें हटाया, सफाई की। लेकिन उच्चस्तरीय मँहगी दवाओं के बावजूद असर नहीं हुआ, हाथ काटना ही पड़ा। बड़ी मुश्किल से जान बची।

मरीज के अब भी समझ में नहीं आ रहा, संक्रमण क्यों बढ़ता गया? क्या डॉक्टर के रोग समझ में नहीं आया? क्या दवाएं गलत थीं? या सही दवा दी ही नहीं गई?


**डॉ. श्रीगोपाल काबरा,**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

# राजस्थान का सर्वाधिक लोकप्रिय चरी नृत्य

## चरी नृत्य को 1949 में फलकू बाई ने सामाजिक स्तर तक सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु प्रारंभ किया

राजस्थान का सर्वाधिक लोकप्रिय चरी नृत्य है। यह किशनगढ़ राजघराने की अति प्राचीन परंपरागत नृत्य शैली है। चरी नृत्य विशेष रूप से राजघराने में गणगौर पर किया जाता था। चरी नृत्य को किशनगढ़ की युवरानी गोवर्धन कुंवर ने प्रोत्साहित कर संरक्षण प्रदान किया। प्रारंभ में यह नृत्य गुजर जाति की महिलाओं द्वारा किया जाता था। इस नृत्य को सन् 1949 में फलकू बाई ने अपनी लगन एवं मेहनत से मंचीय संरचना देकर सामाजिक स्तर तक सार्वजनिक प्रदर्शन हेतु प्रारंभ किया। इस नृत्य को जीवित रखने में फलकू बाई और उनके साथियों का अद्वितीय योगदान है। मोहन सिंह गौड़, सुनीता रावत एवं अन्य दल इस नृत्य को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे रहे हैं।

यह नृत्य गणगौर के अलावा बच्चे के जन्म, विवाह, मांगलिक कार्य, होली, दीवाली, दशहरा आदि पर भी किया जाता था। यह नृत्य धीरे-धीरे अन्य जातियों में भी किया जाने लगा। अब बदलते परिवेश में स्त्रियों के अलावा कॉलेज एवं स्कूल की बालिकाएं भी व्यावसायिक तौर पर नृत्य करने लगी हैं।



पन्नालाल मेघवाल

भारतीय संस्कृति में सिर पर कलश लेकर नृत्य करने की परंपरा सर्वत्र प्रचलित व सर्वोपरि रही है। प्राचीन काल से जल कलश शगुन का प्रतीक माना जाता है। अग्नि हमारी संस्कृति में देवता स्वरूप पूजी जाती है। किसी अवसर पर मेहमानों की अगवानी करने के लिए कलश में अग्नि प्रज्वलित करके नृत्य करते हुए अतिथि गृह में ले जाने की परंपरा रही है। चरी नृत्य परंपरा को प्रवाह देने के लिए सदैव गीत एवं नृत्य को माध्यम बनाया गया है। चाहे बारात की अगवानी हो या कोई अन्य तीज- त्यौहार, चरी नृत्य अवश्य किया जाता है।



प्राचीन काल में बिजली की व्यवस्था नहीं होने से चरी को रेत से भरकर संतुलन बनाने के लिए उस पर मिट्टी का एक बड़ा दीपक रखकर उसमें कपासे (बिनोले) डालकर सरसों के तेल में भिगोकर उसमें थोड़ा सा केरोसिन डालकर जला देते थे। स्त्रियां इसे सिर पर रखकर, लंबा घूंघट काढ कर ढोल, बांकिया, थाली की लयकारी के साथ स्वतंत्र रूप से कलाइयों को घुमाती हुई नृत्य करती थीं, आज भी यह परंपरा जीवित है।

अब बदलते परिवेश में स्त्रियों ने घूंघट निकालना छोड़ दिया है। नृत्य के आरंभ में ढोल, बांकिया व थाली कलाकार एक ओर पंक्तिबद्ध खड़े होकर वाद्य वादन करते हैं। उनके आगे छः से आठ स्त्रियां सिर पर चरी रखकर कभी गोल घेरे में, कभी आधी स्त्रियां बैठकर और आधी उनके पीछे खड़ी होकर व उनके चारों ओर गोल-गोल घूम कर नृत्य करती हैं ।

प्राचीन काल में नृत्य के समय गुर्जर जाति की महिलाएं काले रंग का लहंगा, कुर्ती तथा पीले रंग की ओढ़नी पहनती थीं। कमर में ऊन का बना कमरबंदा बांधती थीं। परंतु बदलते परिवेश में मंचीय प्रदर्शन हेतु संगीत नाटक अकादमी ने पोशाक में परिवर्तन कर दिया। अब स्त्रियां एकदम पारंपरिक लाल रंग का काली छींट का घाघरा पहनती हैं, जिस पर पीली मगजी व कोर लगी होती है। पीले रंग की कुर्ती जिस पर लाल मगजी और ओढनी पीले रंग की होती हैं। जिसके चारों ओर लाल केसरिया बंधेज के रूप में होता है। जिसे प्रचलित बोली में पीलिया कहते हैं। इस पर किरण व कोर के बने फूल लगे रहते हैं, पहनती हैं।

प्रारंभ में आभूषणों में सिर पर चांदी का बोर, कमर में कंदोरा, गले में घूंघट हंसली, बजंटी, बांहों पर खांच चूड़ा एवं पैरों में कडले पहनती थीं। बाजू पर बाजूबंद अथवा अणत पहनती थीं। कलाइयों में चांदी की फूल बंगड़ी का स्थान अब कृत्रिम आभूषणों ने ले लिया है। प्रारंभ में सौंदर्य प्रसाधन की कोई भी वस्तु काम में नहीं ली जाती थी, अब मंचीय प्रदर्शन में हल्के से मेकअप, लिपस्टिक आदि लगाई जाती है।

**पन्नालाल मेघवाल,**
**वरिष्ठ लेखक एवं**
**स्वतंत्र पत्रकार**

# स्कूल के पास कक्षा 6 तक की मान्यता, पढ़ा रहे 12वीं कक्षा तक




नारायणपुर के चांदपुरी में संचालित स्कूल का जर्जर भवन।

**नारायणपुर, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र में इन दिनों शिक्षा विभाग के नियमों की अनदेखी की जा रही है, शनिवार को ग्राम पंचायत चांदपुरी में एक जर्जर भवन में संचालित हो रहे सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल पर शिक्षा विभाग को कई अनियमतता मिली हैं। प्रधानाचार्य सत्यनारायण मीणा और उनके स्टाफ द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार संचालित स्कूल को इस बार ही कक्षा 6 तक के विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए अनुमति मिली थी, जबकि विद्यार्थियों से मालूम किया गया तो उसमें 12वीं तक के छात्र पढ़ रहे थे। जिस भवन में स्कूल संचालित हो रही है वह भी जर्जर बनी हुई है। प्रधानाचार्य सत्यनारायण मीणा ने स्कूल संचालक को जर्जर भवन में स्कूल नहीं चलाने के लिए पाबन्द किया। गौरतलब है कि उपखंड क्षेत्र में ऐसे अनेक स्कूल हैं जिनके पास मान्यता 8वीं तक और 12वीं तक के बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। चांदपुरी सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य सत्यनारायण मीणा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान जो अनियमितता मिली है, उनको मौखिक और लिखित में उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

# डॉ. सुरेका 28 साल में 1.80 लाख मिर्गी मरीजों को दे चुके निःशुल्क दवा

**चूरू, (कासं)।** न्यूरो फिजिशियन डॉ. आरके सुरेका पिछले 28 साल में 1.80 लाख मिर्गी मरीजों को निःशुल्क दवा दे चुके हैं। निकटवर्ती रतननगर में मिर्गी रोगियों को परामर्श देकर न्यूरो फिजिशियन डॉ. आरके सुरेका अपनी अलग पहचान बना चुके हैं। मिर्गी रोगियों की चर्चा करते ही जिले में लोगों के सामने सबसे पहले वरिष्ठ न्यूरो फिजिशियन डॉ. आर.के सुरेका का नाम आता है। सबसे बड़े मिर्गी प्रशिक्षण सत्र के लिए 2018 में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड व मिर्गी पर काम के लिए लिम्का बुक ऑफ नेशनल रिकाड्र्स 2016 में स्थान प्राप्त कर चुके डॉ. सुरेका को कई जिला व राज्यस्तरीय पुरस्कार मिल चुके हैं। डॉ. सुरेका 28 साल से लगातार रतननगर में अब तक 333 निशुल्क मिर्गी निदान शिविर लगा चुके हैं। यहां निःशुल्क परामर्श, जांच, उपचार के अलावा दवा भी मरीजों को दी जाती है। इस केंद्र में 7770 रोगी पंजीकृत हैं। अब तक 1.80 लाख मरीज परामर्श ले चुके हैं। इन 1.80 लाख मरीजों को निशुल्क दवा भी दी गई। डॉ. सुरेका द्वारा मिर्गी के मरीजों के लिए पिछले कई सालों से अपने वेतन से लगभग 70-80 हजार प्रति माह की राशि खर्च की जा रही है।

**■ डॉ. सुरेका मरीजों के लिए पिछले कई सालों से अपने वेतन से लगभग 70-80 हजार प्रति माह खर्च कर रहे हैं**



डॉ. आर के सुरेका

## राशिफल रविवार 3 जुलाई, 2022



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2079, आश्लेषा नक्षत्र प्रातः 6:30 तक, वज्र योग दिन 12:05 तक, विष्टि करण दिन 5:07 तक, चन्द्रमा प्रातः 6:30 से सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-कर्क, मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

रवियोग प्रातः 6:30 तक है। यमघट योग प्रातः 6:30 से सूर्योदय तक है। भद्रा सांय 5:07 तक रहेगी। आज विनायक चतुरथी है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 7:24 से 9:06 तक। लाभ-अमृत 9:06 से 12:38 तक, शुभ 2:13 से 3:56 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:41, सूर्यास्त 7:21




### मेष

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच-विचार हो सकता है। कार्य योजना बन सकत है। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।




### वृष

परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों उचित सफलता मिलेगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।



### मिथुन

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। नये-पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मित्रों के साथ मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।



### कर्क

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण और आवश्यक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।




### सिंह

परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। मनःस्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव दूर होगा। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।




### कन्या

आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा। अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। प्रयासों में में उचित सफलता मिलेगी।



### तुला

आवश्यक कार्यों में प्रगति होगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।




### वृश्चिक

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।




### धनु

धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।




### मकर

अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा। परिवार में वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।



### कुंभ

व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए यात्रा संभव है। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



### मीन

परिवार में चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी।

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 328 प्रभात जयपुर, रविवार 3 जुलाई, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत
Metro
Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



**Jahangir was more interested in beer than East India Company**

The English state coach was also admired, but Jahangir had the slightly tatty Tudor interior trimmed showing off the skills of the Mughal kar-khana.

**Re-pigmentation In Vitiligo**

**Going The Natural Way**



*नन्हा, बेहद फुर्तीला, झाड़ियों पर चढ़ने में माहिर, डिबलर नाम का यह जीव मांसाहारी है और कीड़े, छिपकली व चिड़ियों को खाता है, लेकिन इसे फूलों का पराग भी बहुत पसंद है। भूरे सलेटी रंग के इन जीवों का फर बिखरा-बिखरा होता है, आंखों पर सफेद छल्ले इनकी विशिष्टता हैं। ये ऐसे क्षेत्रों में रहना पसंद करते हैं जहां बहुत सारी पत्तियों का कचरा जमीन पर जमा हो, क्योंकि पत्तियों में छुपकर ये परपक्षी जानवरों की नज़रों से बच जाते हैं। सुबह और शाम नज़र आने वाले डिबलर का अस्तित्व खतरे में है। इनके क्षेत्र में हो रहे परिवर्तनों की वजह से इनके प्राकृतिक आवास सिकुड़ते जा रहे हैं। जिसका मुख्य कारण है, जंगल की आग व पेड़ों की कटाई। इसके अलावा रोग व परभक्षी जीवों से भी इन्हें खतरा है। डिबलर छोटे मार्सूपिअल हैं। इन्हें बचाने के लिए पर्थ ज़ू ने मदद की है और डिपार्टमैंट ऑफ पार्क्स एण्ड वाइल्डलाइफ के नेटिव स्पीशीज़ ब्रीडिंग प्रोग्राम में इन्हें शामिल किया है। डिबलर को उन्नीसवीं सदी के आरम्भ में लुप्त मान लिया गया था। वर्ष 1967 में वैस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के दक्षिण में चेनी तट पर एक डिबलर का जोड़ा मिला था। उसके बाद दो अलग-अलग स्थानों पर उनके छोटे-छोटे समूह मिल चुके हैं। पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के साउथ वैस्ट तटवर्ती क्षेत्रों में और साउथ आस्ट्रेलिया के एयर प्रान्त में किसी समय ये बड़ी तादाद में मिलते थे।*

# मोदी चाहते हैं, कैप्टन अमरिन्दर सिंह अगले उप राष्ट्रपति बनें!

## एन.डी.ए. के उम्मीदवार का उप राष्ट्रपति बनना लगभग तय सा है, क्योंकि संसद के दोनों सदनों के सदस्य ही वोटर होते हैं तथा एन.डी.ए. का भी बहुमत है लोकसभा में जिससे विपक्ष के किसी उम्मीदवार के जीतने की उम्मीद बहुत कम है

- कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने लंदन से, जहां वे स्पाइनल सर्जरी के बाद स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं, अपने समर्थकों को, जिन्होंने कैप्टन साहब के साथ कांग्रेस से इस्तीफा दिया था, फोन करके कहा कि, उनके अगले सप्ताह भारत आगमन पर स्वागत की तैयारी करें।
- कैप्टन साहब ने गृह मंत्री अमित शाह को भी फोन करके, औपचारिक तरीके से उनको भाजपा जॉइन कराने की प्रक्रिया पूरी करने का संदेश दिया है।
- जैसा कि विदित ही है, पंजाब के विधानसभा चुनावों से पूर्व अमित शाह ने कैप्टन साहब को भाजपा में शामिल होने का ऑफर दिया था, परन्तु कैप्टन अमरिन्दर सिंह ने तब ऑफर स्वीकार नहीं किया था।
- पूर्व सांसद सुनील जाखड़, जो अमरिन्दर सिंह के नजदीक बताये जाते हैं, पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली 2 जुलाई। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह (80) ने अपने विश्वस्त दूतों के जरिये प्रधानमंत्री मोदी को यह संदेश पहुँचाना शुरु कर दिया है कि, वे भाजपा में शामिल होना चाहते हैं और पंजाब में पार्टी का नेतृत्व करना चाहते हैं। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि, मोदी के पास उनके लिये कोई अलग ही विचार एवं योजना है।

चंडीगढ़ से प्रकाशित दैनिक "द ट्रिब्यून" में शनिवार को यह रिपोर्ट प्रकाशित हुई है कि, मोदी अमरिंदर सिंह को उपराष्ट्रपति पद के लिये एन.डी.ए. प्रत्याशी बनाना चाहते हैं। ज्ञातव्य है कि, वर्तमान उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू का कार्यकाल अगस्त में पूरा हो रहा है। तथापि, यदि भाजपा ने नायडू को ही दूसरा कार्यकाल दे दिया, तो भी कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। उपराष्ट्रपति का चुनाव 6 अगस्त को होना है तथा एन.डी.ए. के उम्मीदवार की जीत पक्की है क्योंकि इस पद के चुनाव में संसद के दोनों सदनों के सांसद ही मतदान करते हैं तथा इस पद के लिये चुनाव लड़ने की संगठित विपक्ष की किसी भी कोशिश को विफल करने के लिये, भाजपा के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# भागवत जयपुर पहुँचे

- आर.एस.एस. के सरसंघचालक भागवत 10 जुलाई तक प्रदेश में रहेंगे।

जयपुर, 2 जुलाई (का.सं.)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत शनिवार सुबह शताब्दी एक्सप्रेस से जयपुर पहुंचे। रेलवे स्टेशन पर उत्तर-पश्चिम (राजस्थान) क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेश और क्षेत्र प्रचारक निंबाराम ने उनका स्वागत किया। भागवत स्टेशन से सीधे ही भारती भवन पहुंचे, जहां से वह भोजन व विश्राम कर दोपहर बाद चूरू के लिए रवाना हो गए। डॉ. भागवत शनिवार से 10 जुलाई तक राजस्थान के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह चूरू में रात्रि विश्राम करेंगे, 3 जुलाई को सुबह 9 बजे चूरू से रतनगढ़ पहुंचेंगे और सुबह 10 से 12 बजे तक रतनगढ़ के गोल्छा ज्ञान मंदिर में तेरापंथ संघ के आचार्य महाश्रमण से वार्ता करेंगे।

इसी प्रकार दोपहर 12 बजे रतनगढ़ से चूरू के लिए प्रस्थान कर चूरू में ही रात्रि विश्राम करेंगे। अगले दिन 4 से 10 जुलाई तक झुंझुनू में रहेंगे और अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक में शामिल होंगे। प्रांत प्रचारक मुख्य बैठक 7 से 9 जुलाई तक रहेगी। बैठक में देशभर के सभी प्रांत प्रचारक

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# कन्हैयालाल हत्याकाण्ड के आरोपी के भाजपा से कनैक्शन पर कांग्रेस आक्रामक

## भाजपा ने आरोपों से इंकार किया

- कांग्रेस का कहना है कि, हत्यारा रियाज़ अत्तारी, नेता प्रतिपक्ष कटारिया और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा नेताओं के साथ फोटो में नज़र आ रहा है।
- पवन खेड़ा बोले, क्या इन्हीं कारणों से घटना को जल्दबाजी में एनआईए को ट्रांसफर करने का फैसला किया है?
- कटारिया ने कहा, मैं या बीजेपी का कोई भी आदमी जुड़ा है या गलत है तो उसे सजा मिलनी चाहिए।

जयपुर / उदयपुर, 2 जुलाई (का.प्र.)। उदयपुर हत्याकांड के मुख्य आरोपी मोहम्मद रियाज अत्तारी का राजनीतिक कनैक्शन सामने आने के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर हमला बोला है। दरअसल अत्तारी की एक फोटो विधानसभा में भाजपा के नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया के साथ सामने आने पर कांग्रेस ने भाजपा पर सवाल उठाया है। इसके साथ ही भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़े एक कार्यकर्ता का एक पुराना पोस्ट भी सामने आया है। इसमें उसने रियाज को भाजपा कार्यकर्ता बताया जा रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा है कि उदयपुर में कन्हैयालाल मर्डर का मुख्य आरोपी बीजेपी कार्यकर्ता है, क्या इसी कारण केंद्र ने जल्दबाजी में एनआईए को जांच सौंपी? वहीं भाजपा ने अत्तारी के भाजपा कार्यकर्ता होने से इनकार किया है।

यह मामला तब सामने आया जब भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा से जुड़े उदयपुर के इरशाद चैनवाला और कार्यकर्ता मोहम्मद ताहिर के तीन साल पुराने एक सोशल मीडिया पोस्ट में रियाज दिख रहा है। एक फोटो में इरशाद चैनवाला रियाज को माला पहना रहे हैं। इस बारे में पूछे जाने पर इरशाद चैनवाला ने कहा कि रियाज मक्का-मदीना से उमरा करके लौटा था। तब माला पहनाकर उसका स्वागत किया गया था। चैनवाला ने कहा कि रियाज से उसे मोहम्मद ताहिर ने ही मिलवाया था। उसका रियाज से कोई कनैक्शन नहीं है। ताहिर पेशे से कैमरामैन एवं भाजपा समर्थक है। उसकी प्रोफाइल फोटो पर भाजपा की पगड़ी नजर आ रही है। इसी ताहिर ने अपनी पोस्ट में रियाज को भाजपा कार्यकर्ता भी बताया है।

ताहिर ने अपनी पोस्ट पर रियाज अत्तारी को भाजपा कार्यकर्ता बताते हुए लिखा है कि भाजपा "हर दिल अजीज हमारे भाई रियाज अत्तारी, भाजपा कार्यकर्ता का उमरा की जियारत से उदयपुर आने पर इस्तकबाल किया गया। अल्लाह, रियाज अत्तारी भाईजान की तमाम दुआओं को कबूल फरमाए, आमीन। "यह पोस्ट ताहिर के फेसबुक अकाउंट से 25 नवंबर 2019 को डाली गई है। इसमें ताहिर और चैनवाला और एक भाजपा नेता रियाज को माला पहनाते दिख रहे हैं। वहीं, ताहिर से जुड़े कई पोस्ट में रियाज अत्तारी नाम से फेसबुक अकाउंट मैंशन किया गया है। मगर वह अकाउंट डिलीट कर दिया गया है, और अब दिख नहीं रहा है। इसके अलावा ताहिर की 27 अक्टूबर 2019 की एक पोस्ट भी सामने आई है। इसमें

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'गहलोत की चिढ़'

- केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कहा, गहलोत को युवाओं से चिढ़ है, चाहे वे पार्टी में हों या विपक्ष में हों।
- मुख्यमंत्री के बयान पर केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री ने दोहा लिख पलटवार किया।

जयपुर, 2 जुलाई (का.सं.)। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उनको लेकर दिए बयान पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर एक दोहे के माध्यम से पलटवार किया-"बोली एक अनमोल है, जो कोई बोलै जानि। हिये तराजू तौलि के, तब मुख बाहर आनि। "केंद्रीय मंत्री ने कहा कि" गहलोत जी की जुबां में मेरे लिए तो बुरा ही बुरा है। हर बार लगता है, वे इससे बुरा न कहेंगे, लेकिन अगली बार पहले से ज्यादा बुरा कह जाते हैं।

विष वमन इसे ही कहते हैं। शायद जोधपुर की जनता का लोकसभा चुनाव में मुझे दिया प्रचंड आशीर्वाद वो आज तक पचा नहीं पा रहे हैं।" शनिवार को जारी बयान में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि"

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'मुम्बई-अहमदाबाद हाई-स्पीड कॉरीडोर व मैट्रो प्रोजैक्ट अविलम्ब पूरे करें'

## नई शिन्दे सरकार पर भारी दबाव बनना शुरू हुआ, रूके हुए प्रोजैक्ट पूरे करने के लिये

- अब तक केन्द्रीय सरकार के पास "बहाना" था कि, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में एम.वी.ए. सरकार, केन्द्रीय सरकार के महत्वकांक्षी प्रोजैक्ट्स को पूरा करने के रास्ते में अनावश्यक रोड़े अटका रही है।
- इसी प्रकार फड़नविस सरकार ने 12 मैट्रो लाइन्स चालू करने के लिये एक लाख करोड़ रूपये के प्रोजैक्ट की घोषणा की थी। पर यह प्रोजैक्ट रूका पड़ा था, इन मैट्रो ट्रेन्स के लिये मैट्रो शैड न होने के कारण। पर, इस मैट्रो शैड के प्रोजैक्ट को एम.वी.ए. सरकार ने ठण्डे बस्ते में डाल दिया था, क्योंकि आरे मिल्क कॉलोनी की भूमि पर शैड बनाने पर पर्यावरण प्रेमियों ने आपत्ति की थी।
- अतः अब नई शिन्दे सरकार आने के बावजूद विलम्बित प्रोजैक्ट्स में असाधारण गति आना संभव नहीं लगता।

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली 2 जुलाई। सरकार बदलने के साथ ही, महाराष्ट्र की एकनाथ शिंदे सरकार पर बहुत बड़ा दबाव आ गया है कि, वे लम्बित पड़े रेल एवं मैट्रो प्रोजैक्टों की क्रियान्विति शुरु करें, जिनमें प्रधानमंत्री का पैट प्रोजैक्ट, मुम्बई-अहमदाबाद हाई-स्पीड कॉरिडोर का निर्माण भी शामिल है। अभी तक, भाजपा की यह शिकायत थी कि, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली एम.वी.ए. सरकार इस प्रोजैक्ट के क्रियान्वयन के काम में बाधा बन रही है।

किन्तु यह संभव नहीं है कि, सरकार बदलते ही मुम्बई के परिवहन के प्रोजैक्ट तेजी से शुरु हो जायें, क्योंकि उनमें कानूनी पेचीदगियों के साथ-साथ प्रशासनिक एवं सामाजिक मुद्दे भी आड़े आयेंगे। इधर, शिंदे सरकार ने ठाकरे सरकार के फैसले को पलटते हुए, प्रस्तावित मैट्रो शैड को, आरे मिल्क कॉलोनी एरिया में बनाने की पूर्व योजना को बहाल करने का निर्णय ले लिया है। लेकिन इस योजना के क्रियान्वयन में पर्यावरणविदों तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं की ओर से होने वाले विरोध के कारण बाधाएं आयेंगी।

राज्य की संवेदनशील राजनैतिक स्थिति को देखते हुये, शिंदे सरकार के लिये उन योजनाओं को आगे बढ़ाना मुश्किल होगा, जिन्हें अलोकप्रिय माना जा रहा है। पूर्ववर्ती देवेन्द्र फड़नवीस सरकार ने 12 मैट्रो लाइन्स चालू करने के लिए एक लाख करोड़ रू. की लागत के मैट्रो प्रोजैक्टों की घोषणा की थी, लेकिन ये प्रोजैक्ट बिल्कुल भी आगे नहीं बढ़े हैं। इस समय स्थिति यह है कि, केवल एक मैट्रो लाइन पर एक छोटे से टुकड़े का ही वाणिज्यिक कार्य के लिये संचालन हो रहा है। मैट्रो-शैड के निर्माण में हुये विलम्ब के कारण, मैट्रो प्रोजैक्टों में दो साल से ज्यादा देरी हो चुकी है।

इसी प्रकार, महाराष्ट्र में बुलैट ट्रेन प्रोजैक्ट भी रुका हुआ है क्योंकि इस प्रोजैक्ट की संशोधित लागत को लेकर भारतीय तथा जापानी सरकार को जो निर्णय लेना है वह अभी लम्बित है। इसी कारण, पानी के अंदर 7 किमी लम्बी रेल लिंक के निर्माण का चुनौतीपूर्ण काम अभी शुरु नहीं हुआ है। शिंदे सरकार पर ब्रांदा कुर्ला कॉम्प्लेक्स पर महाराष्ट्र सरकार की जमीन को छोड़ देने के लिये भी दबाव पड़ेगा। ठाकरे सरकार ऐसा करने के लिये राजी नहीं थी, क्योंकि

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# अमरावती में उदयपुर जैसी घटना?

- गत 21 जून को महाराष्ट्र के अमरावती शहर में हुये इस हत्याकाण्ड की भी जांच एन.आई.ए. को सौंपी गई।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 जुलाई। गृह मंत्रालय ने अमरावती के कैमिस्ट उमेश प्रहलाद राव कोल्हे की गत 21 जून को हुई हत्या से संबंधित जांच शनिवार को नैशनल इन्वैस्टिगेशन एजेंसी (एन.आई.ए.) के सुपुर्द कर दी।

मंत्रालय ने ट्विटर पर कहा कि "महाराष्ट्र के अमरावती शहर में 21 जून को उमेश कोल्हे की हुई नृशंस हत्या के केस की जांच एन.आई.ए. को सौंप दी गई है। हत्या के लिए रचे गए षड्यंत्र, इस हत्याकाण्ड में संगठनों की भूमिका और अन्तर्राष्ट्रीय कड़ियों की गहन जांच की जाएगी।"

# सैनफ्रांसिस्को में प्रवासी भारतीयों के सम्मान समारोह में मुख्य न्यायाधीश ने फिर भाजपा की राजनीति पर "हल्ला बोला"

## मु.न्यायाधीश रमन्ना ने परोक्ष रूप से भाजपा को संकेत करके कहा, सब को साथ लेकर न चलने की प्रवृत्ति, संकट व आपदा को खुला आमंत्रण है

- न्यायाधीश रमन्ना ने अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा, अमेरिका समाज में विविधता को पहचानता है और सम्मान करता है, इसीलिये विश्व की सबसे श्रेष्ठ प्रतिभा को आकर्षित करता है और इन प्रतिभाओं का अमेरिका की समृद्धि व सम्पन्नता में भारी योगदान है।
- न्यायाधीश रमन्ना ने कहा, भारत में हर पार्टी, जो सत्ता में होती है, चाहती है, ज्युडिशियरी (न्याय पालिका) उसके हर निर्णय व कृत्य पर अपनी मोहर लगाये।
- उन्होंने कहा, विपक्ष में बैठे राजनीतिक दल चाहते हैं, ज्युडिशियरी उनके एजेण्डा, राजनीतिक सोच व लक्ष्यों को आगे ले जाये।
- "जब ऐसा नहीं होता तब, ज्युडिशियरी, जो अब एक मात्र निष्पक्ष व स्वतंत्र संस्था बची है देश के प्रजातंत्र में, उसको कमजोर करने के भरसक प्रयास होते हैं।"
- देश में इतनी प्रतिद्वन्दात्मक राजनीति है कि, नयी सरकार निवर्तमान सरकार की सभी नीतियों व वादों को तोड़ने-मरोड़ने में लग जाती है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली 2 जुलाई। सत्तारूढ़ भाजपा का नाम लिये बिना, उसकी नीतियों पर सनसनीखेज हमला करते हुये, भारत के मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमना ने शनिवार को कहा कि, 21वीं सदी में विघटनकारी, संकीर्ण, असहिष्णु तथा सबको साथ लेकर न चलने (नॉन-इन्क्लूसिव) वाले राजनैतिक तौर-तरीके की कोई गुंजाइश नहीं है।

न्यायमूर्ति रमना, जिनके कार्यकाल के आठ सप्ताह शेष हैं क्योंकि वे 26 अगस्त को सेवानिवृत्त हो जायेंगे, ने ये दो टूक टिप्पणियाँ कैलिफोर्निया के सैन फ्रांसिस्को नगर में एसोसिएशन ऑफ इन्डो अमेरिकन्स द्वारा उनके सम्मान में आयोजित समारोह को संबोधित करते समय कीं।

उन्होंने भारत में घात लगाए बैठे विनाश के सुनिश्चित नुस्खे का जिक्र किया तथा कहा, इसका कारण यह है कि, भारत के लोगों को संविधान तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं के काम करने की सही समझ नहीं है।

उन्होंने कहा, "21वीं सदी में, हम तुच्छ, संकीर्ण तथा विभाजनकारी मुद्दों को यह अनुमति नहीं दे सकते कि, वे मानवीय तथा सामाजिक रिश्तों को निर्देशित करें। हमें सभी विघटनकारी बातों से ऊपर उठकर, मानवीय विकास पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। सबको साथ लेकर न चलने का तौर-तरीका विनाश को आमंत्रण देता है।"

उन्होंने कहा: "समावेशी सिद्धांत सार्वभौमिक एवं सार्वकालिक है। भारत सहित, दुनिया में हर जगह इसे सम्मान दिये जाने की जरूरत है। समावेशिता से समाज की एकता मजबूत होती है, जो शांति एवं तरक्की की कुंजी है। हमें ऐसे बिन्दुओं पर ध्यान देने की जरूरत है, जो हमें संगठित रख सकें, ना कि उन पर जो हमें बाँटते हैं।"

सी.जे.आई. के इस बयान को शुक्रवार को दो जजों की अवकाशकालीन बैंच की प्रतिक्रिया के संदर्भ में पढ़ा जाना चाहिये। उल्लेखनीय है कि, शुक्रवार को ये दोनों जज निलम्बित भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा पर जबरदस्त बरसे थे तथा उन्हें देश में साम्प्रदायिक उपद्रव पैदा करने का जिम्मेदार माना था तथा साथ ही यह भी कहा था कि, उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई क्योंकि उन्हें सरकार का संरक्षण प्राप्त है।

सी.जे.आई. ने कहा कि, इस समय भारत में केवल विभाजनकारी, संकीर्ण, असहिष्णु तथा गैर-समावेशी बयानों का शासन है। सी.जे.आई. रमना ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करने के संगठित प्रयासों पर दुख व्यक्त किया तथा कहा, "आम जनता में जबरदस्त रूप से पैदा किया जा रहा अज्ञान ही ऐसी ताकतों की सहायता के

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# विधायक दल की बैठक

- प्रदेश कांग्रेस एवं उसके समर्थक विधायक पांच जुलाई को मीटिंग करेंगे।

जयपुर, 2 जुलाई (का.प्र.)। राष्ट्रपति चुनाव को लेकर कांग्रेस समर्थित दल और सरकार का समर्थन करने वाले विधायकों की बैठक 5 जुलाई को जयपुर के होटल क्लार्क आमेर में रखी गई है। बैठक में विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार यशवंत सिन्हा भी मौजूद रहेंगे। बैठक सांय सात बजे होगी।

# उदयपुर हत्याकांड के किसी भी आरोपी का भाजपा कार्यकर्ता के साथ कोई संबंध नहीं : एम. सादिक

## 'बेगुनाह मोर्चा कार्यकर्ताओं को राज्य सरकार फंसाने की कोशिश न करे'

- कन्हैया लाल ने जान की धमकी मिलने के बाद जब पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई तो क्यों नहीं इतने दिनों तक पुलिस प्रशासन और राज्य सरकार ने सुरक्षा नहीं दी, क्या राज्य सरकार इस वारदात का इंतजार कर रही थी? : हुसैन खान
- उदयपुर में रियाज का जो फोटो भाजपा नेताओं के साथ वायरल हुआ है, इस तरीके की फोटो आप किसी नेता के साथ या किसी भी सेलेब्रिटी के साथ खड़े होकर खिंचवा सकते हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि वो हमारी पार्टी का मेम्बर है : हमीद खान

**जयपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एम. सादिक खान ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि उदयपुर में कन्हैयालाल हत्याकांड की हम कड़ी भर्त्सना एवं निंदा करते हैं, ऐसे जघन्य अपराध किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि, न तो हमारे देश में और न ही इस्लाम मजहब में इस तरह के किसी अपराध की इजाजत दी गई है बल्कि पैगम्बर हजरत मोहम्म्द ने तो एक छोटे से जीव चींटी को भी मारने के लिए मना फरमाया है तो हम फिर कैसे किसी निहत्थे को मार सकते हैं, उदयपुर ही घटना राज्य सरकार व प्रशासन का पूर्णतया फैल्योर है, जहां तक किसी कार्यकर्ता की बड़े नेताओं के साथ फोटो खिंचाने का मसला है तो कोई भी कार्यकर्ता किसी के साथ फोटो खिंचवा सकता है। इसका मतलब यह नहीं है कि उसका पार्टी से कोई संबंध है। उदयपुर हत्याकांड के किसी भी आरोपी का हमारे किसी भी कार्यकर्ता के साथ कोई संबंध नहीं है और जो फोटो वायरल बताया जा रहा है उसका हमारे मोर्चे से कोई संबंध नहीं है। हमारी न्यायपालिका से यह गुजारिश है कि इस मामले में जल्द-जल्द फैसला सुनाए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

अल्पसंख्यक मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान ने कहा कि कांग्रेस सरकार के शासन में अब तक की सबसे बिगड़ी हुई कानून व्यवस्था है, कन्हैया लाल ने जान की धमकी मिलने के बाद जब पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई तो क्यों नहीं इतने दिनों तक पुलिस प्रशासन और राज्य सरकार ने सुरक्षा नहीं दी, क्या राज्य सरकार इस वारदात का इंतजार कर रही थी? इससे यह स्पष्ट होता है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के लिए जन सुरक्षा के बजाए अपनी कुर्सी बचाना ही एकमात्र प्राथमिकता बची है।

उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी राष्ट्रवाद के विचार के साथ मजबूती से खड़ी है एवं आतंकवाद एवं राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के सख्त खिलाफ हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल एवं मजबूत नेतृत्व में केन्द्र सरकार हर आतंकवादी गतिविधियों का मुंहतोड़ जवाब दे रही है और देती रहेगी क्योंकि राष्ट्रीय एवं जन सुरक्षा हमारे लिए सर्वोपरि है।

अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश महामंत्री हमीद खान ने कहा कि, उदयपुर में जो रियाज का जो फोटो भाजपा नेताओं के साथ वायरल हुआ है, इस तरीके की फोटो आप किसी नेता के साथ या किसी भी सेलेब्रिटी के साथ खडे होकर खिंचवा सकते हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि वो हमारी पार्टी का मेम्बर है, उसका पार्टी में कोई भी सदस्यता का प्रमाण नहीं है और न किसी बूथ, मंडल व जिला टीम में कभी सदस्य नहीं रहा है। यह पार्टी को बदनाम करने के लिए साजिश रची गयी है। चूंकि यह अशोक गहलोत सरकार का फैल्योर है, मैं गहलोत सरकार से गुजारिश करता हूं कि अभी भी वक्त है अपना पद छोड़ दीजिए और राजस्थान की जनता पर रहम कीजिए और अपना इस्तीफा दे दीजिए और कन्हैयालाल हत्याकांड के सभी आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिले और हत्यारों को फांसी हो, पीड़ित परिवार की सभी मांगे राज्य सरकार पूरी करें और किसी बेगुनाह कार्यकर्ता को न फंसाए। इस दौरान प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया संयोजक पंकज जोशी मौजूद रहे।

# बीमा और चिकित्सा क्षेत्र में सहकारिता विभाग कार्य करें : मुक्तानंद अग्रवाल




**रजिस्ट्रार सहकारिता मुक्तानंद अग्रवाल ने शनिवार को 100वें अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर अपेक्स बैंक परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड बैज्जू एन पूरप, प्रबंध निदेशक राजफैड उर्मिला राजोरिया व प्रबंध निदेशक अपेक्स बैंक बिजेन्द्र राजोरिया सहित अन्य लोग मौजूद थे।**

- सतत एवं स्थायी विकास के लिए सहकारिता है बेहतर मॉडल : बैज्जू एन. पूरप

**जयपुर, (का.सं.)।** रजिस्ट्रार सहकारिता मुक्तानंद अग्रवाल ने कहा कि सहकारिता व्यापक संभावनाओं वाला क्षेत्र है। बीमा और चिकित्सा क्षेत्र में सहकारिता को कार्य करना चाहिए, ताकि सभी लोगों को इसका लाभ मिल सके। सहकारिता की शक्ति उनके सदस्यों से है। जब तक लोकतांत्रिक पद्धति सहकारिता में रहेगी इसका ढांचा मजबूत होता रहेगा। भविष्य में सहकारिता और श्रेष्ठता की ओर जाएगी। उन्होंने कहा कि सहकारिता नवाचार एवं नए क्षेत्रों में कार्य कर लोगों के जीवन में बदलाव लाएंगी।

अग्रवाल शनिवार को 100वें अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस पर अपेक्स बैंक परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति के विकास के लिए सरकार और निजी क्षेत्र के कार्य करने के बावजूद भी एक रिक्तता रहती है, इसके लिए सहकारिता एक बेहतर माध्यम है। गरीब की आर्थिक उन्नित का सबसे सरल रास्ता सहकारिता है। उन्होंने कहा कि आज सहकारिता के क्षेत्र में इफको और अमूल की गुणवत्ता एवं उनकी सेवाओं को सभी लोग पहचानते हैं।

मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड बैज्जू एन पूरप ने कहा कि ग्राम सेवा सहकारी समितियां के सुदृढ़ होने पर ही सहकारिता भी मजबूत होगी। समय के साथ तकनीकी अपग्रेडेशन होना जरूरी है। उन्होंने डोर स्टेप बैंकिंग पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियों में स्थायित्व तभी आएगा जब परम्परागत कार्यों के साथ अन्य कार्यों पर भी फोकस किया जाए। उन्होंने तमिलनाडु, असम एवं केरल के सहकारिता के ढांचे से अवगत कराते हुए कहा कि केरल सहकारिता के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहा है एवं वहां पैक्स का 200 करोड़ रुपये तक का टर्न ओवर है। उन्होंने सतत एवं स्थायी विकास के लिए सहकारिता को बेहतर मॉडल बताते हुए कहा कि देश के आर्थिक विकास में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है।

कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रबंध निदेशक राजफैड उर्मिला राजोरिया ने कहा कि राजफैड किसानों के हित में कार्य करता है, किसान हमेशा जोखिम उठाकर अपने कार्य को अंजाम देता है। कोविड के दौरान सहकारिता ने अपनी भूमिका निभाते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की गई खरीद का किसानों को 3 से 4 दिवस में भुगतान किया। सहकारिता एक ऐसी कड़ी है जो बंधन में जुड़े व्यक्ति का सामाजिक एवं आर्थिक स्तर मजबूत करता है एवं विकास की राह में शामिल करता है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के द्वारा योजनाओं को अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति तक आसानी से पहुंचाया जा सकता है।

प्रबंध निदेशक अपेक्स बैंक बिजेन्द्र राजोरिया ने अपने स्वागत उद्बोधन में अपेक्स बैंक विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में बताते हुए कहा कि सहकारिता से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का स्तर ऊंचा उठाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर पावटा के जीएसएस के अध्यक्ष राजेन्द्र पारीक, शाहपुरा केवीएसएस के अध्यक्ष सुगन चंद, पलसाना जीएसएस के व्यवस्थापक महादेव सिंह एवं मनोहरपुरा जीएसएएस के खेमचंद ने भी विचार व्यक्त किए।

# कन्हैयालाल साहू की हत्यारों को सजा दिलाने के लिए जयपुर में आज होगा बड़ा प्रदर्शन

- हिंदू संगठनों की ओर से स्टेच्यू सर्किल पर होगा हनुमान चालीसा का पाठ
- जयपुर में 3 जुलाई तक इंटरनेट बंद; शहर में चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी, ड्रोन से होगी निगरानी

**जयपुर (कासं)।** उदयपुर में टेलर कन्हैयालाल साहू की निर्मम हत्या का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए रविवार को जयपुर में बड़ा विरोध-प्रदर्शन होगा। जिसमें करीब 1 लाख से ज्यादा लोगों के जुटने की संभावना जताई जा रही है। हिंदू संगठनों की ओर से स्टैच्यू सर्किल पर सुबह 10 बजे हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के साथ कई सामाजिक और धार्मिक संगठन से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। दूसरी तरफ इस विरोध प्रदर्शन के चलते पुलिस-प्रशासन ने जयपुर में 3 जुलाई शाम 5:30 तक इंटरनेट बंद कर दिया गया है। जगह-जगह भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। ड्रोन से निगरानी होगी।

ज्ञात रहे कि गत 28 जून को दोपहर में उदयपुर के धान मंडी क्षेत्र में 2 बदमाशों ने टेलर कन्हैयालाल की गला काटकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद से ही राजस्थान में नेट बंद करने के साथ ही धारा-144 लागू कर दी गई। दूसरी तरफ कन्हैया के हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए हिंदू समाज में आक्रोश छाया हुआ है। इससे पहले 30 जून को भी राजधानी जयपुर में मृतक कन्हैयालाल के समर्थन में बंद का आव्हान किया गया था। जिसे हिंदू संगठनों के साथ सामाजिक संगठन और भारतीय जनता पार्टी ने भी समर्थन दिया था। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा शहर की सड़कों पर कन्हैया के समर्थन में विरोध मार्च करते नजर आए थे। ऐसे में 3 जुलाई को होने वाले प्रदर्शन से पहले पुलिस प्रशासन पूरी तरह से एक्टिव हो गया है। ऐसे में प्रदर्शनकारियों के रूट में भी परिवर्तन किया गया है। पहले जहां हिंदू संगठनों द्वारा बड़ी चौपड़ से सांगानेरी गेट तक विरोध मार्च निकाल हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन किया जाना था। अब यह कार्यक्रम स्टेच्यू सर्किल पर आयोजित होगा।

## बाल श्रम कराने वाले अभियुक्त को कारावास

**जयपुर, (का.सं.)।** पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-3 महानगर प्रथम ने बच्चों से जबरन बाल श्रम कराने वाले अभियुक्त मोहम्मद तौफीक को पन्द्रह साल की कठोर सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 85 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने कहा कि जुर्माना राशि जमा होने पर दोनों पीड़ित बच्चों को चालीस-चालीस हजार रुपए दिए जाए।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रचना मान ने अदालत को बताया कि मानव तस्करी निरोधक यूनिट की सूचना पर झोटवाड़ा थाना पुलिस ने एक फरवरी 2018 को मदीना कॉलोनी स्थित मकान में दबिश दी थी।

# रीट परीक्षा में सरकारी कार्मिक ही लगाए जाएंगे : सीएस



**मुख्य सचिव उषा शर्मा ने शनिवार को शासन सचिवालय में रीट परीक्षा-2022 के आयोजन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव पवन गोयल, तकनीकी एवं उच्च शिक्षा के शासन सचिव भवानी सिंह देथा, गृह विभाग के शासन सचिव वी.सरवन कुमार, अतिरिक्त महानिदेशक एटीएस एवं एसओजी अशोक राठौड़, एडीजी लॉ एण्ड ऑर्डर हवा सिंह घुमरिया सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।**

**जयपुर, (का.सं.)।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि रीट परीक्षा- 2022 के सफल आयोजन के लिए परीक्षा व्यवस्था, प्रश्न पत्रों, ओएमआर शीट, परीक्षा केन्द्रों, स्ट्रांग रूम, संग्रहण केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था उच्च स्तरीय होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा आयोजन के हर स्तर पर केवल सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को ही नियोजित किया जाए और सारी सुरक्षा व्यवस्थाएं चुनावों में की जाने वाली व्यवस्था के समान हो।

शर्मा शनिवार को शासन सचिवालय में रीट परीक्षा-2022 के आयोजन के सम्बंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। मुख्य सचिव ने कहा कि इस बार रीट परीक्षा का आयोजन जिला मुख्यालयों पर ही करवाया जाएगा। साथ ही पूरी परीक्षा व्यवस्था के दौरान केवल सरकारी कार्मिकों को ही नियोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्र के लिए इस बार सरकारी भवनों को प्राथमिकता दी गई है। इसके अतिरिक्त उन्हीं परीक्षा केन्द्रों का चुनाव किया जाएगा जहां राजस्थान लोक सेवा आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं पूर्व में आयोजित हो चुकी हैं।

मुख्य सचिव ने जिला कलेक्टरों व पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया कि प्रश्न पत्रों के लिए स्ट्रांग रूम व संग्रहण केन्द्रों पर 24 घंटे सीसीटीवी व सुरक्षाकर्मियों से कडी निगरानी रखी जाए। उन्होंने परीक्षा केन्द्रो और प्रत्येक परीक्षा कक्ष की सीसीटीवी से मॉनिटरिंग किए जाने के निर्देश भी दिए। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए वीडियोग्राफी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार चुनावों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की जाती है, वैसी ही व्यवस्था रीट परीक्षा में करवाई जाए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन परीक्षा के सफल आयोजन के लिए सभी व्यवस्थाएं पहले ही सुनिश्चित कर लें।

मुख्य सचिव ने कहा कि परीक्षार्थियों को अन्तर-जिला व अंतर्राज्यीय आवागमन में कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए।

## डीएमएफटी फंड से होने वाले विकास कार्यों की गुणवत्ता तय होगी : सुबोध अग्रवाल

**जयपुर, (का.सं.)।** डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट के माध्यम से कराए जाने वाले कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए माइंस विभाग द्वारा ठोस कदम उठाने का निर्णय किया गया है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम डॉ. सुबोध अग्रवाल ने बताया कि डीएमएफटी फण्ड से विभिन्न संस्थाओं द्वारा कराए जाने वाले कार्यों की गुणवत्ता की जांच स्वतंत्र थर्ड पार्टी से कराने और थर्ड पार्टी को उसके कार्यों के भुगतान के संबंध में नियमों के प्रावधानों का विश्लेषण कर इस संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए उपसचिव माइंस प्रथम नीतू बारुपाल की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। समिति के अन्य सदस्यों में अतिरिक्त निदेशक प्रशासन हर्ष सावनसुखा व वित्तीय सलाहकार गिरिश कछारा को सदस्य बनाया गया है। समिति 15 दिवस में रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगी।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट में औसतन प्रतिमाह सौ करोड़ रुपये की राशि एकत्रित होती है। उन्होंने बताया कि यह कार्य संबंधित विभागों द्वारा कराया जाता है व जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तर पर गठित कमेटी द्वारा इस व्यय के लिए राशि स्वीकृत की जाती है।

## रिश्वत मामले में आबकारी सिपाही को सजा

**जयपुर।** एसीबी मामलों की विशेष अदालत ने किराना व्यवसायी से मासिक बंधी लेने के मामले में आबकारी विभाग, झुंझुनूं के तत्कालीन सिपाही ब्रह्मानंद जाट को चार साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। वहीं अदालत ने प्रकरण में विभाग के जमादार अमीलाल और एक अन्य सिपाही बहादुर सिंह को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया कि 27 जनवरी 2014 को सत्येन्द्र सिंह ने एसीबी में शिकायत दी थी। जिसमें कहा गया कि वह गांव में किराने की दुकान करता है। अभियुक्त ने एक दिन पहले आकर उससे मासिक तीन हजार रूपए बंधी के तौर पर मांगे। जब उसने रुपए देने से मना किया तो उसे आबकारी के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी गई।

**खोया पाया**

मेरा मकान 4JHA8 हाउसिंग बोर्ड शास्त्रीनगर जयपुर के मूल दस्तावेज, अलोटमेन्ट लेटर पंजीयन लेटर, डिक्लीयरेशन कहीं गिर गये। मिले तो सम्पर्क करें- 8504855899

**NAME CHANGE**

I have changed my name from Mukesh Chand Gupta to Mukesh Kumar Gupta S/o Ram Kishan Gupta R/o Parashar Colony, Mahwa, Dausa, Raj.

I have changed my name from Jeetendra Singhal to Jitendra Singhal S/o Rajendra Singhal R/o Vivekanand Colony, Mahwa, Dausa, Raj.

I have changed my name from Ajay Kumar Goyal to Ajay Goyal S/o Shankar Lal Agarwal R/o Flat No. A3/301 Jeevan Anand Building, Sector- 2, Vidyadhar Nagar, Jaipur, Raj.

I Army No. 2658472 Ex Hav Bansi Lal S/o Kamwar Pal Gujar R/o Village Uprida Post Baswa Teh. Baswa. Dist Jaipur have changed my wife name from KOSILA ( DOB 8 Mar. 1953) is wrong entered in my service documents KAUSHALYA DEVI (DOB 1-1-1953) vide affidavit dated 7 June 2022 before District Court Jaipur.

# सतत विकास के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए वार्ड पंचों को उचित प्रशिक्षण जरूरी : नवीन जैन

- पंचायती राज विभाग के शासन सचिव ने अधिकारियों को सरल एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण सामग्री तैयार करने के दिए निर्देश

**जयपुर, (का.सं.)।** पंचायती राज विभाग के माध्यम से सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रदेशभर में वार्ड पंचों को सही प्रशिक्षण प्रदान कर इस मुहीम से जोड़ना जरूरी है। इसके लिए सतत विकास की सभी थीम को समाहित करती सरल, सुबोध और व्यावहारिक प्रशिक्षण सामग्री तैयार की जानी चाहिए।

पंचायती राज विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने पंचायती राज संस्थाओं के माध्यम से सतत विकास के लक्ष्यों के स्थानीयकरण के लिए रोड मैप और ड्राफ्ट प्लान तैयार के सम्बन्ध में शनिवार को शासन सचिवालय में हुए एक सेशन के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि वार्ड पंचों को उनके कार्यक्षेत्र में विभिन्न विभागों से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियां प्रशिक्षण के माध्यम से प्रदान कर सशक्त बनाया जाना चाहिए।

सैशन के दौरान प्रारम्भिक रूप से ऐसे 22 विषय बिन्दु चुने गए जिनके सम्बन्ध में प्रदेश के एक लाख से भी अधिक वार्ड पंचों को जानकारी प्रदान कर सतत विकास की थीम्स एवं राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है। सैशन के दौरान वार्ड पंचों के प्रशिक्षण के लिए स्वस्थ ग्राम, गरीबी मुक्त एवं रोजगार सम्पन्न ग्राम, जल पर्याप्त ग्राम, चाइल्ड फ्रेंडली ग्राम, सामाजिक सुरक्षित ग्राम, क्लीन और ग्रीन विलेज, विलेज विद गुड गवर्नेंस, पर्याप्त इन्फ्रास्ट्रक्चर ग्राम जैसी सतत विकास लक्ष्यों की थीम्स से जुड़े कई विषयों पर विचार किया गया।

इनमें पंचायती राज संस्थाओं में वार्ड पंच की भूमिका, उनके अधिकार, दायित्व, वार्ड क्षेत्र का प्रोफाइल तैयार करना, भूमि का आवंटन एवं उसमें पटवारी की भूमिका, सोशल सिक्योरिटी योजनाओं, सामान्य विधिक अधिकार, एफआईआर, गिरफ्तारी के दौरान व्यक्ति के अधिकार, विधिक सहायता, नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राजीविका जैसी योजनाओं, बैंक अकाउण्ट ओपनिंग, डिजिटल पेमेंट सुरक्षा जैसी कुछ वित्तीय जानकारियां वार्ड पंचों को दिये जाने, जल प्रबन्धन, मौसमी बीमारियों, नशामुक्ति, टीकाकरण एवं अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी, ऊर्जा एवं ईंधन का संरक्षण, सफाई एवं सेनिटेशन, महिला सुरक्षा, महिला सशक्तीकरण, जनाधार एवं अन्य विभिन्न प्रमाणपत्रों के निर्माण, ई-मित्र के कार्य एवं उसकी दरें आदि विषयों पर वार्ड पंचों के लिए प्रशिक्षण कन्टेंट तैयार किए जाने पर विचार किया गया।

## राज्यपाल ने एस्ट्रो ओम ऐप का लोकार्पण किया


**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रणव पारीक द्वारा यज्ञ फाउंडेशन के लिए तैयार 'एस्ट्रो ओम' ऐप का शनिवार को यहां राजभवन में लोकार्पण किया। इस ऐप पर ज्योतिष, यज्ञ, पूजन, योग, प्राकृतिक चिकित्सा की जानकारी और इनसे जुड़ी ऑनलाइन सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस दौरान संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अतिरिक्त निदेशक गोविंद पारीक उपस्थित रहे।

**नम्बर मिलाइए**
**9587884433**



**सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।**

# 2023 में भाजपा की सरकार बनते ही उद्योगों की मजबूती के लिए और सहूलियतें लागू करेंगे : सतीश पूनिया



**तेलंगाना में राजस्थानी प्रवासी संघ ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया का स्वागत किया।**

- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पूनिया ने हैदराबाद में प्रवासी राजस्थानियों को संबोधित किया
- 'राजस्थान में भाजपा के विजय संकल्प 2023 को प्रवासी भाई-बहनों व राजस्थान की जनता के आशीर्वाद से अवश्य पूर्ण करेंगे'

**हैदराबाद/जयपुर।** राजस्थानी प्रवासी संघ, तेलंगाना द्वारा हैदराबाद में आयोजित प्रवासी सम्मेलन में राजस्थान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी इत्यादि का प्रवासी राजस्थानियों द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया।

भाजपा राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में शामिल होने हैदराबाद पहुंचे डॉ. पूनिया ने प्रवासी राजस्थानियों को संबोधित करते हुए आहवान किया कि, हमें खुशी है कि आप तेलंगाना के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं, साथ ही आपसे निवेदन है कि राजस्थान के विकास में भी आप निरंतर योगदान देते रहें, 2023 में भाजपा की सरकार बनते ही उद्योगों की मजबूती के लिए जो भी सहूलियतों की जरूरत होगी, उन्हें भाजपा सरकार आपके हित में पूरा करेगी। उन्होंने प्रवासियों से आव्हान किया कि, आप अपनी कर्मभूमि तेलंगाना में कमल खिलाएँ, हम आपको विश्वास दिलाते हैं, आपकी जन्मभूमि राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं केन्द्र की जन-कल्याणकारी योजनाओं से पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनाएंगे। राजस्थान में भाजपा के विजय संकल्प 2023 को आप सभी प्रवासी भाई-बहनों व राजस्थान की जनता के आशीर्वाद एवं सहयोग से अवश्य पूर्ण करेंगे।

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम-10, सांगानेर, जयपुर प्रथम
जमवारामगढ नवभारत गृह निर्माण सहकारी समिति विरूद्ध भौरी लाल व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र 97/2022
प्रार्थना-पत्र संख्या.... सन्

नाम प्रमोद अग्रवाल पुत्र माधोलाल अग्रवाल जाति महाजन पता 26, गोविन्द नगर, झोटवाडा, जयपुर (राज.) हाल मंत्री जमवारामगढ नवभारत गृह निर्माण सहकारी समिति

उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न है।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 5 माह 7 सन 22 को 10.00 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।

यह आज ता. 28 माह 6 सन 22 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

दिनांक 28/6/22
शरिस्तेदार
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या 10, जयपुर महानगर प्रथम न्यायालय सांगानेर
मोहर

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
समक्ष सिविल न्यायाधीश, (पश्चिम), जयपुर महानगर द्वितीय, जयपुर

स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया
विरुद्ध
मैसर्स वनीशा फोटो स्टूटियो एवं अन्य
वाद बाबत वसूली 1,91,533.00/- रुपये
वाद संख्या 173 सन् 2020

बनाम

1. मैसर्स वनीशा फोटो स्टूटियों, कार्यालय पताः- दुकान संख्या 288, किशन बाग, खण्डेलवाल टॉवर के पास, नया खेड़ा, अम्बाबाड़ी, जयपुर-302039 एवं मकान संख्या 246, किशन बाग, खण्डेलवाल टॉवर के पास, नया खेड़ा, अम्बाबाडी, जयपुर-302039 एवं मकान संख्या 388 किशन बाग, टी.पी.एस. स्कूल के पास, नया खेड़ा, अम्बाबाड़ी, जयपुर-302039 एवं ग्राम एवं पोस्ट पचलंगी, तहसील उदयपुरवाटी, जिला झुन्झुनू जरिये प्रोपराईटर श्री पुरुषोत्तम जांगिड़।
2. पुरूषोत्तम जांगिड़ पुत्र श्री मनोहर लाल जांगिड़, प्रोपराईटर मैसर्स वनीशा फोटो स्टूटियों, कार्यालय एवं निवास पताः- दुकान संख्या 288, किशन बाग, खण्डेलवाल टॉवर के पास, नया खेडा, अम्बाबाडी, जयपुर-302039 एवं मकान संख्या 246, किशन बाग, खण्डेलवाल टॉवर के पास, नया खेडा, अम्बाबाडी, जयपुर-302039 एवं मकान संख्या 388, किशन बाग, टी.पी.एस. स्कूल के पास, नया खेडा अम्बाबाड़ी, जयपुर-302039 एवं ग्राम एवं पोस्ट पचलंगी तहसील उदयपुरवाटी, जिला झुंझुनू

वादी ने आपके विरुद्ध वसूली के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 05 माह जुलाई सन् 2022 को प्रातः में 10.00 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें, जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल / गुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो बाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह वाद तारीख 17 माह 05 सन् 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश
सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट (पश्चिम) जयपुर महानगर--द्वितीय
मोहर

# आपदा में अवसर : कट्टों में मिट्टी कम भरकर धांधली कर रहा निगम ठेकेदार

## हैरिटेज मेयर ने बनीपार्क बाढ़ नियंत्रण कक्ष पर पकड़ा मिलीभगत का खेल

**जयपुर** (कासं)। मानसून की बारिश हर साल राजधानी जयपुर में आफत लाती है। रोड धंसने, सीवरेज लाइन टूटने के कारण मिट्टी का कटाव होने जैसी बात आम है। इन खड्ढ़ों को भरने के लिए नगर निगम प्रशासन बाढ़ नियंत्रण कक्ष में मिट्टी के कट्टे भरवाता है, लेकिन ठेकेदार कट्टों की संख्या ज्यादा दिखाने के लिए तय मापदंड़ों से कम मिट्टी भर रहे हैं।

यह धांधली शनिवार को उस वक्त सामने आई, जब हैरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर औचक

- **हैरिटेज नगर निगम का जो भी अफसर, ठेकेदार की इस धांधली में लिप्त है, उसे सस्पैंड करेंगे : मुनेश गुर्जर**

निरीक्षण करते हुए बनीपार्क स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष पर पहुंची। यहां पर मिट्टी का कट्टा एक-चौथाई भी भरा हुआ नहीं मिला। जबकि नियमों के मुताबिक कट्टा आधा से ज्यादा भरा हुआ होना चाहिए। इस पर मुनेश गुर्जर ने कड़ी नाराजगी जताई और साफ कहा कि जो भी अधिकारी-ठेकेदार मिट्टी की धांधली में लिप्त होगा, उसे सस्पैंड किया जाएगा।

महापौर ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों को भी देखा और शिकायत करने वाले कई लोगों से मौके पर फोन पर बात कर समस्याओं के समाधान की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों की हाजिरी रजिस्टर को देखा और अनुपस्थित कर्मचारियों की गैर हाजरी दर्ज की। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित होने के बाद शिकायतों के आधार पर भेजे गए मिट्टी के कट्टों की भी जानकारी ली तथा कट्टों में नियमानुसार मिट्टी भरने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि बाढ़ नियंत्रण कक्ष फायरमैन के भरोसे चल रहा है, अधिकारी अनुपस्थित हैं। मिट्टी भी तय मात्रा में नहीं भरी जा रही है। इसकी जांच कराई जाएगी और दोषी कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई होगी।



**महापौर मुनेश गुर्जर ने शनिवार को बनीपार्क स्थित बाढ़ नियंत्रण कक्ष पर पहुंचकर मिट्टी के कट्टों और कार्मिकों की हाजिरी का निरीक्षण किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

## दुष्कर्मी पड़ौसी ने घर में दुबारा घुसकर महिला से छेड़छाड़ की, पति ने पकड़ा तो धक्का देकर भागा

**जयपुर** (कासं)। हरमाड़ा इलाके में महिला से गलत हरकत कर रहा पडौसी युवक पकड़े जाने पर पति को धक्का देकर फरार हो गया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार इलाके निवासी 24 वर्षीया महिला ने रिपोर्ट दी है कि करीब 4 माह पहले पडौसी प्रकाश गुर्जर ने घर में घुसकर डरा-धमकाकर इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया। प्रकाश ने घटना की वीडियो और फोटो खींच लिए, जिनको वायरल करने की धमकी देकर कई बार देहशोषण किया। 28 जून की रात प्रकाश घर में घुस गया और ज्यादती का प्रयास करने लगा। इस दौरान पति ने उसे पकड़ लिया तो वह धक्का मार कर फरार हो गया। वहीं जवाहर सर्किल थाने में इलाके निवासी 30 वर्षीया युवती ने रिपोर्ट दी है कि परिजनों ने करीब पांच माह पहले अजय से सगाई की थी। आरोप है अजय ने शादी से पहले ही उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने अपने परिजनों को आपबीती सुना कर शादी से इंकार किया तो उसके साथ मारपीट की गई। इसी तरह हरमाड़ा थाने में 24 वर्षीया विवाहिता ने रिपोर्ट दी है कि 30 जून को रिश्तेदार रामधन नोगिया ने अकेली पाकर घर में घुसकर छेड़छाड़ की। इस दौरान ननद बचाने आई तो रामधन ने उसके साथ मारपीट की और विवाहिता का मंगलसूत्र तोड़ ले गया।

# पैराओलंपियन अवनी लेखरा का राजस्थान यूनिवर्सिटी में सम्मान

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान विवि. में फाइव ईयर लॉ कॉलेज की छात्रा अवनी लेखरा को सम्मानित किया गया। ज्ञात रहे कि अवनि ने टोक्यो पैराओलंपिक खेलों में भारत के लिए स्वर्ण व कांस्य पदक जीता था और हाल ही फ्रांस में आयोजित पैरा शूटिंग विश्वकप प्रतियोगिता में भी भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस सम्मान समारोह में अवनी लेखरा के साथ उनकी माताजी जो कि राजस्थान विश्वविद्यालय की ही छात्रा रही है, के साथ उनके कोच व अन्य परिजन भी उपस्थित थे।

राजस्थान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.राजीव जैन ने पोद्दार प्रबंध संस्थान के सभागार में आयोजित समारोह में अवनी लेखरा का राजस्थान विश्वविद्यालय की ओर से सम्मान किया। सभागार में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, कॉलेजों के प्राचार्य, शिक्षकों व कर्मचारियों सहित फाइव ईयर लॉ कॉलेज व पोद्दार प्रबंध संस्थान से जुड़े छात्रों के साथ विश्वविद्यालय के भारी संख्या में अन्य छात्र उपस्थित थे।

कुलपति प्रो. राजीव जैन ने कहा कि विश्व पटल पर राजस्थान विवि. का नाम गौरवान्वित करने वाली अपनी होनहार छात्रा अवनी लेखरा के अभिनंदन में पूर्व में ही एक सम्मान समारोह का आयोजन करना चाहता था, लेकिन करोना के चलते इस सम्मान समारोह के आयोजन में विलंब हुआ लेकिन आज यह विशेष संयोग है कि विश्वविद्यालय में नवीन शैक्षणिक सत्र के आरंभ होने के अवसर पर इस होनहार छात्रा का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है, जो न केवल राजस्थान विश्वविद्यालय से जुड़े छात्रों वरन् अन्य युवाओं के लिए एक नई प्रेरणा का संचार करेगा।

अवनी लेखरा ने अपने जीवन में आई विकट विपरीत परिस्थितियों को साझा करते हुए कहा कि उन्हें विश्व स्तर की इस उपलब्धि तक पहुंचाने में उनके माता-पिता और अन्य लोगों के साथ शिक्षकों व साथी छात्रों का जो प्रेरणादायक एवं सहयोगात्मक योगदान रहा, उसी का परिणाम है कि वह आज इस मुकाम पर पहुंचने में सफल हो सकी है। उन्होंने विश्वविद्यालय फाइव ईयर लॉ कॉलेज के शिक्षकों व अपने साथी छात्रों का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने उनके अध्ययन के समय उनके कठिन अभ्यासों के दौरान विशेष सहयोग व मार्गदर्शन दिया। अवनी ने कहा कि समाज में विशेष योग्यजनों को सम्मान के साथ विशेष प्रोत्साहन दिया जाना आवश्यक है।



**राजस्थान विवि. में फाइव ईयर लॉ कॉलेज की छात्रा पैराओलंपियन अवनी लेखरा को सम्मानित किया गया।**

# *समर्थन मूल्य पर चने की खरीद हुई पूरी : आंजना*

## 'किसानों से 2.98 लाख मीट्रिक टन चना खरीदा'

**जयपुर,** (का.सं.)। सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने बताया कि समर्थन मूल्य पर राज्य में चना की खरीद 1 अप्रेल से आरंभ की गई थी। किसानों की सुविधा के लिए 635 खरीद केन्द्र बनाए गए थे। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 29 जून तक पूरी हुई खरीद में राजफैड द्वारा 1 लाख 29 हजार 957 किसानों से 2.98 लाख मीट्रिक टन चना खरीदा गया है, जिसकी राशि 1562 करोड़ रूपये है।

उन्होंने भारत सरकार से मांग की है कि चना खरीद के लिए और किसानों को लाभ मिले इसके लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की अवधि को एक माह और बढाया जाये। ताकि भारत सरकार द्वारा दिये गए लक्ष्य को पूरा किया जा सके। खरीद की शुरूआत में चने का बाजार भाव ज्यादा होने से किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना बेचान में रूचि नहीं ली लेकिन अब बाजार भाव कम होने से किसान एमएसपी पर चना बेचान में रूचि ले रहे है।

आंजना ने बताया कि भारत सरकार द्वारा सरसों का समर्थन मूल्य 5050 रु. प्रति क्विंटल घोषित किया हुआ है। राज्य की विभिन्न मण्डियों में सरसों समर्थन मूल्य दर से ऊपर लगभग 7200 रु. प्रति क्विंटल तक बिका। राज्य में सरसों के बाजार भाव समर्थन मूल्य दर से अधिक होने के कारण किसानों को सरसों का अधिक लाभकारी मूल्य प्राप्त प्राप्त हुआ। इस कारण से किसानों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरसों के बेचान में रूचि नही ली।

प्रमुख शासन सचिव, सहकारिता श्रेया गुहा ने बताया कि इस वर्ष किसानों ने चना बेचान में रूचि ली। रबी सीजन वर्ष 2021-22 में 17 हजार 464 मीट्रिक टन चना 8 हजार 599 किसानों से खरीदा गया था, जिसकी राशि 89 करोड़ रूपये थी। पिछले सीजन की तुलना में इस सीजन में 1562 करोड़ रूपये की खरीद 1.29 लाख किसानों से की गई है, जो उत्साह जनक हैं। उन्होंने बताया कि किसानों को उपज बेचान के लिए उसके गांव के समीप ही खरीद केन्द्र सुविधा दी गई थी।

प्रबंध निदेशक, राजफैड उर्मिला राजोरिया ने बताया कि 148577 किसानों द्वारा चना विक्रय हेतु पंजीयन कराया गया है, जिसमें से 148577 किसानों को दिनांक आवंटित की गई थी। इसमें से 129957 किसानों ने चना का बेचान किया। इन किसानों से 298685.74 मै.टन चना विक्रय किया गया है। उन्होंने बताया कि चना बेचान करने वाले 77509 किसानों को 872.71 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है एवं शेष 52448 किसानों को 689.42 करोड़ रूपये को भुगतान की प्रक्रिया जारी है।

## कॉलोनियों में रैकी कर वाहन चुराने वाला बदमाश पकड़ा

**जयपुर** । गलता गेट पुलिस ने दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर के साथ-साथ चोरी के वाहन खरीदने वाले खरीददार को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से 9 दुपहिया वाहन जब्त किया है।

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने जयपुर शहर में एक दर्जन से अधिक वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देना कबूला हैं। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर 20 वर्षीय विशाल डंडोरिया उर्फ लाल निवासी गणेशपुरी गलता गेट सहित चोरी के दुपहिया वाहन खरीदने वाले खरीदार 19 वर्षीय सागर निवासी लंकापुरी भट्टा बस्ती को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपियों के पास से नौ दुपहिया वाहन भी जब्त किया है। आरोपित विशाल डंडोरिया उर्फ लाल दिनदहाड़े कॉलोनियों में जाता है और सूने वाहनों की रैकी कर मास्टर चाबी से वाहन चोरी कर खरीदार सागर को बेच देता। जिसके खिलाफ कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है।

# चोरी की स्कूटी-बाइक के साथ 4 बदमाश गिरफ्तार

- **गैंग के पास से देशी कट्टा, कारतूस और 9 मोबाइल भी जब्त**
- **पुलिस को देख तीन बदमाश भाग निकले थे, लेकिन चौथा साथी पकड़ा गया तो सभी का मालूम चला**

**जयपुर** (कासं)। विद्याधर नगर पुलिस ने गाड़ियां और मोबाइल चुराने वाली गैंग के 4 बदमाशों को दबोचा है। बदमाशों के कब्जे से चोरी के 2 वाहन और 9 मोबाइल बरामद किये है। एक बदमाश के पास देशी कट्टा व कारतूस मिला है।

डीसीपी परिस देशमुख ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शोयब खान उर्फ अटैक (20) पुत्र इकरामुद्दीन निवासी इमाम चौक लंकापुरी भट्टाबस्ती, रणवीर नायक (23) पुत्र ग्यारसीलाल नायक व मोहम्मद सोयल (20) पुत्र मोहम्मद सलाम निवासी जेपी कॉलोनी सेक्टर-3 लंकापुरी भट्टाबस्ती और लालचन्द (24) पुत्र अमालूद्दीन निवासी हरिशचन्द्रपुर मादला पश्चिम बंगाल हाल पेंटर कॉलोनी चौराहा शास्त्री नगर को गिरफ्तार किया है। हैड कांस्टेबल मोहनलाल को सूचना मिली कि विद्याधर नगर में चोरी की बाइक-एक्टिवा लेकर चार बदमाश खड़े है। हथियारबंद बदमाश चोरी के मोबाइल बेचने की फिराक में है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घेराबंदी कर पकड़ने के दौरान पुलिस को देखकर बाइक पर तीन बदमाश भाग निकले। एक्टिवा सवार लड़के को पकड़ने के साथ पुलिस की एक टीम बाइक सवारों के पीछे लगी। पकड़े गए आरोपी शोएब खान के पास चोरी की एक्टिवा मिली। तलाश में एक देशी कट्टा और एक कारतूस मिला। पूछताछ में उसके तीनों साथियों रणवीर नायक, मोहम्मद सोयल और लालचन्द के बारे में पता चला। पुलिस टीम ने भट्टाबस्ती इलाके में पीछा करते हुए दबिश देकर तीनों आरोपियों को पकड़ा। जिनके कब्जे से चोरी की बाइक और चोरी के 9 मोबाइल मिले। गिरफ्तार गैंग के बदमाशों से पूछताछ में सामने आया है कि वह व्हीकल और मोबाइल चोरी की वारदात करते। किसी मुश्किल में फंसने से बचने के लिए देसी कट्टा साथ रखते थे।


## सार-समाचार

### डॉ. जैन डॉक्टर्स-डे अवार्ड से सम्मानित



**जयपुर** (कासं)। मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये ईएसआई मॉडल हॉस्पिटल में मनोरोग विभागाध्यक्ष डॉ. अखिलेश जैन को डॉक्टर्स-डे पर जयपुर मेडिकल एसोसिएशन द्वारा आयोजित अवार्ड समारोह में डॉक्टर्स-डे अवार्ड से सम्मानित किया गया। इससे पूर्व में भी डॉ. जैन को अकैडमिक और सोशल वर्क के लिए अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर विभिन्न पुरुस्कार मिल चुके हैं।

### कन्हैयालाल को अनूठी श्रद्धांजलि



**जयपुर** । उदयपुर में तालिबान जैसे बर्बरता पूर्ण हत्याकांड के शिकार हुए कन्हैया लाल को जयपुर के जाने माने चित्रकार चन्द्रप्रकाश गुप्ता ने कैनवास पर जीवंत करते हुये अनूठी श्रद्धांजलि दी है। गुप्ता ने तैल चित्र तैयार करते हुये सभी से अपील की है सभी को साथ मिलकर नफरत को हराना है। गुप्ता यह चित्र जल्द ही कन्हैया लाल के परिजनों को भेंट करने उदयपुर जायेंगे। उल्लेखनीय है कि चित्रकार गुप्ता पिछले 23 वर्षो से लगातार शहीद सैनिकों के तैल चित्र तैयार कर शहीद के परिजनों को भेंट करने गांव-ढाणी पहुंचते है।

### पेंशनर्स सर्विस मॉडयूल हुआ अपडेट

**जयपुर** । राज्य सरकार ने सिविल पेंशनर्स की सुविधा के लिए पेंशन विभाग की वेबसाइट पर पेंशनर्स सर्विस मॉडयूल को अपडेट किया है। इससे पेंशनर्स को पेंशन भुगतान पीपीओ अधिकृति के अग्रेषण, फॉर्म नम्बर 16, जीवन प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रमाण पत्रों से संबंधित सभी जानकारियां आसानी से मिल सकेंगी। पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण निदेशालय के निदेशक संजय सालंकी ने बताया कि मॉडयूल के अपडेट होने से मासिक पेंशन स्लिप, पेंशन भुगतान का वार्षिक विवरण, आयकर गणना एवं छूट के लिए निवेश घोषणा करना, फॉर्म नम्बर 16 डाउनलोड करना, स्वयं की प्रोफाईल देखना, आवश्यक प्रमाण पत्र से संबंधित जानकारी प्राप्त करना, जीवित प्रमाण पत्र अपलोड करना, ई-मित्र कियोस्क डायरेक्टरी की सूचना प्राप्त करना, विवाह, पुनर्विवाह आय एवं विकंलागता प्रमाण पत्र अपलोड करने सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अतिरिक्त पेंशनर्स आधार नम्बर, पेन नम्बर, मोबाईल नम्बर एवं ई-मेल जैसी बेसिक सूचनाएं भी इसके माध्यम से अपडेट कर सकेगे साथ ही डिजिटली हस्ताक्षिरत जीपीओ एवं सीपीओ की अधिकृतियां एवं पीपीओ के अग्रेषण पत्र की प्रति डाउनलोड कर सकेंगे।

### अचल संपत्ति विवरण देने की तिथि बढ़ी

**जयपुर** । राज्य सरकार द्वारा परिपत्र जारी कर राज्य के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन भरने एवं अप्रूवल तथा अचल संपत्ति विवरण भरने की अंतिम तिथि 30 जून से बढ़ाकर 31 जुलाई की गई है। कार्मिक विभाग के संयुक्त शासन सचिव डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने बताया कि राज्य के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी स्वयं के एसएसओ आईडी से राज काज सॉफ्टवेयर पर 31 जुलाई तक वार्षिक कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन ऑनलाइन भर सकेंगे। इसी प्रकार एक जनवरी 2022 की स्थिति में अपना अचल संपत्ति विवरण भरने की तिथि को भी अंतिम बार बढ़ाकर 31 जुलाई तक किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्मिक इस अवधि में पहले भरी गई प्रविष्टियों में ऑनलाइन संशोधन भी कर सकेंगे।

### भीम आर्मी चीफ जयपुर में गिरफ्तार

**जयपुर** । राजधानी की विधायकपुरी थाना पुलिस ने शुक्रवार देर रात भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद को शांति भंग में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। विधायकपुरी थानाधिकारी ने बताया कि जयपुर में शहीद स्मारक पर चल रहे कोविड स्वास्थ्य सहायकों के धरने में शामिल होने आए भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद को इलाके में खासाकोठी के पास से शांति भंग में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि चंद्रशेखर के कारण जयपुर में शांति भंग होने की आशंका थी। पुलिस ने उसे कोर्ट पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# विद्याश्रम स्कूल में टीचर्स को 3 दिन तक सिखाए "कुशल शिक्षक" बनने के गुर

## नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए तकनीकी-शैक्षणिक गुणवता पर पूरी तरह केन्द्रित रही तीन दिवसीय कार्यशाला

**जयपुर** (कासं)। भारतीय विद्या भवन, विद्याश्रम ने नई शिक्षा नीति को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों की शैक्षणिक गुणवत्ता और तकनीकी ज्ञान को बढ़ाने के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की, जो कि 28 से 30 जून तक चली।

पहले दिन की कपिल ज्ञानपीठ के प्राचार्य करूणा यादव ने तकनीक व शिक्षण के बेहतरीन प्रयोग के सुझाव दिए। उन्होंने सभी शिक्षकों को अपने अनुभव द्वारा एक कुशल शिक्षक बनने के गुर सिखाएं।

दूसरे दिन की वर्कशाप खास तौर पर प्री-प्राइमेरी व प्राईमेरी शिक्षकों के लिए आयोजित की गयी। शिक्षाविद् सीमा मलिक ने विद्यार्थियों की बहुप्रतिभा को निखारने के लिए नई शैक्षणिक पद्धति अपनाने पर जोर दिया। प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमताओं को ध्यान में रखकर कक्षा की शिक्षा नीति बनाने पर प्रकाश डाला। इसी के साथ विद्यालय के संपूर्ण शिक्षक वर्ग के लिए कम्प्यूटर की एक खास कक्षा आयोजित की गयी, जिससे दैनिक कार्यों में आने वाले तकनीकी समस्याओं का समाधान हो सके। कार्यशाला के तीसरे दिन शिक्षाविद रंजना जोशी ने शिक्षकों की शैक्षणिक पद्धतियों और प्रायोगिक ज्ञान को अपने अनुभव द्वारा निखारने की कोशिश की। उन्होंने "ब्लूम्स टैक्सोनॉमी एंड थ्योरी ऑफ मल्टीपल इंटेलीजैंस" सत्र में शिक्षकों को पढ़ाने के लिए आयाम सिखाए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सभी शिक्षकों का अपने अर्जित ज्ञान का प्रस्तुतीकरण रहा। कला व शिक्षा के संयोजन का अद्भुत प्रस्तुतीकरण इस बात का गवाह था कि समूचा शिक्षक वर्ग विद्यार्थियों की उन्नति के लिए प्रयासरत है।



**भारतीय विद्या भवन, विद्याश्रम में आयोजित कार्यशाला के समापन पर शिक्षाविद् रंजना जोशी ने टीचर्स को पढ़ाने के आयाम सिखाए।**

## ज्योतिषीय ज्ञान प्रामाणिक और सहज रूप में आम जन तक पहुंचाएं : राज्यपाल

**जयपुर** । राज्यपाल कलराज मिश्र ने ज्योतिषीय ज्ञान को प्रामाणिक और सहज रूप में आमजन तक पहुंचाने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि ज्योतिष भारत की अनमोल धरोहर है, इसमें समाहित ज्ञान का आधुनिक वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य में वृहद स्तर पर विकास होना चाहिए।

राज्यपाल मिश्र शनिवार को मानसरोवर स्थित दीपशिखा कॉलेज में यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी एवं पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान की ओर से ज्योतिष विद्या पर आयोजित प्रथम इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ज्योतिष ज्ञान से जुड़े अध्ययन को प्रोत्साहित करने के साथ ही इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने के लिए भी कार्य किया जाना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि ज्योतिष का ज्ञान वैदिक परंपराओं का मूल है। पृथ्वी, आकाश एवं नक्षत्रमण्डल के ग्रहों की गतियों तथा उनसे होने वाले प्रभाव की चर्चा ज्योतिष शास्त्र में जिस सूक्ष्मता से मिलती है, वह अन्यत्र कहीं नहीं मिलती। उन्होंने कहा कि विद्वानों को ज्योतिष ज्ञान को प्राचीन वेद विज्ञान और खगोलीय ज्ञान से जोड़कर पूर्ण प्रमाण के आधार पर फैलाना होगा। राज्य मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष गोपाल कृष्ण व्यास ने कहा कि ज्योतिष का मूलभूत ज्ञान व्यक्ति को जीवन सुगमतापूर्वक जीने में सहायक होता है।

# प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या में बढ़ोतरी हुई

## राज्य में शनिवार को 133 नए संक्रमित मिले, इससे पहले शुक्रवार को 89 रोगी पाए गए थे

- **राजधानी जयपुर में थोड़ी गिरावट के बाद 40 नए मरीज मिले हैं**
- **प्रदेश में रिकवरी बढ़ने से एक्टिव के घटकर 913 शेष रहे**

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर** । प्रदेश में शनिवार को फिर करोना संक्रमितों की संख्या में वृद्धि हुई है। इस दौरान राज्य में 133 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी होने से एक्टिव केस घटकर 913 रह गए हैं।

प्रदेश में शनिवार को 12 जिलों में 133 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले शुक्रवार को 89 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में थोड़ी गिरावट के बाद 40 नए मरीज मिले हैं। इसके अलावा बीकानेर में 30, जोधपुर में 18, चूरू में 11, अजमेर में 10, बाड़मेर में 7, भीलवाड़ा में 6, उदयपुर में 4, अलवर में 3, डूंगरपुर में 2 तथा चित्तौड़गढ़ व नागौर में 1-1 नया संक्रमित मिला है। वहीं 21 जिलों में संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है। प्रदेश में शनिवार को भी नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी हुई है। इस दौरान 140 मरीज ठीक हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर 913 रह गए हैं।

हालांकि इनमें सबसे ज्यादा 376 मामले जयपुर में है। प्रदेश में शनिवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि राज्य में अब तक करोना से 9566 लोगों की मौत हो चुकी है।

राजधानी जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 7 नए संक्रमित सांगानेर में मिले हैं। इसके अलावा दुर्गापुरा में 5, मालवीय नगर 3, आदर्श नगर, जगतपुरा, झोटवाड़ा व मानसरोवर में 2-2 तथा अजमेर रोड, अम्बावाड़ी, बनीपार्क, चाकसूं, जवाहर नगर, जौहरी बाजार, खातीपुरा, लालकोठी, निर्माण नगर, शास्त्री नगर, सिरसी रोड, सीतापुरा, सोड़ाला, टोंक रोड, वैशाली नगर, विराट नगर और वीकेआई रोड इलाके में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच जिले में 55 रोगी ठीक हुए हैं।

# 'खेत को पानी-फसल को दाम' अभियान आज से शुरू करेंगे रामपाल जाट

- **7 दिवसीय इस संकल्प अभियान के प्रथम चरण में दौसा, करौली, सवाई माधोपुर, टोंक और जयपुर जिले की चाकसू व सांगानेर तहसील में कार्यक्रम होंगे**


**जयपुर** (कासं)। किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा कि "खेत को पानी-फसल को दाम" के लिए चलाए जा रहे 7 दिवसीय इस संकल्प अभियान के प्रथम चरण में दौसा, करौली, सवाई माधोपुर, टोंक और जयपुर जिले की चाकसू व सांगानेर तहसील में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह अभियान 3 जुलाई दौसा से शुरू होगा, इस मुहिम का नेतृत्व स्वयं रामपाल जाट करेंगे।

उन्होंने कहा कि युवाओं को जोड़कर सक्रिय करने के लिए राजस्थान के युवा प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी साथ रहेंगे, इस अभियान के संयोजक का कार्य भार राजस्थान के प्रदेश मंत्री बत्ती लाल बेरवा संभालेंगे।

रामपाल जाट ने बताया कि इस अभियान में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी का कानून बनवाने के लिए ग्राम सभा में संकल्प पारित कराने तथा पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना में 13 जिलों में प्रस्तावित सिंचाई योजनाओं को भी इस परियोजना में सम्मिलित करने के लिये जन जागरण किया जाएगा। इस परियोजना को फुटबॉल नहीं बनाकर सिंचाई प्रधान बनाने के लिए केंद्र एवं राज्य द्वारा मिलकर कार्य करने के संबंध में लोकमत तैयार किया जाएगा। यह अभियान 3 जुलाई दौसा से शुरू होगा, जो कि लालसोट के बाद 4 जुलाई को दौसा होते हुए करौली जिले में टोडाभीम के ग्राम गुढ़ाचंद्रजी, उप तहसील श्री महावीरजी, कजानीपुर पहुंचेगा।

उसके अगले दिन तहसील हिंडौन के गांव जमालपुर, तहसील मुख्यालय हिंडौन एवं ढिंढोरा, हुखमीखेड़ा, जटनागला, शेरपुर, खरेटा एवं जगरबांध क्षेत्र के गांव खीपकापूरा में चर्चा आयोजित होगी।

अभियान के तीसरे दिन जिला मुख्यालय करोली, उप तहसील मंडरायल, करनपुर, सपोटरा (तहसील क्षेत्र) होते हुए जिला सवाई माधोपुर की गंगापुर तहसील के गांवों से होता हुआ पांचवे दिन महापुरा, शिवाड होते हुए जिला टोंक के मुख्यालय निवाई तहसील से होते हुए जिला जयपुर की तहसील चाकसू एवं सांगानेर तक विचार विमर्श चलेगा।



## International Plastic Bag Free Day

Plastic pollution is a global catastrophe and sadly it is man-made. The marine ecosystem in particular is suffering immensely as a result of plastic pollution. 31 species of marine mammals have ingested marine plastic, over 250 species have become entangled in plastic, approximately eight percent of it have been discovered in some sea lion and seal species. International Plastic Bag Free Day is dedicated to heightening awareness about real and pressing issues brought about by this most popular disposable carrying device.

राष्ट्रदूत
SUNDAY
3 July 2022
A-B

#ENTERPRISING

# Going The Natural Way

Combining a skill he happened to pick up by chance in the US along with the age-old natural mantras of his great grandmother and his entrepreneurial prowess, Jai Varrdhan Singh set out on a journey to create handcrafted natural soaps and cosmetics during the Covid-19 pandemic. What's interesting is that in the age of websites, apps, and micro targeting through the internet, Jai Varrdhan lays more emphasis on making customers through one-on-one interactions and relationship building.





Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*



Jai Varrdhan Singh

They say life is what happens to us while we are busy making other plans. This stands cent percent true for Jaipur's Jai Varrdhan Singh. A graduate in English, who wanted to become a lawyer but eventually went on to set up an export house and a backpackers' hostel, and thanks to the pandemic, is now handcrafting soaps and cosmetics.

### Skilled by Chance

When Jai Varrdhan went to Harvard in 2014 for a conference at the Harvard Project of International and Asian relations to speak on Security and Diplomacy in South East Asia, little did he know it would eventually inspire him to venture into making natural soaps and cosmetics. "The family that I stayed with on my trip to Harvard had a lady who quit her job at Ernst & Young and got into making natural soaps and cosmetics, and she was doing quite well for herself. During the three weeks that I was there, I used to work with her and tried to learn as much as I could. However, I did not put that into use anytime soon," shares Jai Varrdhan.

### Entrepreneur at heart

While at Harvard, Jai Varrdhan ran out of his money and went to the Times Square in New York and sold paintings that he had taken from Jaipur as gifts. "Selling those paintings at Times Square made me enough money to fund my trip and that gave me the idea of a starting an export house." In 2017, he along with his father, started a backpackers' hostel in C Scheme called 'The Big Mooch' (For those of you who have met him, this name would not come as a surprise!). Catering to travellers from across the globe, he and his father managed all the chores on their own. From check-ins and housekeeping to finding missing guests at odd hours, it all came as a great learning experience for them. Come 2020 and just like all other travel and hospitality businesses landed in the soup, their hostel had to be shut down as well.

The entrepreneur bug in him coupled with the extreme problem of dry and itchy skin that his sister and mother were facing finally led him to use the knowledge he had acquired back during his stint at Harvard. "At the end of the first pandemic-induced lockdown, I set out on this soap-making journey using the skills I had learned back in 2014 and finessing it with the practices of Ayurveda. Seeing the results on my mother and sister, who were the obvious guinea pigs, I launched my first batch of products for sale. I had never thought that this would be a full time venture as I was looking forward to reopen the hostel after the lockdown but looking at the responses and queries coming for the soaps, I decided to launch my brand - 'J Natural' with 11 products in 2020," shares Jai Varrdhan.

### Relationship building is at the helm

From manufacturing products as varied as soaps and foot soaks, to body butters and ubtans, he also started incorporating the therapeutic mantras of his great grandmother. What's interesting is that in the age of websites, apps, and micro targeting through the internet, Jai Varrdhan lays more emphasis on making customers through one-on-one interactions and relationship building. "While a website is great for the visibility of my business but solely relying on it eliminates my personalized style of building a client and marketing as well as selling the products." Ask him what his ultimate business motto is and he says: "Try to keep everything as simple and natural as possible!"





Sir Thomas Roe

Roe found that Jahangir 'expects great presents and jewels and regards no trade, but what feeds his insatiable appetite after stones, riches and rare pieces of art'. 'He asked me what Present we would bring him,' Roe noted: "I answered the league [between England and Mughal India] was yet new, and very weake: that many curiosities were to be found in our Countrey of rare price and estimation, which the king would send, and the merchants seeke out in all parts of the world, if they were once made secure of a quiet trade and protection on honourable Conditions. He asked what those curiosities were I mentioned, whether I meant jewels and rich stones. I answered No: that we did not thinke them fit Presents to send backe, which were first brought from these parts, whereof he was the Chiefe Lord … but that we sought to find things for his Majestie, as were rare here, and unseene. He said it was very well: but that he desired an English horse … So with many passages of jests, mirth, and bragges concerning the Arts of his Countrey, he fell to ask me questions, how often I drank a day, and how much, and what? What in England? What beere was? How made? And whether I could make it here. In all which I satisfied his great demands of State …"

# Jahangir was more interested in beer than East India Company



Anjali Sharma
*Senior journalist & wildlife enthusiast*

#HISTORY

By the early seventeenth century, Europeans had become used to easy military victories over the other people of the world. In the 1520s the Spanish had swept away the vast armies of the mighty Aztec Empire in a matter of months. In the Spice Islands of the Moluccas, the Dutch had recently begun to turn their cannons on the same rulers they had earlier traded with slaughtering those islanders who rode out in canoes to greet them, burning down their cities and seizing their ports.

But as Captain Hawkins soon realised there was no question of any European nation attempting to do this with the Great Mughals, not the least because the Mughals kept a staggering 4 million men under arms.

When in 1632, the [Mughal] Emperor discovered that the Portuguese had been building unauthorised fortifications and 'dwellings of the utmost splendour and strength' in Hughli in Bengal, as well as flouting Mughal rules by making forced conversions to Christianity; he commanded that the Portuguese settlement should be attacked and the Portuguese expelled. The city fell to the Mughal armies within days and the attempts of the inhabitants to escape down the Ganges were thwarted by a boom ingeniously thrown across the river. Four hundred of the captured Portuguese prisoners 'along with the idols of those erroneous infidels' were then sent off to Agra to beg for mercy. Those who refused were 'divided [as slaves] among the amirs', according to the Padshahnama, or held in prison and tortured. Most of them perished. There was nothing the Portuguese Viceroy of Goa could do about this.

With this in mind, the [East India] Company realised that if it was to trade successfully with the Mughals, it would need both partners and permissions, which meant establishing a relationship with the Mughal Emperor himself. It took Hawkins a year to reach Agra, which he managed to do dressed as an Afghan nobleman. Here he was briefly entertained by the Emperor, with whom he conversed in Turkish, before Jahangir lost interest in the semi-educated sea dog and sent him back home with the gift of an Armenian Christian wife.

The mission achieved little, and soon afterwards another EIC fleet, captained by Sir Henry Middleton, was driven away from the Surat anchorage of Suvali - or 'Swally Hole' as the English mangled it – by local officials who ordered him to leave after threats from the Portuguese residents in the port.

### A Proud Inheritor

A new, more impressive mission was called for and this time the Company persuaded King James to send a royal envoy. The man chosen was a courtier, MP, diplomat, Amazon explorer and an Ambassador to the Sublime Porte as well as a self-described 'man of quality', Sir Thomas Roe. In 1615 Roe finally arrived in Ajmer, bringing presents of 'hunting dogges' – English mastiffs and Irish greyhounds – an English state coach, some Mannerist paintings, an English virginal and many crates of red wine for which he had heard Jahangir had a fondness; but Roe nevertheless had a series of difficult interviews with the Emperor.

When he was finally granted an audience and had made his obeisance, Roe wanted immediately to get to the point and raise the subject of trade and preferential customs duties, but the aesthete Emperor could barely conceal his boredom at such conversations. Jahangir was after all an enormously sensitive, curious and intelligent man: observant of the world around him and a keen collector of its curiosities, from Venetian swords and globes to Safavid silks, jade pebbles and even narwhal teeth.

A proud inheritor of the Indo-Mughal tradition of aesthetics and knowledge, as well as maintaining the Empire and commissioning great works of art, he took an active interest in goat and cheetah breeding, medicine and astronomy, and had an insatiable appetite for animal husbandry, like some Enlightened landowner of a later generation. This, not the mechanics of trade was what interested him and there followed several months of conversations with the two men talking at cross purposes. Roe would try to steer the talk towards commerce and diplomacy and the firmans (imperial orders); he wanted confirming 'his favour for an English factory' at Surat and 'to establish a firm and secure Trade and residence for my countrymen' in constant love and peace. But Jahangir would assure him such workaday matters could wait and instead countered him with questions about the distant, foggy island Roe came from, the strange things that went on there and the art which it produced.




Jahangir investing a courtier with a robe of honour watched by Sir Thomas Roe, English ambassador to the court of Jahangir at Agra from 1615-18, and others.

> A proud inheritor of the Indo-Mughal tradition of aesthetics and knowledge, as well as maintaining the Empire and commissioning great works of art, he took an active interest in goat and cheetah breeding, medicine and astronomy, and had an insatiable appetite for animal husbandry, like some Enlightened landowner of a later generation.



A miniature presented to Jahangir by Roe.

Roe found that Jahangir 'expects great presents and jewels and regards no trade but what feeds his insatiable appetite after stones, riches and rare pieces of art'. 'He asked me what Present we would bring him,' Roe noted: "I answered the league [between England and Mughal India] was yet new, and very weake: that many curiosities were to be found in our Countrey of rare price and estimation, which the king would send, and the merchants seeke out in all parts of the world, if they were once made secure of a quiet trade and protection on honourable conditions. He asked what those curiosities were I mentioned, whether I meant jewels and rich stones. I answered No: that we did not thinke them fit Presents to send backe, which were first brought from these parts, whereof he was the Chiefe Lord … but that we sought to find things for his Majestie, as were rare here, and unseene. He said it was very well: but that he desired an English horse … So with many passages of jests, mirth, and bragges concerning the Arts of his Countrey, he fell to ask me questions, how often I drank a day, and how much, and what? What in England? What beere was? How made? And whether I could make it here. In all which I satisfied his great demands of State …"





A Dutch account of Sir Thomas Roe's travel to Jahangir's court.

### Dismissively Critical

Roe could on occasions be dismissively critical of Mughal rule 'religions infinite, laws none' - but he was, despite himself, thoroughly dazzled. In a letter describing the Emperor's birthday celebrations in 1616, written from the beautiful, half-ruined hilltop fortress of Mandu in central India to the future King Charles I in Whitehall, Roe reported that he had entered a world of almost unimaginable splendor.

The Mughals, in return, were certainly curious about the English, but hardly overwhelmed. Jahangir greatly admired an English miniature of one of Roe's girlfriends - maybe the Lady Huntingdon to whom he wrote passionately from 'Indya'. But Jahangir made a point of demonstrating to Roe that his artists could copy it so well that Roe could not tell copy from original. The English state coach was also admired, but Jahangir had the slightly tatty Tudor interior trim immediately upgraded with Mughal cloth of gold and then again showed off the skills of the Mughal kar-khana by having the entire coach perfectly copied in little over a week so his beloved Empress, Nur Jahan, could have a coach of her own.

Meanwhile, Roe was vexed to discover that the Mughals regarded relations with the English as a very low priority. On arrival he was shoved into a substandard accommodation, only four caravanserai rooms allotted for the entire embassy and they 'no bigger than ovens and in that shape, round at the top, no light but the door, and so little that the goods of two carts would fill them all. More humiliatingly still, his slightly shop-soiled presents were soon completely outshone by those of a rival Portuguese embassy who gave Jahangir 'jewels, Ballests [balas spinels] and Pearles with much disgrace to our English commoditie.

Sir Thomas Roe is one of the most distinguished and picturesque figures in the history of international diplomacy, and his presence at the court of Jahangir, the Great Mughal, as accredited ambassador of King James of England, gained advantages for England that were of the greatest value. His diary is well known, but its value consists in its record of court life at the Mughal capital, and not in its meagre account of the country in general. An event of great importance for English history was the meeting of Sir Thomas, as a royal envoy with the Great Mughal. Roe had been seriously ill at Ajmir, but the emperor was so desirous of seeing him that he sent a special messenger to inquire whether his condition would not allow him to come to court. The emperor gave strict orders to his messenger and as Roe says, "charged him to see mee, so that I was forced to admitt him into my Chamber, wher he saw my weaknes and gave satisfaction to the king."

### Roe's Memoir

This was on December 31, 1615, and on the following day, New Year's, Sir Thomas opens his diary as follows:

"January 1- 4, 1616 - I began to recouer and sitt vp.

January 5 - Master Edwardes departed for Suratt.

January 6 - 9 - I prepared to see the king.


January 10 - I went to Court at 4 in the euening to the Durbar, which is the Place wher the Mogull sitts out daylie, to entertayne strangers, to receiue petitions and presents, to giue Commandes, to see, and to bee seene. To digresse a little from my reception, and declare the Customes of the Court, will enlighten the future discourse. The king hath no man but Eunuchs that Comes within the lodgings or retyring roomes of his house: His weomen watch within, and guard him with manly weapons. They doe Justice on vpon another for offences. He comes every Morning to a wyndow called the Jarruco looking into a playne before his gate, and showes him selfe to the Common People. At noone hee returns thither and sitts some howers to see the fight of Eliphants and willd beasts; vnder him within a rayle attend the men of rancke; from whence hee retiers to sleepe among his woemen. At afternoone he returnes to the Durbar before mentioned. At 8 after supper he Comes downe to the Gazelcan, a faire Court, wher in the middest is a Throune erected of free stone wherein he sitts, but some tymes below in a Chayre; to which are none admitted but of great qualetye, and few of these without leaue; wher he discourses of all matters with much Affabilitye. Ther is noe busines done with him Concerning the state, gouerment, disposition of warr or peace, but at one of these two last Places, wher it is publiquely propounded, and resolued, and soe registred, which if it were woorth the Curiositye might bee seene for two shillings, but the Common basse people knew as much as the Councell, and the Newes euery day is the kings new resolutions tossed and censured by euery rascall.


This Course is unchangeable, except sicknes or drinck preuent yt; which must be known, for as all his Subjects are slaues, so is he in a kynd of reciprocall bondage, for he is tyed to obserue these howres and Customes so precisely that if hee were vnseene one day and noe sufficient reason rendred the people would mutinie; two dayes noe reason can excuse, but that he must consent to open his doores and bee scene by some to satisfye others. On Tuesday at the Jarruco he sitts in Judgment, neuer refusing the poorest mans Complaynt, where hee heares with Patience both parts: and some tymes sees with too much delight in blood the execution done by his Eliphants.

11 meruere; sed quid to vt adesses? Durbar I was led right before him, at the enterance of an outward rayle, where mett mee two Principall Noble slaues to conduct mee nearer. I had required before my going leaue to vse the Customes of my Country, which was freely granted, soe that I would performe them Punctually. When I entred within the first rayle I made a reuerance; entering in the inward rayle a Nother; and when I came vnder the king a theird. The Place is a great Court, whither resort all sorts of people. The king sitts in a little Gallery ouer head; Ambassidors, the great men and strangers of qualety within the inmost rayle vnder him, raysed from the ground, Couered with Canopyes of veluet and silke, vnder foote layd with good Carpetts; the Meaner men representing gentry within the first rayle, the people without in a base Court, but soe that all may see the king This sitting out hath soe much affinitye with a Theatre – the manner of the king in his gallery; The great men lifted on a stage as actors; the vulgar below gazing on – that an easy description will informe of the place and fashion. The king preuented my dull enterpreter, bidding me welcome as to the brother of my Master. I deliuered his Majesties lettre translated; and after my Commission, wheron hee looked Curiously; after, my presents, which were well receiued.

He asked some questions, and with a seeming Care of my health, offering me his Phisitions, and aduising mee to keepe my house till I had recouered strength; and if in the interim I needed anything I should freely send to him, and obteyne my desiers. He dismissed me with more fauour and outward grace (if by the Christians I were not flattered) then euer was showed to any Ambassador, eyther of the Turke or Persian, or other whatsoeuer."

Sir Thomas Roe spent almost four years as ambassador at the Mughal court. His mission immediately encountered difficulties due to the low quality of the gifts he had brought for an emperor, only the finest and rarest offerings. The most successful gift he presented to Jahangir was from his own collection.





Sir Thomas Roe stood before the Mughal.

writetoarbit@rashtradoot.com

#DERMATOLOGY

# Re-pigmentation In Vitiligo



New research reveals the unique cell-to-cell communication networks that can perpetuate inflammation and prevent re-pigmentation in people with vitiligo disease. The study appears in the journal JCI Insight.

"In this study, we couple advanced imaging with transcriptomics and bioinformatics to discover the cell-to-cell communication networks between keratinocytes, immune cells and melanocytes that drive inflammation and prevent re-pigmentation caused by vitiligo," says Anand K. Ganesan, professor of dermatology and vice chair for dermatology research at the University of California, Irvine School of Medicine.

"This discovery will enable us to determine why white patches continue to persist in stable vitiligo disease, which could lead to new therapeutics to treat this disease."

Vitiligo is an autoimmune skin disease that is characterized by the progressive destruction of melanocytes, which are mature melanin-forming cells in the skin, by immune cells called autoreactive CD8+ T cells that result in patches of white depigmented skin. This disease has shown to cause significant psychological distress among patients. Melanocyte destruction in active vitiligo is mediated by CD8+ T cells, but until now, why the white patches in stable disease persist was poorly understood.


"Until now, the interaction between immune cells, melanocytes and keratinocytes in situ in human skin has been difficult to study due to the lack of proper tools," says Jessica Shiu, assistant professor of dermatology and one of the first authors of the study.

"By combining non-invasive multiphoton microscopy (MPM) imaging and single-cell RNA sequencing (scRNA-seq), we identified distinct subpopulations of keratinocytes in lesional skin of stable vitiligo patients along with the changes in cellular compositions in stable vitiligo skin that drive disease persistence. In patients that responded to punch grafting treatment, these changes were reversed highlighting their role in disease persistence."


MPM is a non-invasive imaging technique capable of providing images with sub-micron resolution and label-free molecular contrast which can be used to characterize keratinocyte metabolism in human skin. Keratinocytes are epidermal cells which produce keratin.

Most studies on vitiligo have focused on active disease while stable vitiligo remains somewhat of a mystery. Studies are currently underway to investigate when metabolically altered keratinocytes first appear and how they may affect the re-pigmentation process in patients undergoing treatment.

The findings of this study raise the possibility of targeting keratinocyte metabolism in vitiligo treatment. Further studies are needed to improve the understanding of how keratinocyte states affect the tissue microenvironment and contribute to disease pathogenesis.




## THE WALL





## BABY BLUES


By Rick Kirkman & Jerry Scott





## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# भरतपुर में हिन्दू संगठनों ने आक्रोश रैली निकाली

## ग्यारह सदस्यों की टीम ने कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया

**भरतपुर, (निसं)।** उदयपुर हत्याकांड को लेकर भरतपुर में भी सकल हिंदू संगठनों एवं व्यापारियों की ओर से आज भरतपुर बंद सफल रहा। भरतपुर शहर के मुख्यबाजारों के अलावा नई मंडी स्टेशन, अनाहगेट, जवाहर नगर, सहित अन्य जगहों के छोटे मार्गेट वाले बाजार की दुकानें पूरी तरह से बंद रही। सकल हिंदू समाज के लोगों , व्यापारी एवं विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस सहित हिंदू संगठनों से जुड़े लोग भारी तादात में लक्ष्मण मंदिर से मुख्य बाजारों से होते हुए रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां कन्हैया लाला के दोनों हत्यारों को फांसी की सजा की मांग करते हुए नारेबाजी की।

इस दौरान 11 सदस्ययी टीम जिला कलेक्टर आलोक रंजन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन देने पहुंची। ज्ञापन के दौरान आरएसएस के प्रांत संचालक महेंद्र सिंह मग्गो, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गिरधारी तिवारी , आरएसएस संघ चालक डॉ सतीश भरद्वाज, भाजपा जिला महामंत्री ब्रजेश अग्रवाल , सत्येंद्र गोयल , विश्व हिन्दू परिषद के सेवा प्रमुख नरेष खंडेलवाल, जिलाध्यक्ष उदय सिंह मौजूद रहे।



भरतपुर में आक्रोश रैली के दौरान पुलिस जाप्ता मुस्तैद नजर आया।

जिला संघ चालक आरएसएस भरतपुर डॉ सतीश भारद्वाज और विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष उदय सिंह ने दोनों हत्यारों को फांसी की सजा देने की मांग की।

जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने कहा कि शहर में रैली के दौरान 400 के करीब पुलिस बल तैनात किया गया है और अधिकारी भी तैनात रहे। शनिवार को शहर भरतपुर व्यापार महासंघ की एक बैठक शहर अध्यक्ष भगवान दास बंसल की अध्यक्षता में

- **आरएसएस के प्रांत संचालक, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष ने भी आक्रोश रैली में शिरकत की**

अग्रवाल धर्मशाला खिरनीघाट पर सम्पन्न हुयी। बैठक का मुख्य विषय उदयपुर में एक व्यापारी जिसका नाम कन्हैयालाल है उसकी हत्या तालीबानी रूप से की गई।जिसका विरोध किया जाता है। इस बैठक में अनिल लोहिया, संतोष खंडेलवाल, अनिल तेरहा, प्रवीन अग्रवाल, गोपीसिंह, श्रीकिशन, जयप्रकाश बजाज, मोहित गोयल, लोकेश, ईशान्त सिंघल, दीपक गोयल, नरेन्द्र अंकल, राजू पाराशर, महावीर सोगरवार, लालसिंह, महेश खंडेलवाल, संजय खंडेलवाल, कुलदीप अरोडा, दीपू सिंघल मौजूद थे।

# शॉर्ट सर्किट से कपड़ों की दुकान में आग लगी, 10 लाख का नुकसान

## फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत कर काबू पाया


**डूंगरपुर, (निसं)।** शहर के नया बस स्टैंड रोड पर शनिवार सुबह एक रेडीमेड गारमेंट की दुकान में अचानक आग लग गई। आसपास के दुकानदारों ने धुआं और आग की लपटें उठते देखी तो कोतवाली थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची 2 दमकल ने आग पर काबू पाया। प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट से आग लगना बताया जा रहा है। आग से दुकानदार को लाखों रुपए का नुकसान हो गया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र में तहसील चौराहा से नया बस स्टैंड रोड पर शनिवार सुबह 9 बजे आसपास के दुकानदारों ने एटीएम मेन्स वियर की दुकान से काले धुएं के साथ आग की लपटें दिखाई दी। इस पर व्यापारियों ने दुकान मालिक को फोन किया तो वह मौके पर पहुंचा और शटर खोला तो अंदर आग की लपटें नजर आई। आसपास काला धुआं फैलने से लोगों को दिखना बंद हो गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड और कोतवाली थाना से सीआई सुरेंद्र सोलंकी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

उन्होंने बताया कि आग लगने के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड जमा हो गई। फायर ब्रिगेड की 2 गाडियों ने कडी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक आग से दुकान का काउंटर, रेडीमेड कपडे, कम्प्यूटर और एसी जलकर खाक हो गए। आग लगने के दौरान आसपास के दुकानदारों को समय पर पता चल गया और समय पर आग फैलने से रोक ली गईए वरना बडा नुकसान हो सकता था। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। व्यापारी मयूर जैन बताया कि आग लगने से 10 लाख रुपए से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

# रोडवेज बस एवं मिनी ट्रक में टक्कर से बच्ची सहित दो की मौत, 24 घायल

**जालोर, (कासं)।** जालोर शहर के निकट लेटा ग्राम में शनिवार को रोडवेज बस व मिनी ट्रक की टक्कर में बच्ची सहित दो जनों की मौत हो गई। तथा चौबीस जने घायल हो गये। घायलों को राजकिय चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया है। घटना की सूचना पर जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग व जिला कलैक्टर निशांत जैन ने ट्रोमा सेन्टर पहुंचकर घायलों की कुशलक्षेम पूछ कर उचित उपचार के निर्देश दिए।



जालोर शहर के पास लेटा गांव में हुए हादसे में बस क्षतिग्रस्त हो गई।

जालोर जिले के मुख्य मार्ग सांडेराव बालोतरा एनएच-325 पर शनिवार सुबह करीब 10.30 बजे रोडवेज बस जालोर से जोधपुर की तरफ जा रही थी तथा मिनी ट्रक जालोर की तरफ आ रही थी। घायलों को राजकीय ट्रोमा सेंटर पहुंचाया गया। जालोर मुख्यालय से महज चार किलोमीटर दूर लेटा मार्ग पर सुबह करीब 10.30 बजे रोडवेज बस और मिनी ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत में बस में सवार 6 महीने की मासूम काव्या निवासी आलासन जालोर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, ट्रक ड्राइवर सीकर निवासी धर्मपाल मीना गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाते समय बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। वहीं अन्य घायलों को 108 की सहायता से राजकीय ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया।

हादसे की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस मय जाब्ता के मौके पर पहुंचे। उन्होंने जेसीबी की सहायता से बस और ट्रक को दूर करवाकर कर अलग किया। वहीं, वाहनों की लम्बी कतार होने पर यातायात प्रभारी लीला चौधरी सहित टीम ने यातायात सुचारू करवाया। मिनी ट्रक में सरकारी शराब भरी हुई थी, जो जालोर आबकारी गोदाम पर जा रही थी। वहीं दुर्घटना में घायल यात्रियों की सूचना पर जालोर उपखंड अधिकारी दिनेश धाकड ने मौके पर पहुंचकर घायलों का डॉक्टर की सहायता से इलाज शुरू करवाया। वहीं, गंभीर घायलों को एंबुलेंस की सहायता से अन्य अस्पतालों में रेफर पर किया गया। जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचे। इसके बाद घायलों से मिलने ट्रोमा सेंटर पहुंचे। घायलों से मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछी व अस्पताल टीम को आवश्यक निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्टर निशांत जैन ने मुलाकात कर घायलों से हादसे की जानकारी ली। वही ट्रॉमा सेंटर के चिकित्सकों को घायल यात्रियों के इलाज में कोताही नहीं बरते के दिए निर्देश। राहुल (22), नारायणलाल (30), तेजकरण (25), भैराराम (40), मंजू (50), भरत (16) , कानाराम (65) , मिलन परिहार (21), प्यारी (50), खरगी (30) , अणसी (22), तोलाराम (50), सुनीता , भंवर कंवर (49) , कमला (40) , पूजा (18) तथा इना देवी (38) सहित 24 लोग घायल हुए।

# बारिश में मकान की छत ढही, दो भाईयों की मौत

**बीकानेर, (कासं)।** बीकानेर में शनिवार को एक हादसे में दो भाईयों की मौत हो गई। बारिश के कारण अचानक मकान की छत ढ ह गई। इस दौरान कमरे में सो रहे पांच लोग मलबे में दब गए। तीन लोगों को बाहर निकाल लिया गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

हादसा शनिवार सुबह 5 बजे छतरगढ़ में हुआ। छोटूराम का परिवार टप्पू सिंह के खेत पर मजदूरी करता है। शुक्रवार रात में परिवार के पांच लोग सो रहे थे। इसी दौरान शनिवार सुबह 5 बजे अचानक छत ढ ह गई। इस हादसे में 10 साल के राकेश और 8 साल के अनिल की मौत हो गई। घर के इस तरफ की दीवार छत सहित गिर गई। छत कच्ची थी लेकिन पक्की दीवार का एक हिस्सा बच्चों पर आ गिरा। घर के इस तरफ की दीवार छत सहित गिर गई। छत कच्ची थी लेकिन पक्की दीवार का एक हिस्सा बच्चों पर आ गिरा। पिता छोटूराम ने बताया कि उसके पांच बेटे और एक बेटी घर के अंदर ही सो रहे थे। एक तरफ राकेश और अनिल सो रहे थे, जबकि कुछ फीट दूरी पर ही दूसरे भाई-बहन सो रहे थे। खेत मालिक का बेटा भी वहीं सो रहा था। जबकि वह खेत में पानी देने गया था।

खेतों में मजदूरी के कारण छोटूराम इन बच्चों को अपने साथ ही अलग अलग खेतों में ले जाता है। इस गरीब परिवार को खेत मालिक ही रहने के लिए जगह देता है। जिस मकान में हादसा हुआ, वो चारों तरफ से पक्की दीवार से बना है जबकि छत कच्ची थी।

# चिड़ावा बंद रहा, आरोपी को फांसी देने की मांग

**चिड़ावा, (निसं)।** उदयपुर में कन्हैयालाल की निर्मम हत्या के विरोध में आज चिड़ावा शहर बन्द रहा। हिंदूवादी संगठनों के बंद को भारतीय जनता पार्टी ने भी अपना समर्थन दिया था। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर कन्हैयालाल के हत्यारों को फांसी देने की मांग की।

बन्द के दौरान शहर का मुख्य बाजार, विवेकानन्द चौक, राजकला कॉम्प्लेक्स, पूनिया कॉम्प्लेक्स, अनुराग कॉम्प्लेक्स, कबूतरखाना बस स्टैंड, पुरानी तहसील रोड, कोर्ट रोड, पंचायत समिति मार्केट, स्टेशन रोड, नया बस स्टैंड, स्टेशन, झुंझुनूं रोड चुंगी चौराहा, अरड़ावतिया कॉलोनी, सेखसरिया मार्केट सहित लगभग सभी इलाके बन्द रहे।

# खिड़की के सरिया काटकर 15 लाख का सामान पार

- **5 किलो चांदी सहित पीतल व तांबे बर्तन ले गये चोर**

**बीदासर, (निसं)।** कस्बे के वार्ड 1 नगर पालिका मार्ग स्थित राजकुमार भंसाली के बंद मकान से अज्ञात चोर घर के पीछे बनी खिड़की के लोहे के सरियों को काटकर घर में प्रवेश कर लगभग एक दर्जन से अधिक कमरे, अलमारी व संदूकों के ताले तोड़कर लगभग 15 लाख रूपये का सामान चुराकर ले गये। अज्ञात चोर घर में तीन-चार दिनों तक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर करीब 350 किलो पीतल व 200 किलो तांबा और 5 किलो चांदी पार कर ले गए। घर में हुई चोरी की घटना की सूचना मकान मालिक को उनके परिचित महावीर जैन ने दी जिस पर मकान मालिक 30 जून को जयपुर से बीदासर पहुंचा जहां चारों तरफ सामान बिखरा पड़ा मिला कमरों व अलमारियों के ताले टुटे हुये थे।

मकान मालिक राजकुमार भंसाली ने शुक्रवार की देर शाम पुलिस थाना मे चोरी की घटना का मामला दर्ज करवाया। पुलिस सुत्रों के अनुसार राजकुमार ने पुलिस थाना में लिखित रिपोर्ट में बताया कि मेरे मकान के पीछे की तरफ की खिड़की के सरियों को काटकर चोरों ने मेरे घर में प्रवेश किया व मेरे घर के चार कमरों, चार दुछत्तियों व एक स्टोर के ताले तोड़कर तथा कमरे मे रखी आठ-नौ संदूकों एवं चार अलमारियों के ताले तोड़कर उसमें रखे चांदी के जेवरात सहित अनेक सामान ले गये।

# देश और समाज के प्रति भक्ति होनी चाहिए: मोहन भागवत

## आचार्य महाश्रमण से रतनगढ़ में मुलाकात करेंगे

- **राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत ने आदर्श विद्या मंदिर चूरू में आयोजित एक बैठक में स्वयंसेवकों को सम्बोधित किया**
- **सर संघचालक मोहन भागवत और आयोजकों ने मीडिया से दूरी बनाए रखी**

**चूरू, (कासं)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत ने स्वयंसेवकों से कहा है कि बिना स्वार्थ भाव से कार्य करें। सर संघचालक मोहन भागवत आज आदर्श विद्या मंदिर चूरू में आयोजित एक बैठक में स्वयंसेवकों को सम्बोधित कर रहे थे।

भागवत ने कहा कि देश के प्रति और समाज के प्रति भक्ति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तन समर्पित, मन समर्पित और मेरा जीवन भी समर्पित है। भागवत ने कहा कि हमें समग्र समाज में अच्छे व्यक्तियों का निर्माण करना है। वर्ष 2024 तक देश के प्रत्येक घर तक पहुंचना है। भागवत ने कहा कि शाखा कार्य का यंत्र है। उन्होंने कहा कि अपना कार्य निश्चित समय में पूरा करें। संघ बड़ा हो गया है, कार्य करना पड़ेगा।

इस मौके पर क्षेत्रीय संघ चालक रमेश अग्रवाल, अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख सांवन्त रंजन, क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम, क्षेत्रीय कार्यवाह जसवंतसिंह, जयपुर प्रचारक शैलेन्द्र, क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख मनोज, जिला संघचालक डॉ. बनवारीलाल, अशोक, चित्तौड़गढ़ प्रांत प्रचारक विजयानंद, संघ चालक विश्वनाथ आदि सहित चूरू और रतनगढ़ के 260 कार्यकर्त्ता मौजूद थे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत की सुरक्षा का पुख्ता बंदोबस्त किया गया। उनके यहां पहुंचने से पहले ही पुलिस और अन्य सुरक्षाकर्मियों ने मोर्चा सम्भाल लिया। कार्यक्रम में पहुंचे कार्यकर्त्ताओं की जांच की गई। इस दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत ने मीडिया से दूरी बनाए रखी। कार्यक्रम स्थल पर मीडिया का प्रवेश भी निषेध रहा। जानकारी के अनुसार सर संघचालक मोहन भागवत रविवार को रतनगढ़ में कार्यकर्त्ताओं को सम्बोधित करेंगे। वे आचार्य महाश्रमण से भी मुलाकात करेंगे।

# झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना

**करौली, (निंस.)।** बीते कई दिनों से करौली जिला मुख्यालय पर पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बीच शनिवार को दोपहर झमाझम बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया।

करौली जिले में गत दिनों आए प्री मानसून के बाद सप्ताह भर से करौली शहर के लोग भीषण गर्मी और उमस की मार झेल रहे थे। शनिवार को दोपहर अचानक मौसम ने पलटा खाया और आसमान में घने काले बादल छा गए शाम 4:30 बजते ही रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ और कुछ ही देर में झमाझम बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया। करीब आधे घंटे तक हुई बारिश से सड़कों पर पानी बह निकला। नगर परिषद प्रशासन की सफाई व्यवस्था की पोल खुल कर सामने आ गई नाले नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बहने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। सायंकाल मौसम सुहावना होने से लोगों की बाजारों में चहल-पहल देखी गई।

# कन्हैयालाल के परिवार को अकेला नहीं पड़ने देंगे: मिश्रा

**उदयपुर, (कासं)।** भाजपा नेता कपिल मिश्रा शनिवार को उदयपुर पहुंचे और वे यहां से. 14 स्थित कन्हैयालाल के निवास पर गए और वहां शोक संतप्त परिवार से मिल उन्हें क्राउड फंडिंग से एकत्रित की गई राशि में एक करोड़ रूपए कन्हैयालाल के परिवार को देने की घोषणा की।

कपिल मिश्रा ने इस दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि मैं दो चीजें कहना चाहता हूं- पहली चीज कन्हैयालाल जी ने जो बलिदान दिया है पूरा देश, पूरा हिन्दु समाज कन्हैयालाल का ऋणी है व इनके परिवार का कर्जदार है। ये कर्ज समाज कभी उतार नहीं पाएगा। उन्होंने कहा कि जिन जिहादियों ने यह नृशंस हत्याकांड किया है मैं कहना चाहता हूं कि तुम हमें डरा नहीं सकते, तुम हमें हरा नहीं सकते। यह भारत की पुण्य भूमि है यहां आतंक व जेहाद जब-जब आया है तब तब उनकी पराजय हुई है। ऐसे साहसी सपुत कन्हैयालाल जैसे इस वीरभूमि पर पैदा होते है आप उन्हें छल व धोखे से तो मार सकते हो लेकिन आप इनके साहस व हिम्मत को नहीं तोड़ सकते।



भाजपा नेता कपिल मिश्रा अस्पताल में घायल ईश्वरलाल से मिले।

इसके बाद कपिल मिश्रा ने कहा कि हम लोगों ने एक अपील की थी कि 'कन्हैयालाल के परिवार को न कमजोर पड़ने देंगे ना अकेला पड़ने देंगे' के तहत क्राउड फंडिंग के जरिए 14416 लोगों से कुल एक करोड़ 70 लाख रूपए एकत्रित हुआ है। जिसमें से एक करोड़ की मदद कन्हैयालाल के परिवार को दी जाएगी। इसके लिए हमने माताजी व कन्हैयालाल की धर्मपत्नी का बैंक एकाउंट लिया है जिसमें यह राशि भेजी जाएगी। इस राशि से कन्हैयालाल के मकान पर जो बैंक का होम लोन चल रहा है उसे चुकाया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम कन्हैयालाल के परिवार को आर्थिक रूप से कभी अकेला नहीं पड़ने देंगे। बेटे के कोचिंग व शिक्षा की जिम्मेदारी व कानून व वकील कोई भी आवश्यकता है उसकी जिम्मेदारी हम लेंगे। इसके साथ ही उन्होंने घटना में घायल ईश्वरलाल को 25 लाख रूपए की मदद देने की घोषणा भी की। इसके अलावा राजसमंद में भीड़ द्वारा कांस्टेबल संदीप पर हमला कर घायल होने पर उसके परिवार को पांच लाख रूपए की सहायता व महाराष्ट्र में उमरावती में हुई उमेश कोहली की हत्या के बाद उनके परिवार को भी 30 लाख की मदद दी जाएगी। इसके बाद भी जो पैसा बचेगा वह कन्हैयालाल के परिवार को ही दिया जाएगा।

उन्होंने राजस्थान प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि इस घटना के बाद यहां की कानून व्यवस्था से थोड़ा भरोसा हिल चुका है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे हत्या करके कोई चला जाए इसकी जिम्मेदारी कब सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का नाम अशोक है लेकिन यह कन्हैयाजी के मकान पर शोक है।

# कैला मां के दर्शनों के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

## मंदिर ट्रस्ट की ओर से दर्शनार्थियों के लिए छाया पानी के माकूल प्रबंध किए गए

**करौली, (नि.स.)।** उत्तर भारत के प्रमुख शक्तिपीठ तीर्थ स्थल कैलादेवी कस्बे में शनिवार को अवकाश के चलते दर्शनार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ी।

आस्था धाम कैलादेवी में शनिवार को कैला माता के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। माता के दर्शनों के लिए उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली के अलावा राजस्थान सहित कई अन्य प्रांतों से दर्शनार्थी कैला देवी पहुंचे। जिन्होंने प्रात: कालीसिल नदी में स्नान कर हाथों में पूजा की थाली लिए सर पर लाल चुनरिया बांधे कैला माता के जयकारे लगाते हुए मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने कतारों में लगकर कैला माता के दर्शन कर अपने परिवार की खुशहाली की मनौती मांगी। इस दौरान बाजारों में खेल खिलौने भोग प्रसाद की दुकानों पर अच्छी खासी बिक्री हुई वही कैला देवी मंदिर ट्रस्ट की ओर से दर्शनार्थियों के लिए छाया पानी के माकूल प्रबंध किए गए।



शनिवार को अवकाश रहने से बढ़े श्रद्धालु।

# भीलवाड़ा में कोरोना के छह संक्रमित मिले, एक्टिव केस 27

**भीलवाड़ा, (निसं)।** भीलवाडा में शनिवार को कोरोना के 3 महिलाओं सहित कुल 6 नए संक्रमित सामने आए हैं। इनमें शहरी क्षेत्र के 2 जबकि गुलाबपुरा के 4 लोग शामिल हैं। एक्टिव केस की बात करें तो उनकी संख्या 27 तक पहुंच चुकी है।

आरआरटी टीम प्रभारी डॉ. घनश्याम चावला ने बताया कि भीलवाडा में कोरोना संक्रमण के केस लगातार सामने आ रहे हैं। शनिवार को जारी आरटीपीसीआर रिपोर्ट में 6 और संक्रमित सामने आए हैं। इनमें सांगानेर का 32 वर्षीय युवक, पुर की 54 वर्षीय महिला के साथ ही गुलाबपुरा की 22 और 30 वर्षीय दो महिलाएं, 26 साल का युवक और 54 साल का प्रौढ शामिल है। डॉ. चावला ने बताया कि सांगानेर में संक्रमित मिले युवक को एमजी अस्पताल में भर्ती किया गया है वहीं शेष पांच संक्रमितों को उपचार देकर होम क्वारंटाइन कर दिया गया है। इन 6 संक्रमितों के बाद भीलवाडा में एक्टिव केस बढ़ कर 27 तक पहुंच चुके हैं।

# हादसों के बचाव के लिए पांचना बांध के पानी में डेमो किया

## एसडीआरएफ की टीम ने लोगों को डूबने से बचाने का डेमो किया

**करौली, (निंस.)।** इन दिनों शुरू होने वाले बरसाती मानसून से नदी,नालों, तालाबों के पानी में डूबने से होने वाली घटनाओं से बचाव के लिए जिले में आई एसडीआरएफ की टीम ने करौली के पांचना पुल के पास बांध के पानी में डेमो किया। इस मौके पर जिला कलेक्टर और नवनियुक्त जिला पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे।

राज्य सरकार द्वारा राज्य के सभी जिलों में बरसाती पानी से होने वाली घटनाओं के बचाव के लिए एसडीआरएफ की टीम लगाई गई है। करौली जिले में भागचंद मीणा के नेतृत्व में शनिवार को शाम करीब 4:30 बजे प्रशासन के निर्देशानुसार पॉचना पुल के पास टीम पहुंची। उन्होंने डेमो की पूरी तैयारी कर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को सूचना दी। उसी दौरान अकस्मात बरसात आने से अधिकारी निर्धारित समय पर नही पहुॅच पाये बारिश बंद होने के बाद जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, एसपी शैलेन्द्र सिंह इन्दौलिया पांचना पुल पर पहुंचे जहां पूर्व से डेमो की तैयारी में उपस्थित टीम ने पांचना बॉध के पानी में लोगों के डूबने और उन्हें बचाने का डेमो किया।



करौली के पांचना पुल पर डेमो के दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 45 मिनट देरी से शुरू हुई, अभ्यर्थियों में दिखा रोष

## परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए भेजे गए दो पेपर

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर में शनिवार को 7 केन्द्रों पर पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। उच्च स्तर से लेट निर्देश मिले तो कांस्टेबल भर्ती परीक्षा का पेपर 45 मिनट देरी से शुरू हो पाया। ऐसे में अभ्यर्थियों में रोष देखा गया। परीक्षकों ने समझाइश कर उन्हें शांत किया।

प्रदेश में शनिवार को हुई कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए 1 लाख 72 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत हुए थे। इनमें से भीलवाड़ा में 3 हजार 576 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी। परीक्षा में कुल 2249 परीक्षार्थी ही बैठे। शेष 1327 परीक्षार्थी नदारद रहे। उधर परीक्षा को लेकर कड़ी सुरक्षा वयवस्था की गई थी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर पूरी जांच-पड़ताल के बाद ही अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया गया।

राजेंद्र मार्ग स्कूल के प्रधानाचार्य श्याम लाल खटीक के अनुसार परीक्षा का समय सुबह 8 से 10 बजे तक का था। 7 बजे तक परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश दिया गया। इससे पूर्व सुबह 6 बजे से ही परीक्षार्थी कतारों में लग गए। सुबह 8 बजे पेपर शुरू होना था लेकिन इस बार परीक्षा में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोकने के लिए दो पेपर भेजे गए थे। कौनसा पेपर बंटना है और कौनसा नहीं, इसके लिए मुख्यालय से निर्देश आने थे और उसके बाद ही पेपर बंटना था। मुख्यालय से 25 मिनट देरी से सुबह 8.25 बजे पेपर के संबंध में निर्देश प्राप्त हुए और सारी प्रक्रिया पूरी करने के बाद परीक्षार्थियों को सुबह 8.45 बजे पेपर दिए गए। हालांकि परीक्षा का समय दो घंटे का था तो ऐसे में सुबह 10.45 बजे तक परीक्षा चली। जिले में संगम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, राउमावि माण्डल, माणिक्यलाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय, महिला आश्रम उच्च माध्यमिक विद्यालय, प्रतापनगर विद्यालय, सेठ मुरलीधर मानसिंहका उमावि और राउमावि राजेन्द्र मार्ग को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा के दौरान कार्यपालक मजिस्ट्रेट ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न होने पर सभी ने राहत की सांस ली।


भीलवाड़ा के परीक्षा केन्द्र से परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी।

- **मुख्यालय से पेपर बांटने के निर्देश मिलने के बाद शुरू हो सकी परीक्षा**

# गार्गी अवार्ड के 85 प्रतिशत आवेदन अटके, तिथि बढ़ाई

## जनाधार से बैंक खाता लिंक नहीं हो पाने से नहीं हो सके आवेदन

- **31 जुलाई तक बढ़ाई अंतिम तिथि, पात्र 1.51 लाख में से, 23 हजार ही कर सकीं आवेदन**

**बीकानेर, (कासं)।** बालिका शिक्षा फाउंडेशन ने गार्गी पुरस्कार के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि में 31 जुलाई तक बढ़ोतरी की है। पिछले शिक्षा सत्र 2020-21 में पास हुई प्रदेश की 1.51 लाख बालिकाएं गार्गी और बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए पात्र हैं। बालिका शिक्षा फाउंडेशन ने इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया पिछले महीने शुरू कर दी थी। एक माह में केवल 23 हजार बालिकाओं ने ही ऑनलाइन आवेदन किए हैं।

यानी 85 प्रतिशत बालिकाएं अभी भी ऑनलाइन आवेदन से वंचित है। स्थिति को देखते हुए बालिका शिक्षा फाउंडेशन ने शिक्षा सत्र 2021-22 की पात्र छात्राओं के लिए आवेदन की अंतिम तिथि में 31 जुलाई तक की बढ़ोतरी की है। फाउंडेशन की सचिव डॉ. भारती वर्मा ने इस संबंध में सभी डीईओ माध्यमिक को दिशा निर्देश जारी किए हैं। दरअसल, जन आधार की अनिवार्यता के चलते छात्राएं आवेदन नहीं कर पा रही है। अनेक छात्राओं के बैंक अकाउंट जन आधार से लिंक नहीं है। जिस कारण इनके आवेदन नहीं हो पा रहे हैं। पिछले शिक्षा सत्र में गार्गी पुरस्कार के लिए 80 हजार और बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए 71 हजार बालिकाएं पात्र हुई है। गार्गी पुरस्कार के लिए अब तक की 11 हजार और बालिका प्रोत्साहन के लिए 12 हजार छात्राएं ही आवेदन किया है। वहीं शिक्षा सत्र 2019-20 में कक्षा 10वीं की गार्गी पुरस्कार की पात्र 54 हजार बालिकाओं को इस साल गार्गी पुरस्कार की द्वितीय किस्त का भुगतान किया जाना है। इनमें से 25 हजार छात्राएं आवेदन से वंचित है।

शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आवेदन में आ रही समस्या के समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। यदि बालिका का अकाउंट जनआधार से लिंक नहीं है तो मां के खाते में पुरस्कार की राशि डिपॉजिट करवाने पर विचार मंथन चल रहा है।

# डिवाइडर से टकराकर कार पलटी, दो की मौत, 3 घायल

## शनिवार सुबह एक ही परिवार के दादी-पौते की मौत

**अलवर/ किशनगढ़बास, (निसं)।** अलवर के किशनगढ़बास में घासोली गांव के निकट कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। जिससे एक ही परिवार के दादी-पौते की मौत हो गई। वहीं इसी परिवार के तीन अन्य लोग गंभीर घायल हो गए हैं। घटना शनिवार सुबह करीब साढे 7 बजे की है।

पुलिस ने बताया कि धारूहेडा के निवासी रतिराम अपनी पत्नी प्रेमलता, पौते तुषार व नीतेश के अलावा पौती तन्नू और ड्राइवर नरेश यादव के साथ पांडूपाल दर्शन करने आ रहे थे। धारूहेड़ा से किशनगढ़बास होते हुए पांडूपाल पहुंचना था लेकिन शनिवार सुबह करीब साढे सात बजे किशनगढबास के निकट घासोली गांव के पास उनकी कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई।

63 साल के रतिराम की पत्नी 60 वर्षीय प्रेमलता व उसके 13 साल के पौते तुषार की मौत हो गई। वहीं 8 साल का पौता नीतेश, 16 साल की पौती तन्नू व ड्राइवर नरेश यादव घायल हो गए हैं। जिनका सीएचसी अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि कार रफ्तार में थी। डिवाइडर से टकराने के बाद पलटी खा गई। इस हादसे में दो की मौत और तीन जने घायल हुए हैं।


सड़क हादसे में घायलों का उपचार कराया।

## दो साल बाद डिग्गी में भरेगा कल्याणजी का लक्खी मेला

**मालपुरा, (निसं)।** विश्व प्रसिद्ध कल्याण जी महाराज की धर्म नगरी डिग्गी में 2 साल बाद कल्याणजी के लक्खी मेले का आयोजन होगा। कल्याण मन्दिर ट्रस्ट सदस्य गिर्राज प्रसाद शर्मा ने बताया कि कोरोना महामारी के चलते व राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन की पालना करते हुए वर्ष 2020 व 2021 में कल्याणजी का मेला आयोजन रद्द कर दिया गया था।

- **कल्याण धणी की लक्खी पदयात्रा तीन अगस्त को जयपुर से रवाना होगी जो सात अगस्त को डिग्गी पहुंचेगी**

इस बार राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन में सभी मेले व यात्राओं के आयोजन की मिली छूट के बाद जयपुर से डिग्गी के लिए आने वाली कल्याण धणी की लक्खी पदयात्रा 3 अगस्त को रवाना होगी तथा 7 अगस्त को डिग्गी पहुंच कल्याणजी के दर्शन कर मन्दिर शिखर पर पदयात्रा का निशान चढ़ाया जाएगा।

## अवैध रूप से संचालित होटल पर पुलिस का छापा

- **मौके पर दो युवक और दो युवतियां संदिग्ध हालत में मिले**

**अलवर, (निसं)।** अलवर के बानसूर कस्बे में शनिवार को पुलिस ने कोटपूतली रोड पर अवैध रूप से संचालित एक होटल पर छापा मारा। मौके पर दो युवक और दो युवतियां संदिग्ध हालत में मिले। पुलिस ने युवतियों को दस्तयाब करने के बाद छोड़ दिया। होटल को सील कर दिया गया है।

डीएसपी मृत्युंजय ने बताया कि कोटपूतली रोड पर रॉयल राव होटल अवैध रूप से संचालित हो रहा था। यहां 500 रुपए लेकर युवक-युवतियों को प्रवेश दिया जा रहा था। पड़ोसियों की शिकायत थी कि लड़के लडकियां यहां आकर पार्टी व अनैतिक काम करते हैं। शिकायत मिलने पर पुलिस ने छापा मारा, मौके पर दो युवक व दो युवतियां मिली। युवतियों को दस्तयाब करने के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस ने बताया कि होटल से एक बाइक भी बरामद की है। इसका मालिक हंसा गुर्जर है। पुलिस ने उससे भी संपर्क करने का प्रयास किया। अभी वह सामने नहीं आया है। पुलिस अवैध रूप से होटल का संचालन कर युवक-युवतियों से अनैतिक काम कराने के मामले में आवश्यक कार्रवाई करेगी।

## मुस्लिम समाज ने ज्ञापन सौंपकर कन्हैयालाल के हत्यारों को सजा देने की मांग रखी

**बीदासर, (निसं)।** उदयपुर में कन्हैयालाल की नृंशस हत्या के विरोध मे कस्बे के मुस्लिम समाज द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम का ज्ञापन एसडीएम श्योराम वर्मा को सौंपकर कन्हैयालाल की नृंशस हत्या के कातिलों को सजा दिलाने की मांग की है।

मुस्लिम समाज द्वारा मुख्यमंत्री के नाम के दिये गये ज्ञापन में बीदासर मुस्लिम एवं सर्व समाज ने कृत्य की घोर निंदा की और मुलजिमों को तुरंत प्रभाव से सख्त से सख्त सजा दिलाई जाने की मांग रखी । ज्ञापन देने वालो मे पालिका उपाध्यक्ष मेराज उल हसन छींपा, पूर्व पालिका अध्यक्ष खालिद बल्खी, एडवोकेट मो० साहिद बल्खी, भाजपा नेता गुलाम रसूल बल्खी सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।

# अलवर शहर में दुकानदारों ने अपनी मर्जी से बंद रखे बाजार

## बंद के दौरान मुस्तैद दिखी अलग-अलग थानों की पुलिस

**अलवर, (निसं)।** उदयपुर हत्याकांड के विरोध में शनिवार को अलवर शहर बंद रहा, एक सुर में व्यापारियों ने बंद का समर्थन किया। जिसका नजारा भी यह रहा कि कहीं कोई दुकान खुली नहीं मिली। कुछेक जगहों पर दो-चार दुकानें खुलने की सूचना मिली तो उनको तुरंत समझाइश कर बंद करा दिया गया।

उदयपुर हत्याकांड के बाद पूरे प्रदेश में पुलिस अलर्ट मोड पर है। अलवर में बंद के दौरान पुलिस भी मुस्तैद दिखी। अलग-अलग जगहों पर पुलिस के थानों की गश्त नजर आई। इसके अलावा पुलिस कंट्रोल रूम से बराबर मॉनिटिरंग होती रही। पुलिस के अधिकारियों को एक-एक खबर मिलती रही ताकि कहीं कोई माहौल बिगडने की तस्वीर सामने नहीं आए।

अलवर शहर में थोक व रिटेल सब्जीमंडी बंद रही। बाजारों में केवल इमरजेंसी सेवाओं की दुकानें खुली दिखी।। बाजारों में बीजेपी, बजरंग दल के अलावा व्यापारिक संस्थानों के प्रतिनिधि बाजारों में घूमते नजर आए।



अलवर बंद के दौरान बाजार सुनसान नजर आए।

## आशा सहयोगिनियों को अप्रैल पूर्व का मानदेय नहीं मिल रहा

- **मार्च 2022 से पूर्व का मानदेय महिला बाल विकास विभाग द्वारा ही दिया जाएगा : सीएमएचओ**
- **'आईसीडीएस विभाग ने चिकित्सा विभाग को अभी तक आशाओं का कोई भी बजट और रेकार्ड नहीं दिया है '**

**करौली, (नि.सं.)।** महिला बाल विकास और चिकित्सा विभाग के अधीन जिले में कार्यरत आशा सहयोगनियों को अब वेतन के लाले पड़ने लगे हैं।

वर्ष 2022 के बजट घोषणा में सरकार ने आशा सहयोगिनी को महिला बाल विकास विभाग से अप्रैल 2022 से चिकित्सा विभाग के अधीन कर दिया। जिले में कार्यरत हजारों की संख्या में कार्यरत आशाओं का महिला बाल विकास विभाग ने पूरा रिकॉर्ड चिकित्सा विभाग को सुपुर्द कर दिया लेकिन अप्रैल 2022 से पूर्व का कई महीनों का महिला बाल विकास विभाग में आशा सहयोगिनी को मानदेय नहीं दिया। इधर महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सरकार के आदेशानुसार आशाओं का पूरा रिकॉर्ड और उनका बजट चिकित्सा विभाग को सुपुर्द करा दिया गया है। उधर चिकित्सा विभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर दिनेश मीणा से इस मामले में ली गई जानकारी में कहा कि यहां का महिला बाल विकास विभाग आशा सहयोगनियों को गुमराह कर रहा है।

सीएमएचओ डॉ. दिनेश मीणा ने कहा कि इस मामले में मेरी स्टेट पर बात हुई जहां से मार्च 2022 के बाद आशाओं का मानदेय चिकित्सा विभाग द्वारा दिया जाएगा और मार्च 2022 से पूर्व का मानदेय महिला बाल विकास विभाग द्वारा ही दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा की आईसीडीएस विभाग ने चिकित्सा विभाग को अभी तक आशाओं का कोई भी बजट नहीं दिया है ना ही कोई रिकॉर्ड दिया है।

## जोधपुर संभाग में इन्टरनेट बहाल

**जोधपुर, (कासं)।** जोधपुर संभाग में निलम्बित की गई सभी प्रकार की इन्टरनेट सेवाएं शनिवार को प्रात: 6 बजे से पुन: बहाल कर कर दी गई। इस आशय का आदेश संभागीय आयुक्त हिमांशु गुप्ता ने जारी किया है। ऐसा संभाग भर में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति सामान्य होने के कारण किया गया है।

## विद्युत पोल के करंट से दो बच्चों की मौत

**पाली, (नि.स.)।** पाली में रिमझिम बारिश के बीच दो बच्चों की करंट लगने से मौत हो गई पाली के सदर थाना हाईवे के निकट कच्चे रास्ते से बाइक पर अपने घर मानपुरा भाकरी जा रहे दो बच्चों की विद्युत पोल से टकराने के बाद करंट से मौत हो गई । बारिश से मिट्टी गीले होने से बाइक स्लिप हो गई जिसके बाद एक बच्ची साइड में गिरने से बच गई और दो बच्चे सुमन पुत्री नेमाराम 10 वर्ष नरेश गणपत लाल 17 वर्ष मानपुरा भाखरी निवासी विद्युत पोल से चिपक गए। दूसरी बच्ची ने घर जाकर परिजनों को सूचित किया। बांगड़ अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## थाना प्रभारी गिरफ्तारी वारंट से तलब

**भीलवाड़ा, (निसं)।** विशिष्ट न्यायाधीश (पोक्सो एक) देवेंद्र सिंह नागर ने पूर्व में रायला थाना प्रभारी के पद पर तैनात रहे गजराज चौधरी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। कोर्ट ने सीआई को गिरफ्तारी वारंट से 16 जुलाई को तलब किया है। सीआई गजराज अभी गुलाबपुरा थाना प्रभारी हैं।

न्यायालय सूत्रों के मुताबिक, नाबालिग से रेप के एक मामले में पूर्व रायला थाना प्रभारी गजराज चौधरी की पोक्सो कोर्ट में गवाही होनी है। इसके लिए कोर्ट उक्त गवाह को 18 नवंबर 21 से प्रत्येक तारीख पेशी पर तलब किया जा रहा है। उक्त गवाह की कभी तफ्तीश तो कभी अन्य प्रकरण में जाने, कभी कानून व्यवस्था ड्यूटी में व्यस्त होने से वायरल संदेश व रिपोर्ट प्राप्त हो रही है। कोर्ट ने लिखा है कि गवाह, कौनसी कानून व्यवस्था ड्यूटी में व्यस्त है, इसका उल्लेख नहीं किया जा रहा है। ऐसे में गवाह को गिरफ्तारी वारंट से तलब किया जाये। मुचलका राशि 1000 का 446 सीआरपीसी का नोटिस जारी किया जाये।

न्यायालय सूत्रों के अनुसार, रायला थाने में 14 जनवरी 21 को 154 (3) सीआरपीसी के तहत रिपोर्ट प्राप्त हुई थी। इस रिपोर्ट में 17 वर्षीय पीड़िता ने 23 वर्षीय कन्हैयालाल कुमावत को आरोपित बनाया था। पीड़िता ने रिपोर्ट में आरोप लगाये कि दो साल पहले वह घर में अकेली थी। आरोपित ने मौका पाकर उसे चाकू दिखाते हुये जबरन उसके साथ बलात्कार किया। मोबाइल से अश्लील फोटो खींच लिए और वीडियो भी बनाई। जान से मारने व बदनाम करने की धमकी दी। आये दिन डरा-धमकाकर रेप करता।

दो माह पहले भी पीड़िता से रेप किया। घर वालों से पीड़िता की सगाई की तो वहां भी आरोपित ने फोन कर डराया-धमकाया। इसके बाद पीड़िता ने आपबीती पिता को बताई। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। तब गजराज चौधरी, रायला थाना प्रभारी थे। ऐसे में इस मामले में उनकी कोर्ट में गवाही होनी है।

## जेईई-मेन 2022: जुलाई आवेदन में करेक्शन का अन्तिम मौका आज

- **परीक्षा केंद्र के स्टेट बदलने का मौका नहीं**

**कोटा, (निसं)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन के दूसरे अटेम्प्ट के आवेदन का एक और मौका स्टूडेंट्स को दिया गया है स्टूडेंट्स पहले अटेम्प्ट के परिणाम के बाद दूसरे अटेम्प्ट के लिए पुन: आवेदन कर सकते है। दूसरे एटेम्पट की परीक्षा 21 से 30 जुलाई के मध्य प्रस्तावित है।

आवेदन में करेक्शन का अंतिम मौका आज-एलन के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि ऐसे स्टूडेंट्स जिन्होंने जून व जुलाई दोनों अटेम्प्ट के लिए आवेदन किया है साथ ही अब जुलाई अटेम्प्ट के आवेदन में अब करेक्शन करना चाहते है वे परेशानी में दिख रहे है क्योकि जुलाई अटेम्प्ट के आवेदन में एनटीए द्वारा करेक्शन का एक अंतिम मौका और दिया गया है परन्तु करेक्शन के दौरान ऐसे विद्यार्थी असमंजस में आ गए है जिन्होंने पहले अपनी केटेगरी सर्टिफिकेट में संशय होने पर जनरल केटेगरी से आवेदन कर दिया था परन्तु अब केटेगरी सर्टिफिकेट तो बनवा लिया है लेकिन अब दूसरे अटेम्प्ट के लिए केटेगरी में बदलाव नहीं कर पा रहे है क्योकि करेक्शन के दौरान स्टूडेंट्स को केटेगरी में बदलाव का मौका नहीं दिया गया है। इसके अतिरिक्त ऐसे स्टूडेंट्स भी परेशानी में है जो अपना परीक्षा केंद्र दूसरे स्टेट के शहरो में लेना चाहते है परन्तु उन्हें दिए गए करेक्शन के विकल्प में भी दूसरे अटेम्प्ट की परीक्षा देने के लिए पहले भरे हुए परमानेंट एड्रेस एवं कॉरपोन्डेंस एड्रेस के आधार पर ही चुने हुए स्टेट के शहरों में परीक्षा देने का ही विकल्प मिल रहा है जिससे वे अपने मनचाहे स्टेट के परीक्षा शहर को नहीं चुन पा रहे है और उन्हें मज़बूरी वश पहले के भरे हुए स्टेट में से परीक्षा शहर को लेना पड रहा है। स्टूडेंट्स आवेदन में करेक्शन 3 जुलाई रात 11 ;50 बजे तक कर सकते है।

# डूंगरपुर शहर में लगभग डेढ घंटे मूसलाधार बारिश

## तापमान में 5 डिग्री से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई, लबालब हुआ भीतरी शहर, दिन भर चली बिजली की आंख मिचौनी


शहर में शनिवार सुबह तेज हुई बारिश के बाद बाजार में पानी भर गया।

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर शनिवार भौर में 4.3० बजे से 6 बजे के लगभग तक तेज बारिश का दौर चला। बारिश से भीतरी शहर की गलियां जहां पानी से लबालब हो गई। अचानक बारिश के इस दौर के कारण सामान्य जन जीवन भौर में ही अस्त व्यस्त हो गया।

तेज वर्षा के दौर के कारण भीतरी शहर के घाटी, फौज का बडला, सर्राफा बाजार, कानेरा पोल, भोईवाडा, मोची बाजार में घुटनो घुटनों तक पानी बहने लगा। अचानक हुई बारिश से समाचार पत्रो के वितरण में भी काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा। बारिश के रूकने के बाद आसमान में घनघोर काले बादल छाए रहे। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया है और तापमान में भी 5 डिग्री से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई है।

## कोटड़ा में चार इंच से अधिक वर्षा, लेकसिटी में बारिश का दौर जारी

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर में मानसून की एंट्री के साथ ही जिले में शनिवार को भी बूंदाबांदी का दौर रूक-रूक कर जारी रहा। वहीं जिले में सभी तहसील मुख्यालयों पर तेज से मध्यम वर्षा दर्ज हुई। प्रात: 8 बजे समाप्त बीते 24 घंटों में जिले में सर्वाधिक बारिश कोटड़ा में 119 मिमी (चार इंच से अधिक) रिकॉर्ड की गई। वहीं शहर में आज दिनभर उमस के बीच बादल घूमड़-घूमड़ कर आते रहे लेकिन बारिश का दौर हल्का ही रहा। वहीं गिर्वा में 17 मिमी, बडगांव में 30 मिमी, गोगुन्दा में 9 मिमी, वल्लभनगर में 24, फलासिया-भीण्डर में 3-3, सलूंबर में 26, सराडा में 5, सेमारी में 2, खेरवाडा में 10, ऋषभदेव में 11, झाडोल में 7, कुराबड में 44, कानोड में 6 तथा नयागांव में 11 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

## जालोर में झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहावना


जालोर में झमाझम बारिश से सड़कों पर पानी बहता नजर आया।

**जालोर, (कासं)।** जालोर में शनिवार शाम को झमाझम बारिश से मौसम सुहावना हे गया। शनिवार करीब चार बजे सड़कों पर पानी बहता नजर आया। वही शहर के तिलकद्वार, बडी पोल व लाल पोल से पानी पूरे वेग के साथ बहने से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के कई इलाको में पानी भरा नजर आया। शहर के नया बस स्टेण्ड के मुख्य गेट के आस -पास बारिश के पानी की निकासी नही होने से पानी भर गया यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। सिवाना में शुक्रवार को अर्ध रात्रि में हल्की बूंदाबांदी हुई। वहीं शनिवार को दोपहर लगभग 1 बजे मौसम का मिजाज बदल गया। कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गया जिसका नन्हे बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया।

## संक्षिप्त

### सुनील अध्यक्ष, जितेंद्र मंत्री बने

**टोंक,** (निसं)। श्री दिगंबर जैन नसिया में टोंक व्यापार महासंघ के अध्यक्ष मनीष बंसल एवं महामंत्री आनंदवर्धन बम्ब की अध्यक्षता में हुई बैठक में डिस्पोजल व्यापार संघ के चुनाव संपन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति से सुनील बोरदा अध्यक्ष, जितेंद्र माहेश्वरी मंत्री, कैलाश तवर उपाध्यक्ष, पवन कंटान महामंत्री, धर्मचंद जैन को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस मौके नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को टोंक व्यापार संघ की तरफ से माला पहनाई गई। इस मौके पर व्यापार महासंघ के महामंत्री आनंद वर्धन बम्ब ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंधित आइटम ना बेचे प्लास्टिक थैली का उपयोग ना करें। प्लास्टिक उपयोग ना करने के लिए पंपलेट, बैनर छपाये जाएंगे।

### इंटरनेट सेवाएं बाधित रही

**टोंक,** (निसं)। उदयपुर में हुई युवक की हत्या के मामले में शनिवार को प्रशासन व पुलिस सतर्क रही और इंटरनेट सेवाएं भी बाधित रही। जिला मुख्यालय सहित जिलेभर में जिला व पुलिस प्रशासन सतर्क रहा और जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल व पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशानुसार पुलिस दल गश्त करते हुए नजर आए। टोंक शहर में प्रमुख चौराहों पर पुलिस जवान तैनात रहे और पुलिस अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में गश्त करते हुए नजर आए। शनिवार को भी इंटरनेट सेवाएं बाधित रही, जिससे दुकानदारों व लोगों के रोजमर्रा के नगदी लेनदेने का काम प्रभावित रहा। लोगों के अन्य काम काज भी ठप रहे।

### झगड़ा करते चार जने गिरफ्तार

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती पनियाला थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित तिरूपती होटल के सामने साइड की बात को लेकर झगड़ा करते चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार हरियाणा रोडवेज चालक व परिचालक नीरज पुत्र रामनिवास जाट निवासी माहारा थाना ब्रोन्दा जिला सोनीपत, सतीश पुत्र ओमप्रकाश जाट निवासी आहुलाना थाना बरोदा जिला सोनीपत व पिकअप चालक बालुराम पुत्र लीलाराम गुर्जर, राजेन्द्र पुत्र रामकिशन गुर्जर निवासी भढाना की बाल थाना नारायणपुर को गिरफ्तार किया है।

### ध्वनी प्रदूषण में तीन गिरफ्तार

**कोटपूतली,** (निसं)। पुलिस ने तीन अलग-अलग जगहों पर आर.एन.सी. एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर स्पीकर जप्त किए हैं। पुलिस के अनुसार मुख्य चौराह स्थित पुलिया के नीचे तेज आवाज में स्पीकर बजाते टैम्पो चालक धर्मपाल पुत्र जयदयाल मीणा निवासी पुतली को गिरफ्तार किया है। इसी तरह बानसूर रोड स्थित राजकीय बालिका विद्यालय के सामने तेज आवाज में स्पीकर बजाते ट्रैक्टर चालक बलवंत गुर्जर निवासी मांची मीरापुर थाना हरसौरा व गिरीराज जाट निवासी मुण्डावरा को गिरफ्तार कर डेक मशीन जब्त की है।

### महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**निवाई,** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश क्रिया शुरू हो गई है। जिसके लिए आवेदक ई-मित्र के माध्यम से ऑनलाइन प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश प्रभारी डॉ. रामलाल मीणा ने बताया कि राजकीय महाविद्यालय में ऑन लाइन प्रवेश प्रकिया की अंतिम तिथि 9 जुलाई है जिसके लिए विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में विज्ञान संकाय हेतु 70 सीटें, कला संकाय में 80 सीटों पर ऑन लाईन आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार कन्या महाविद्यालय निवाई व कन्या महाविद्यालय दतवास में 160 - 160 सीटों पर आवेदन कर सकते हैं।

### शिशु वाटिका का शुभारंभ

**बौंली,** (निसं)। माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर बौंली के प्रांगण में प्रैक्टिकल शिशु वाटिका का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नव प्रवेश करने वाले नौनिहालों को विभिन्न प्रकार की चित्रकारी, तरणताल, व शिक्षा से संबंधित जानकारी खिलौनों के माध्यम से दी गई। शुभारंभ के अवसर पर विद्या मंदिर के अध्यक्ष एवं समाजसेवी ओम प्रकाश जोशी, व्यापारी नरेश गुप्ता, प्रधानाचार्य प्रेम राज सिंह, व्यवस्थापक रामचरण मंगल, कोषाध्यक्ष गोपाल शर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जर्जर मुख्य मार्ग गंदे पानी का तालाब बना, राहगीर परेशान

**पावटा,** (निसं)। शहर से होकर गुजरने वाले स्टेट हाईवे 175 पर रामपुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास मुख्य मार्ग गंदे पानी के तालाब में तब्दील हो चुका है, हाईवे पर लगभग 100 फीट की दूरी तक पानी भर गया है।

सड़क पर गहरे गड्ढे बनने तथा उसमें दूषित पानी जमा होने से हालत काफी गंभीर बने हुए हैं। जर्जर सड़क होने के कारण यहां से गुजरने वाले लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद भी सड़क की दुर्दशा पर किसी अधिकारी का ध्यान नहीं जा रहा है। शहर के अंदर की सड़कें हो या बाहरी सीमा से गुजरने वाले स्टेट हाईवे, सभी खस्ताहाल हैं। शहर से होकर गुजरने वाले स्टेट हाईवे 175

■ वहीं शहर के अंदर की सड़कें हों या बाहरी सीमा से गुजरने वाला हाईवे सभी खस्ताहाल



पावटा शहर से होकर गुजर रहे स्टेट हाईवे 175 पर रामपुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास मुख्य मार्ग में लगभग 100 फीट की दूरी तक पानी भर गया है।

शहर में प्रवेश करते ही भोनावास टसकोला रोड से लेकर शहर के बाहरी छोर तक पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। रामपुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास स्टेट हाईवे की हालत खस्ता हो चुकी है। यहां पर सडक मार्ग में गहरे गड्ढे बन चुके हैं तथा इनमें बरसाती व सीवरेज का गंदा पानी जमा हो गया है। जिससे वाहन चालकों को यहां से बेहद सावधानी के साथ निकलना पडता है। गड्ढों के कारण यहां कई बार हादसे भी हो चुके हैं। यहां से भारी वाहनों का आवागमन होता है। क्रेशर जोन में जाने वाले अधिकतर बडे वाहन यहीं से गुजरते हैं। सडक में बने गड्ढों के कारण यहां पर कई बार बडे वाहन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं और वे जाम का भी कारण बनते हैं। इसके अलावा सडक पर बने गड्ढे हादसों को न्यौता दे रहे हैं। स्थानीय लोगों द्वारा प्रशासन से इसके सुधार की अपील की गई है।

## रिमझिम बारिश का दौर जारी

**टोंक,** (निसं)। जिला मुख्यालय सहित आसपास के इलाकों में शनिवार को सुबह से बादल छाये रहे व दोपहर में धूप निकलने के बाद शाम को फिर रिमझिम बारिश का दौर शुरु हुआ, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। जिला मुख्यालय पर दिनभर बादल व धूप के साथ शाम साढे 4 बजे के बाद फिर से रिमझिम बारिश का दौर शुरु हो गया और बारिश के बीच लोग छतरियां लेकर और भीगते हुए अपने रोजमर्रा के कार्यो में लगे नजर आए।

**टोडारायसिंह** क्षेत्र में शनिवार को भी रूक-रूक बारिश होने से बरसात का दौर जारी रहा। वहीं उपखण्ड क्षेत्र में अच्छी बरसात होने से खेतों में चहल पहल होने लगी है। शनिवार को भी कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में रूक रूक कर बारिश होने से मौसम खुशनुमा बना रहा। शनिवार की छुट्टी होने से दिनभर बीसलपुर रोड पर वाहनों की आवाजाही बनी रही। बरसात के बाद पहाड़ से गिरते झरनों के मनोरम दृश्य को देखने ने पहाडी के तलहटी पर भैंरू जाम, हाथी खल्ला, जोगिडा आदि झरनों पर सुबह से ही भीड नजर आई। कस्बे के बाजारों में रूक रूक बरसात होने से दिनभर पानी बहता रहा। शनिवार को कस्बा सहित गणेती, भासू, थडोली, बासेडा, मोर, पंवालिया, कूकड सहित आस पास के गांवों में बारिश से खेतों में चहल पहल होने लगी है।

## शक्ति दल के कार्यकर्ताओं का सम्मान

**राजगढ़,** (निसं)। राजगढ़ में भगवान जगन्नाथ महाराज रथयात्रा महोत्सव के दौरान वर्षों से कला एवं कौशल का प्रदर्शन कर रहे शक्ति दल का अभ्युदय मंच ने सम्मान किया। मंच के कार्यकर्ताओं ने अपनी पूर्व परंपरा के साथ राजगढ़ के एक मात्र सक्रिय अखाड़े 'शक्ति दल' का सम्मान किया गया।

अखाड़े के ध्वज पूजन, शस्त्र पूजन के साथ सभी पट्टे बाज युवाओं व बालिकाओं का अभ्युदय मंच के कार्यकार्ताओं ने स्वागत व सम्मान किया। साथ ही अखाड़े के गुरु श्री जगदीश सारासार जी का साफ़ा बांध कर शहर की तरफ से सम्मान किया। राजगढ़ के वाल्मीकि समाज के द्वारा संचालित इस अखाड़े के द्वारा पिछले 45 वर्षों से जगदीश सारसर के नेतृत्व में रथ यात्रा में पट्टे बाजी का बेहतरीन प्रदर्शन किया जाता है। इस अखाड़े में न केवल युवा बल्कि बालिकाएं भी बेहतरीन पट्टे बाजी-शस्त्र चलाने का प्रदर्शन करती हैं। अपनी युद्ध परंपरा को जीवित व संरक्षित रखने में इन का प्रयास , इन के समर्पण को दिखाता है। इस अवसर पर बटवाड़ा, अशोक बजाज, प्रशांत गुप्ता, दिनेश प्रधान, राजीव जैन आदि मौजूद थे।

# रीट परीक्षा के दौरान लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: कलेक्टर

**अलवर,** (निसं)। जिला कलेक्टर शिवप्रसाद नकाते ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि 24 जुलाई को जिले में होने वाली रीट परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन कराने के संबंध में सौंपे गए दायित्वों का सजगता के साथ निर्वहन करें।

जिला कलक्टर की अध्यक्षता में शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा आयोजित कराई जाने वाली रीट परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन के संबंध में तैयारी बैठक आयोजित हुई। उन्होंने निर्देश दिये कि राज्य सरकार क निर्देशानुसार रीट परीक्षा व्यवस्थित रूप से सम्पन्न होवे इसके लिए संबंधित अधिकारी पूर्व में ही सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ले। यदि किसी प्रकार की समस्या आए तो तुरन्त अवगत कराए। लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने पुलिस, आरटीओ, रोडवेज, विद्युत विभाग एवं सीएमएचओ, शिक्षा विभाग तथा नगर परिषद आयुक्त को भर्ती परीक्षा के दौरान प्रो-एक्टिव रहकर अपने-अपने दायित्वों का निवर्हन समयबद्ध रूप से करने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने कहा कि दो दिवसीय रीट परीक्षा के आयोजन के लिए पुलिस पूरी तरह से सतर्क है इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पुलिस के स्तर पर कराई जा चुकी है। नकल की रोकथाम हेतु प्रशासन एवं पुलिस पूरी तरह मुश्तैद है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रथम एवं परीक्षा नोडल अधिकारी अखिलेश पिपल ने अवगत कराया कि रीट परीक्षा के लिए कुल 87 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है जिनमें 26424 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। सभी केन्द्राधीक्षकों एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की लगभग तैयारी पूर्ण है तथा इसी प्रकार सतर्कता दलों का गठन किया गया है।

■ रीट परीक्षा की तैयारी बैठक आयोजित



बैठक में जिला कलेक्टर शिवप्रसाद नकाते ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के बासड़ी मौहल्ला स्थित मिलन टैण्ट वाली गली में घर के बाहर खडी बाइक को अज्ञात चोर चुरा ले गये। पीड़ित कपड़ा व्यवसायी गुरू प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि दोपहर करीब 3.30 बजे उसके घर के बाहर खड़ी बाईक चोरी हो गई। इस सम्बंध में थाने में चोरी का मामला दर्ज कराया गया है।

## कलश यात्रा निकाली

**निवाई,** (निसं)। निकटवर्ती गांव खेडा शुकलपुरा में श्रीराम ज्ञान कथा यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पं. कैलाशचंद शर्मा के सानिध्य में विशाल कलश यात्रा निकालकर किया। पं. कैलाशचंद शर्मा ने बताया कि गांव में स्थित हनुमान जी के मंदिर में शनिवार से श्रीराम ज्ञान कथा यज्ञ का शुभारंभ हुआ जिसको लेकर श्री राधाकिशन मंदिर से गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा रवाना हुई जो गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल हनुमानजी के मंदिर पहुंची। कलश यात्रा का जगह-जगह पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान कलश यात्रा में सैकडों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

# सरपंच पर झूठे आरोप लगाने वालों पर कार्रवाई की मांग

**बहरोड़/मुंडावर,** (निसं)। मुंडावर तहसील के जसाई गांव के सर्व समाज के लोगों ने ग्राम पंचायत जसाई के सरपंच वींरेंद्र कुमार शर्मा की छवि धूमिल करने वाले लोगों के विरुद्ध मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम पंकज बड़गुजर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की है कि झूठा ज्ञापन देने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए जिससे गांव में शांतिभंग ना हो। पंचायत के सर्व समाज के लोगों ने बताया कि सरपंच के खिलाफ 27 जून को गांव के कुछ लोगों ने छवि धूमिल करने का षड्यंत्र रचा जो ग्राम पंचायत के चुनावों के दौरान सरपंच के प्रतिद्वंदी रहे हैं व एक राशन डीलर भ्रष्टाचार में निलंबित करने की रंजिस को लेकर झूठे गम्भीर आरोप लगाकर बदनाम करने का प्रयास किया है। जबकि सरपंच ईमानदार छवि का व्यक्ति है। चुनावी रंजिस को लेकर कुछ लोगों ने झूठा ज्ञापन दिया है।

■ आरोपियों के खिलाफ सर्व समाज ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन में बताया कि सरपंच ने गांव के लोगों द्वारा जनसुनवाई में परेशानी ना हो इसके लिए गांव वालों की सहमति से अलग से कार्यालय बनाया गया था। जिसमें सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है। सरपंच के कार्यालय में गांव की बहन बेटियों की शादी होने पर बारात वगैरा भी वहीं पर ठहरती है। सरपंच के कार्यालय पर किसी भी प्रकार के असामाजिक तत्वों का जमावड़ा नहीं रहता,बल्कि कार्यालय में सामाजिक सर्व समाज के लोगों का बैठना उठना रहता है। विक्रम सिंह व सुनील कुमार सरपंच के चुनाव हारे हुए है जो सरपंच से चुनावी रंजिस रखते हैं।ऐसे में सरपंच की छवि खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही हो।

जिसके मामले में अधिकारी पंकज गुर्जर ने जानकारी लेने पर बताया कि उक्त मामलों में अनुसंधान कार्यवाही हेतु मंडावर थाना अधिकारी को निर्देशित किया गया है तथा दोनों पक्षों का अनुसंधान करने के पश्चात उचित दिशा में कार्यवाही की जाएगी।

सरपंच के पक्ष में ज्ञापन देने में सर्व समाज के लोगों में पूर्व सरपंच रामकुमार,फूल सिंह चौधरी,राजेन्द्र चौधरी मास्टर,पंच रामनारायण चौधरी,पंच बिजेंद्र स्वामी,उमेद सिंह,करणसिंह,अमर सिंह,मदनलाल धर्मवीर, ईश्वर पंच सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## 'मानसून पूर्व की गई तैयारियों से जलभराव से निजात मिलेगी'

**मंडावरी,** (निसं)। नगर पालिका प्रशासन एवं व्यापार मंडल सहित आमजन से संयुक्त वार्ता के बाद नगर पालिका द्वारा मानसून पूर्व की गई तैयारियों के बाद अब पालिका क्षेत्र में बरसात होने वाले जलभराव से भी निजात मिल सकेगी।

नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी नमन शर्मा द्वारा मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर क्षेत्र का जायजा लेने पर बस स्टैंड के सामने बाजार में ओम नगर पालिका के बगल आदि जगहों पर बरसात के बाद जलजमाव होने की स्थिति सामने आई थी। जहां पालिका प्रशासन द्वारा बरसाती पानी जमा नहीं हो इसके लिए व्यापक प्रबंध करने के लिए कई जगहों पर बाजार में रोड़ा बन रहे अतिक्रमण को लेकर व्यापार मंडल के साथ वार्ता की गई थी। जहां जलजमाव से निजात पाने के लिए व्यापार मंडल द्वारा नगर पालिका द्वारा किए जाने वाले नारे निर्माण को लेकर उसके ऊपर अतिक्रमण को हटाने पर सहमति जताई गई थी।

■ नाला सफाई व नाली निर्माण कार्य जारी

वहीं अब नगर पालिका प्रशासन द्वारा जल जमाव की स्थिति को खत्म करने के लिए नाली निर्माण सहित बड़े नालों की सफाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है। वही व्यापार मंडल से जुड़े सुरेश खानपुर ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन व व्यापार मंडल के बीच सकारात्मक वार्ता से जलभराव जैसी स्थिति को समाप्त करने की राहत मिली है।

वहीं पूरे मामले को लेकर अधिशासी अधिकारी नमन शर्मा ने कहा की मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर शहर के वाटर ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने के लिए नाली एवं नाले सफाई नाली निर्माण आदि का कार्य प्रगति पर है।

# कलेक्टर ने सआदत अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये

**टोंक,** (निसं)। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने शनिवार को सआदत अस्पताल एवं मातृ एवं शिशु चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सआदत अस्पताल के सभी वार्डों में जाकर पंखा, कूलर एवं एसी की वर्किंग कंडिशन का जायजा लिया। कुछ वार्डों में धीमे चल रहे पंखों की रिपेयर कर स्पीड़ बढ़ाने के लिए पीएमओ बीएल मीना को निर्देशित किया।

इस दौरान उन्होंने सआदत अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके परिजनों से बात कर अस्पताल में मिल रहे उपचार एवं व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। मातृ एवं शिशु चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने वहां स्थित पार्क को डवलप करने तथा अस्पताल परिसर में टूटी हुई सीढ़ियों एवं टाइल्स ठीक कराने के निर्देश दिए।

इसके बाद जिला कलेक्टर ने शहर में आरयूआईडीपी द्वारा चल रहे सीवरेज एवं जल वितरण कार्यों की प्रगति एवं नगर परिषद की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने 10 दिन पूर्व शहर के निरीक्षण के दौरान दोनों विभागों को दिए गए निर्देशों की पालना का जायजा लिया। जिला कलेक्टर ने पुरानी टोंक के कुछ इलाकों में कार्य में प्रगति लाने के लिए आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता नेमी चंद पवार को टीमें बढाने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने शहर की सफाई व्यवस्था में कचरे एवं नालों में जमा गंदगी का उचित उठाव नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की।

इस दौरान उपखण्ड अधिकारी गिरधर, सब रजिस्ट्रार प्रहलाद सिंह, आरयूआईडीपी के अधीक्षण अभियंता हरी सिंह मीना, नगर परिषद के एएओ सुरेश चंद जैन एवं सहायक अभियंता भी मौजूद रहे।

■ सफाई व्यवस्था, सीवरेज व जल वितरण कार्यों का भी जायजा लिया



जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने सआदत अस्पताल एवं मातृ एवं शिशु चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान सभी वार्डों में जाकर पंखा, कूलर एवं एसी की वर्किंग कंडिशन का जायजा लिया।

## सार-समाचार

### नगर पालिका ने जलभराव की समस्या से निपटने के लिए कसी कमर



**पावटा,** (निसं)। मानसून सीजन को देखते हुए शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए पावटा प्रागपुरा नगरपालिका प्रशासन हरकत में आ गया है। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल के आदेशों पर नगरपालिका ने नालों की सफाई शुरू कर दी है। पावटा प्रागपुरा नगरपालिका का दावा है कि इस बार बरसात में जलभराव की समस्या नहीं होने दी जाएगी। बारिश के पानी की निकासी के लिए शहर में सर्विस रोड पर बने नालों की सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। चेयरमैन उर्मिला अग्रवाल ने बताया कि लोगों की समस्याओं को देखते हुए निरीक्षण किया कि नालों में मिट्टी व कचरा भर जाने से बारिश का पानी आगे नहीं जाता था जिस पर नालियों में पानी भर कर सर्विस लाइन व बाजारों में आ जाता था। इस परेसानी को देखते हुए नगरपालिका सफाई कर्मचारियों सहित संसाधन जेसीबी व ट्रेक्टर की सहायता से पावटा के दोनों तरफ के सर्विस लाइन नालों की सफाई करवाई जा रही है। इस मौके पर समाजसेवी निर्मल पंसारी, राकेश गढवाल, विजय गुप्ता पार्षद, रिक्की शर्मा, पार्षद संजय सैन सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### उदयपुर हत्याकांड के दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग



**रामगढ़ पचवारा,** (निसं)। उदयपुर में कन्हैयालाल टेलर की निर्मम हत्या की घटना के विरोध में स्थानीय लोगों द्वारा रामगढ़ पचवारा तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर घटना की कड़ी निंदा करते हुए दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। ज्ञापन में उदयपुर की घटना करने वालों को फांसी की सजा व उन्हें संरक्षण देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी एवं परिवार के पालन पोषण के लिए उचित मुआवजा देने की मांग की है। इस दौरान मुकेश रामगढ़, विष्णु, घनश्याम, कैलाश ठाकुरिया, मनीष ठाकुरिया, लक्ष्मी नारायण, बद्री मीणा मोहनलाल खंडेलवाल, सीताराम, विकास खंडेलवाल, अमन खंडेलवाल, रोहित शर्मा, घनश्याम, विनोद, विष्णु कटारा, हैप्पी गुप्ता, धर्मा महंत, लड्डू राम, भोलाराम आदि द्वारा राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

### पांच कुण्डीय गायत्री यज्ञ आयोजित



**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम बनार में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व एटीओ रामकुमार शर्मा व कंवर सिंह जांगिड़ ने व्यास पीठ से गायत्री मंत्र व विशिष्ठ आहुतियां दिलाई। यज्ञ एवं गायत्री मंत्र का ज्ञान विज्ञान, रोज कम से कम तीन माला गायत्री मंत्र की क्यो और कैसे करनी चाहिए, सरल एंव संक्षेप में समझाया। गायत्री परिजन बहन सकुंतला, बेटी रेणू, किशन शर्मा व महेन्द्र पटेल ने यज्ञ शाला को सम्भाला। धर्मेन्द्र योगी ने गांव की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि इस यज्ञ से गांव की नकारात्मक ऊर्जा का अंत हुआ है। योगी ने जल्द ही गांव में नौ कुण्डीय गायत्री यज्ञ करवाने की बात कही।

### अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा थाना पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन पर कार्यवाही करते हुए शनिवार को अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली जब्ती की कार्रवाई की गई। थाना अधिकारी कैलाश वीश्नोई ने बताया कि शनिवार को दौराने गश्त के बस स्टैंड के बाहर अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली गुजरने की मिली सूचना पर पुलिस के गश्ती दल ने तत्परता दिखाते हुए बजरी से भरे ट्रैक्टर का पीछा किया तो चालक ने ट्रैक्टर को तेज गति से भगाते हुए आदर्श नगर गौरव पथ से होते हुए घाटी रोड की ओर भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम ने पीछा कर अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को घाटी रोड से पकड़ लिया लेकिन मौका पाकर चालक भाग निकला। थाना अधिकारी ने बताया कि बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त तक कर थाना परिसर में सुरक्षार्थ खड़ी की गई है। मामला दर्ज कर फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू की गई

### चिकित्सा मंत्री दो दिवसीय दौरे रहेंगे

**लालसोट,** (निसं)। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा दो दिवसीय दौरे के तहत निज निवास मंडावरी एवं रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति में जनसुनवाई करेंगे। चिकित्सा मंत्री के निजी सहायक अभिलेश अग्रवाल ने बताया कि चिकित्सा मंत्री परिषद लाल मीणा द्वारा रविवार को निज निवास मंडावरी में जनसुनवाई का कार्यक्रम रखा गया है। वही 4 जुलाई सोमवार को दोपहर 2 बजे रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति में जनसुनवाई का कार्यक्रम रखा गया है। उन्होंने बताया कि निज निवास पर मंत्री मीणा विधानसभा क्षेत्र से आने वाले लोगों व अन्य जगहों से आने वाले लोगों की जन सुनवाई करेंगे। वहीं रामगढ़ पचवारा पंचायत समिति में मुख्यमंत्री बजट घोषणा में स्वीकृत विकास कार्यों को लेकर अधिकारी से समीक्षा करने के साथ वहां मौजूद लोगों से जन सुनवाई भी करेंगे।

### बालाजी मंदिर का निर्माण कराया

**कोटपूतली,** (निसं)। निकटवर्ती ग्राम गोनेड़ा में सेठ परिवार केशवराम अग्रवाल, रामानन्द अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल एवं ओमप्रकाश अग्रवाल ने अपने पिताजी स्व.सांवलराम अग्रवाल की याद में बावड़ी वाले बालाजी मंदिर का निर्माण कराया। शुक्रवार को नवनिर्मित मंदिर में बालाजी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान के साथ हुई। इस अवसर पर भण्डारा आयोजित हुआ जिसमें हजारों श्रृद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। इससे पूर्व गुरूवार को अखण्ड रामायण पाठ हुआ एवं प्रतिमा को नगर भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता मुकेश गोयल ने मंदिर पहुंचकर भक्तजनों के साथ प्रसादी ग्रहण कर बालाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर ग्राम गोनेड़ा एवं आसपास के क्षेत्र के ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### खेत के पानी की निकासी को लेकर विवाद

**मालपुरा,** (निसं)। डूंगरी कला ग्राम पंचायत की झाजमो की ढाणी में खेत के पानी की निकासी को लेकर दो पक्षों में हुए झगड़े के बाद मामा पर जानलेवा हमले का भांजे ने मालपुरा थाने में दर्ज करवाया मामला। थाना अधिकारी कैलाश विश्नोई ने बताया कि डूंगरी कला ग्राम पंचायत निवासी प्रमोद कुमार सैनी ने दी रिपोर्ट में बताया कि उसके मामा रामबाबू सैनी पर खेत से पानी की निकासी को लेकर हुए झगड़े के बाद कृष्ण गोपाल व उसकी मां गलकु देवी निवासी जाजमो की ढाणी ने जानलेवा हमला करने का प्रयास किया है। थाना अधिकारी ने बताया कि प्रमोद की ओर से दी प्राथमिकी पर मामला दर्ज कर जांच एसआई राम नारायण गुर्जर को जांच सौंपी गई है।



यह सम्मान और गर्व की बात है कि जब किसी को हमारे प्रधानमंत्री से इतना प्रोत्साहन मिलता है जो मेरे अलावा लाखों के लिये आदर्श और प्रेरणास्त्रोत है। क्रिकेट में मेरे योगदान के लिये उनके द्वारा कहे गये प्रोत्साहन भरे शब्दों से मैं अभिभूत हूं। - मिताली राज

भारतीय क्रिकेटर, पीएम मोदी द्वारा की गई प्रशंसा पर।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

साक्षी मलिक



ओलंपिक कांस्य पदक विजेता साक्षी मलिक ने शनिवार को कहा कि पिछले दो साल से उनके लिए बहुत मुश्किल भरे रहे''। परंतु 'नेशनल ट्रायल' से उसका आत्मविश्वास बढ़ाया है और वह 28 जून से बार्मिंघम में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीतने के लिए कटिबद्ध है। साक्षी को 62 किग्रा. वर्ग में जगह मिली है। साक्षी ने कहा कि मैं पिछले दो साल से संघर्ष कर रही थी और जब मैंने ट्रायल जीती मुझे उस समय बहुत सुकून मिला। मैं बता नहीं सकती कि मेरा कैसा समय चल रहा था, मैं अपनी समस्या को लेकर सिर्फ अपने पति से बात कर रही थी जो मेरा काफी समर्थन करते है।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीड वुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 87 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन है।

# बुमराह ने इंग्लैंड को मुश्किल में डाला



बर्मिंघम, 2 जुलाई। भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह ने बल्ले से रिकॉर्ड तोड़ पारी खेलने के बाद बारिश से प्रभावित टेस्ट मैच में शनिवार को दूसरे दिन तीन विकेट झटककर इंग्लैंड की मुश्किलें बढ़ा दी।

भारत के पहली पारी में 416 रन के जवाब में पिछले साल शुरू हुई श्रृंखला के पांचवें मैच में इंग्लैंड ने पहली पारी में दिन का खेल समाप्त होने तक 84 रन पर 5 विकेट खो दिये है। जॉनी बेयरस्टो (12) और बेन स्टोक्स बिना खाते खोले क्रीज पर है। बुमराह ने दिन की शुरुआत में स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में बल्ले से 29 रन बनाकर टेस्ट क्रिकेट में एक ही ओवर में सर्वाधिक रन बनाने का विश्व रिकॉर्ड बनाया और महान क्रिकेटर ब्रायन लारा की उपलब्धि को एक रन से पीछे छोड़ दिया।

इससे पहले दूसरे दिन 338/7 से शुरुआत करते हुए जडेजा और मोहम्मद शमी ने अपना समय लिया, लेकिन शमी ने मैथ्यू पॉट्स के ओवर में दो चौके लगाकर पारी की रफ्तार बढ़ाई। इस दौरान जडेजा ने अपना शतक भी पूरा किया। स्टुअर्ट ब्रॉड ने शमी को 16 रन पर पवेलियन लौटाकर अपने 550 टेस्ट विकेट पूरे किये, जबकि जडेजा ने एंडरसन के हाथों आउट होने से पहले 194 गेंदों की अपनी पारी में 13 चौकों की बदौलत 104 रन बनाये।

भारत के नौ विकेट गिरने के बाद पहली बार कप्तानी कर रहे बुमराह ने 16 गेंद में 31 रन की नाबाद पारी खेली और उनके बल्ले से निकले आतिश को एजबेस्टन के दर्शक बरसों तक याद रखेंगे। उन्होंने ब्रॉड के एक ओवर में 29 रन निकाले जबकि छह अतिरिक्त समेत उस ओवर में 35 रन बने। उन्होंने तलवार की तरह बल्ले का इस्तेमाल किया और ब्रॉड को चार चौके और दो छक्के लगाये। भारत के नौवें, दसवें और 11वें नंबर के बल्लेबाजों ने 93 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिये जेम्स एंडरसन ने 60 रन देकर पांच विकेट लिये जबकि ब्रॉड ने 550 टेस्ट विकेट पूरे किये।

**स्कोर बोर्ड**

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शुभमन गिल का क्रॉली बो एंडरसन | 17 | 24 | 4 | 0 |
| चेतेश्वर पुजारा का क्रॉली बो एंडरसन | 13 | 46 | 2 | 0 |
| हनुमा विहारी पगबाधा बो पॉट्स | 20 | 53 | 1 | 0 |
| विराट कोहली बो पॉट्स | 11 | 19 | 2 | 0 |
| ऋषभ पंत का क्रॉली बो रूट | 146 | 111 | 19 | 4 |
| श्रेयस अय्यर का बिलिंग्स बो एंडरसन | 15 | 11 | 3 | 0 |
| रवींद्र जाडेजा बो एंडरसन | 104 | 194 | 13 | 0 |
| शार्दुल ठाकुर का बिलिंग्स बो स्टोक्स | 1 | 12 | 0 | 0 |
| मोहम्मद शमी का लीच बो ब्रॉड | 16 | 31 | 3 | 0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 31 | 16 | 4 | 2 |
| मोहम्मद सिराज का ब्रॉड बो एंडरसन | 2 | 6 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त : | 40 | | | |

**कुल :** 84.5 ओवर में 416

**विकेट पतन :** 1-27 , 2-46 , 3-64 , 4-71 , 5-9, 6-320, 7-323, 8-371, 9-375, 10-416

**गेंदबाजी :** जेम्स एंडरसन 21.5-4-60-5, स्टुअर्ट ब्रॉड 18-3-89-1, मैथ्यू पॉट्स 20-1-105-2, जैक लीच 9-0-71-0, बेन स्टोक्स 13-0-47-1, जो रूट 3-0-23- 1

# हार्मनी टैन चौथे दौर में, गाफ बाहर

लंदन, 2 जूना। फ्रेंच ओपन में दूसरा स्थान हासिल करने वाली अमेरिका की कोको गाफ़ हमवतन अमांडा एनिसीमोव से हारकर शनिवार को विम्बलडन से बाहर हो गयीं। एनिसीमोव ने गाफ़ को सेंटर कोर्ट में हुए तीसरे दौर के मुकाबले में 6(4)-7(7), 6-2, 6-1 से मात दी।18 वर्षीय गाफ़ ने पहले सेट में एनिसिमोवा के खिलाफ 3-0 की लीड हासिल की। एनिसीमोव ने मैच पर पकड़ बनाते हुए सेट को टाइब्रेकर पर ला खड़ा किया, लेकिन गाफ़ ने संयम बरतते हुए टाइब्रेकर 7-4 से अपने नाम किया।

दूसरा सेट पूरी तरह एनिसीमोव के नाम रहा जिसे उन्होंने 6-2 से जीत लिया।एनिसीमोव ने तीसरे सेट में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए गाफ़ को 6-1 से मात दी और ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिता के चौथे दौर में प्रवेश किया। चौथे दौर में में एनिसीमोव का सामना फ्रांस की हार्मनी टैन से होगा जिन्होंने तीसरे दौर में ब्रिटेन की केटी बोल्टर को 6-1, 6-1 से हराया।

पहले दौर में सेरेना विलियम्स को हराने वाली टैन ने दिखाया कि सेरेना पर उनकी जीत कोई तुक्का नहीं थी। उन्होंने कोर्ट-2 में हुए मुकाबले में बोल्टर को लगातार सेटों में मात दी। जीत के बाद टैन ने कहा, ''मुझे यकीन नहीं हो रहा। शायद मैं कल सुबह सोकर उठूं तो शायद यकीन हो, लेकिन यह अद्भुत है।''

उन्होंने कहा, ''मेरा खयाल है कि मुझे ग्रास कोर्ट पसंद है। सेरेना के खिलाफ पहला राउंड बहुत भावनात्मक था। उसके बाद मैं एक बार में एक मैच पर ध्यान दे रही हूं।''

इसी बीच, ऑस्ट्रेलिया की अजला टॉमलानोविक ने चेकिया की बारबरा क्रेचिकोवा को तीसरे दौर में 2-6, 6-4, 6-3 से हराया।

# श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए एश्टन एगर

कोलंबो, 2 जुलाई। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज एश्टन एगर मांसपेशी की चोट से न उबर पाने के कारण श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टेस्ट से बाहर हो गये है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यह जानकारी दी।

एगर तीन हफ्ते पूर्व श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गये पहले एकदिवसीय मुकाबले में चोटिल हो गये थे। चोट ग्रैक न होने के कारण वह अब सीरीज के दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच से पहले ही ऑस्ट्रेलिया वापस लौटेंगे।

टेस्ट में एगर की अनुपस्थिति में मिचेल स्वेपसन को टीम में शामिल किया गया था, जहां ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को श्रीलंका को 10 विकेट से हराया। दूसरे टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया ने जॉन हॉलैंड को स्क्वाड में शामिल किया है, जो स्वयं चोटिल हैं। हॉलैंड ने 2016 में श्रीलंका के सामने ही गाले में अपना पदार्पण किया था। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाड़ी हॉलैंड श्रीलंका ए के विरुद्ध होने वाले दूसरे मैच से पहले चोटिल हो गये थे। शुक्रवार की जीत के बाद उन्हें गेंदबाजी करते हुए देखा गया, हालांकि उनके खेलने पर संशय है क्योंकि स्वेपसन ने पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट लिये थे। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के पाकिस्तान दौरे पर भी एगर कोरोना संक्रमित होने के कारण एक भी मुकाबला नहीं खेल सके थे।

# 2008 के बाद पहली बार ओलंपिक में पहुंची अमेरिकी फुटबॉल टीम

सान पेड्रो सूला, 2 जुलाई। अमेरिकी पुरुष फुटबॉल टीम ने कोनकाकाफ पुरुष अंडर-20 चैम्पियनशिप (सीएम्यू20) के सेमीफाइनल में होंडुरास को हराकर 2008 के बाद पहली बार ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया। अमेरिका ने सान पेड्रो सूला के एस्टेडियो मोराज़ान में शुक्रवार रात हुए मुकाबले में होंडुरास को 3-0 से मात दी। उन्होंने अपने तीनों गोल मैच के शुरुआती 45 मिनट में ही करके न सिर्फ पेरिस 2024 में अपनी जगह पक्की की, बल्कि सीएम्यू20 के फाइनल में भी जगह बनायी। फाइनल में अमेरिका का मुकाबला डोमिनिकन गणराज्य से होगा जो सेमीफाइनल में ग्वाटेमाला को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर आ रहा है।

# पंत को सलाम लेकिन हम डरे नहीं है : इंग्लैंड के सहायक कोच कोलिंगवुड

बर्मिंघम, 2 जुलाई। ऋषभ पंत के 146 रन ने भले ही उन्हें बैकफुट पर ला दिया हो लेकिन इंग्लैंड के सहायक कोच पॉल कोलिंगवुड ने कहा कि मेजबान टीम डरी हुई नहीं है और पांचवें टेस्ट में वापसी करेगी। पंत उस समय बल्लेबाजी के लिये उतरे जब भारत के पांच विकेट 98 रन पर गिर चुके थे। पंत के शतक के दम पर भारत ने पहले दिन सात विकेट पर 338 रन बनाये। पंत ने 111 गेंद की पारी में 19 चौके और चार छक्के जड़े। कोलिंगवुड ने पहले दिन के खेल के बाद कहा ,'' मुझे नहीं लगता कि हम लंबे समय तक दबाव में रहेंगे लेकिन पंत की पारी को सलाम। जब आप विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के खिलाफ खेलते हैं तो विश्व स्तरीय प्रदर्शन होता है।'' उन्होंने कहा ,'' हम चौथी पारी में लक्ष्य का पीछा करने से डरते नहीं है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों में हमारे प्रदर्शन से स्पष्ट है कि हम विरोधी टीम से डरते नहीं हैं।'' उन्होंने कहा ,'' हम पारंपरिक टेस्ट क्रिकेट नहीं खेल रहे (हम ज्यादा से ज्यादा आक्रमण की कोशिश करते हैं और विकेट चटकाने का प्रयास करते है। हम रन रेट गिरने नहीं देना चाहते।''

# टी-20 के बाद टेस्ट में भी ओवर के सबसे महंगे गेंदबाज बने ब्रॉड

बर्मिंघम, 2 जुलाई। एजबेस्टन टेस्ट में भारतीय टीम का नौवां विकेट रवींद्र जडेजा के रूप में गिरा। उस वक़्त भारत का स्कोर 375 रन था। इसके ठीक बाद वाले ओवर में स्टुअर्ट ब्रॉड गेंदबाजी करने आए। इस ओवर में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनने का रिकॉर्ड स्थापित हुआ। ब्रॉड के इस ओवर में कुल 35 रन आए। ब्रॉड के ख़िलाफ़ इससे पहले टी20 क्रिकेट में युवराज सिंह ने छह छक्के लगाकर 36 रन बटोरे थे। इन दोनों रिकॉर्ड का मतलब है कि ब्रॉड अब टेस्ट और टी20 क्रिकेट में सबसे महंगा ओवर फेंकने वाले गेंदबाज बन गए हैं। ब्रॉड भारतीय पारी का 84वां ओवर डाल रहे थे। पहली गेंद को जसप्रीत बुमराह ने चौके के लिए खेल दिया। दूसरी गेंद पर वाइड से पांच रन मिले। अगली गेंद नो बॉल थी और गेंद बल्ले का ऊपरी किनारा लगकर कीपर के ऊपर से गई छह रन के लिए। अगली यानी दूसरी गेंद पर बुमराह ने मिड ऑन के ऊपर स्लॉग कर चौका मार दिया। तीसरी गेंद पर भी चौका लगा। चौथी गेंद पर भी कप्तान बुमराह ने चौका मार दिया। पांचवीं गेंद पर बुमराह ने छक्का जड़ दिया। आखिरी गेंद पर एक रन बना और इस तरह ओवर में गए 35 रन।

# इंग्लैंड के लिये 100% तैयार : सविता

## महिला हॉकी विश्व कप



एम्सटेलवीन, 2 जुलाई। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता ने इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप मुकाबले से पहले शनिवार को कहा कि टीम ''100 प्रतिशत तैयार है।''

टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारत और ग्रेट ब्रिटेन कांस्य पदक मुकाबले में आमने-सामने आये थे, जहां इंग्लैंड ने करीबी मुकाबले में भारत को 4-3 से हराया था। अब भारत को अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ करनी है।

दोनों टीमों की प्रतिद्वंद्विता इससे भी पुरानी रही है। लंदन में 2018 में आयोजित विश्व कप के पिछले संस्करण में, भारत ने राउंड रॉबिन लीग मैच में इंग्लैंड के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला था। भारतीय महिला टीम ने उस वर्ष की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में राष्ट्रमंडल खेलों में ग्रुप चरण में इंग्लैंड को 2-1 से हराया भी था, लेकिन कांस्य पदक मैच में उनसे हार गई थी। ये दोनों टीमें 2006 के विश्व कप में आमने-सामने रही थीं, जहां उन्होंने 1-1 से ड्रॉ खेला था। साथ ही 2002 के चैंपियंस चैलेंज को 3-3 से ड्रॉ किया, और 1998 के महिला विश्व कप ग्रुप मैच में 1-0 से भारत को हार मिली थी।

आंकड़ों के आधार पर यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत और इंग्लैंड के बीच रविवार का मैच रोमांचक होने वाला है। भारतीय टीम की कप्तान सविता ने अपने प्रतिद्वंद्वी के बारे में बात करते हुए कहा, ''भले ही एक टीम के रूप में हम अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करेंगे, लेकिन इंग्लैंड और भारत ने कुछ बहुत करीबी मुकाबले खेले हैं। निस्संदेह पिछले तीन-चार वर्षों में विशेष रूप से एक प्रतिद्वंद्विता विकसित हुई है।''

सविता ने कहा, ''हमारे कुछ खिलाड़ी उनकी गोलकीपर मैडी हिंग को चुनौती देना चाहते हैं, जो गोलपोस्ट पर काफी असाधारण रही हैं। उनके पास लौरा उन्सवर्थ, गिजेल एंस्ले, उनकी कप्तान होली पीयरन-वेब और लिली ओवस्ले जैसे कुछ बहुत अनुभवी खिलाड़ी भी हैं, जो हमारे सामने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना चाहेंगे।''

भारत को इस साल की शुरुआत में एफआईएच हॉकी प्रो लीग में दो मैच खेलने थे, जो भारत को इंग्लैंड टीम की क्षमता और कमजोरियों की अच्छी समझ प्रदान कर सकते थे। यह मुकाबले रद्द कर दिये गये थे, लेकिन भारत प्रतिष्ठित विश्व कप में यहां अपनी संभावनाओं को लेकर आशावादी बना हुआ है।

गोलकीपर सविता ने टीम की सकारात्मक सोच के बारे में कहा, ''हां, विश्व कप से पहले उनके खिलाफ मैच आदर्श होता, लेकिन अतीत में जो कुछ भी हुआ है, उससे हमें ज्यादा परेशान नहीं होना चाहिए। अभी हमारे लिए एकमात्र लक्ष्य टूर्नामेंट में अच्छी शुरुआत करना है और टीम 100 प्रतिशत तैयार है।''

भारतीय टीम पूल बी में अपने अभियान के पहले मैच में तीन जुलाई को इंग्लैंड से भिड़ेगी। अपने दूसरे मैच में वे पांच जुलाई को चीन से खेलेंगे और उसके बाद सात जुलाई को नीदरलैंड के एमस्टलवीन में न्यूजीलैंड का सामना करेंगे। सविता ने भारतीय प्रशंसकों से उनके पहले विश्व कप पदक के अभियान में उनका समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ''नीदरलैंड में एक बड़ा भारतीय समुदाय है और हम उम्मीद कर रहे हैं कि उनमें से कई मैच के लिए आएंगे। हमने देखा कि उनमें से कई प्रो लीग मैचों के दौरान रॉटरडैम में हमारा समर्थन करने आये थे और निश्चित रूप से प्रशंसकों का समर्थन हमें और भी अधिक प्रेरित करेगा।''

# गोपीचंद को राष्ट्रमंडल खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की उम्मीद

कोलकाता, 2 जुलाई। बैडमिंटन टीम के मुख्य राष्ट्रीय कोच पुलेला गोपीचंद को उम्मीद है कि थॉमस कप में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद भारतीय टीम आगामी राष्ट्रमंडल खेलों में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीतने और युगल स्पर्धा में अपने रिकॉर्ड को बेहतर बनाने में सक्षम होगी। राष्ट्रमंडल खेलों के 2018 सत्र में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य सहित एक अभूतपूर्व छह पदक जीते थे। किदांबी श्रीकांत और चिराग शेट्टी एवं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी गोल्ड कोस्ट में दूसरे स्थान पर रही थी।

इस 48 साल के पूर्व खिलाड़ी ने कहा, '' एक टीम के तौर पर वैश्विक प्रतियोगिता में यह प्रदर्शन काफी मायने रखता है। हमने इससे पहले खासकर पुरुष वर्ग में इस तरह का प्रदर्शन नहीं किया है।''

उन्होंने कहा, '' यह बहुत बड़ी बात है, सामान्य तौर पर टीम ने थॉमस कप में जिस तरह का प्रदर्शन किया है उससे खिलाड़ी उत्साहित और बहुत आशान्वित है। मुझे उम्मीद है कि हम पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करेंगे। पिछली बार हमने दो स्वर्ण पदक जीते, क्या हम उससे बेहतर कर सकते हैं? लेकिन थॉमस कप को देखते हुए, मुझे यकीन है कि हमारे पास पुरुष एकल और युगल में अपने रिकॉर्ड को बेहतर बनाने का मौका होगा।''

प्रकाश पादुकोण (1978) और सैयद मोदी (1982) और पारुपल्ली कश्यप (2010) राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पुरुष एकल खिलाड़ी है, जबकि चिराग एवं सात्विक ने 2018 में रजत पदक जीतकर इतिहास रचा था। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से आठ अगस्त तक होगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को शुक्रवार को मलेशिया ओपन में चीनी ताइपे की ताई जू यिंग से लगातार छठी हार का सामना करना पड़ा। दोनों खिलाड़ियों के बीच 16 मैचों में सिंधु की यह 11वीं हार थी।

गोपीचंद ने कहा कि सिंधु के कोच पार्क ताए संग के साथ बात कर के समस्याओं को सुलझाने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा, '' हम निश्चित रूप से इस पर काम करेंगे, वह एक बहुत अच्छी खिलाड़ी है, और ताई जू भी उतनी ही अच्छी है।

# कैब ने साहा को एनओसी दी, साहा ने कहा कैब से कोई शिकायत नहीं



कोलकाता, 2 जुलाई। भारतीय टीम से बाहर किये गये रिद्धिमान साहा को शनिवार को बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने एनओसी (अनापत्ति पत्र) दे दी जिससे उनका संघ से 15 साल का जुड़ाव कटु परिस्थितियों में खत्म हो गया।

40 टेस्ट के अनुभवी साहा को भारतीय टीम प्रबंधन ने स्पष्ट कह दिया था कि उन्हें उपदराज दूसरे विकेटकीपर की जरूरत नहीं है। तब से साहा बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली की आलोचना कर रहे थे और शुरू में उन्होंने मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के बारे में कुछ ऐसा ही कहा था।

कैब ने कहा, ''रिद्धिमान साहा कैब कार्यालय आये और अध्यक्ष अविषेक डालमिया को एक आवेदन से संघ से एनओसी मांगी। संघ ने कहा, ''कैब ने साहा के अनुरोध पर उन्हें दूसरे राज्य के लिये खेलने के लिये एनओसी प्रदान की। कैब ने उन्हें भविष्य के लिये शुभकामनायें भी दी।''

कैब के संयुक्त सचिव देबब्रत 'देबू' दास ने आरोप लगाया था कि अनुभवी विकेटकीपर राज्य के लिये घरेलू मैच में नहीं खेलने के लिये बहाना बनाता था। इस पर नाराज साहा ने दास से बिना शर्त माफी मांगने को कहा था जो उन्होंने नहीं किया। और जब कैब अधिकारी को भारतीय टीम के प्रशासनिक प्रबंधक के तौर पर इंग्लैंड भेजा गया तो साहा को जवाब मिल गया और उन्होंने यह फैसला किया।

एनओसी मिलने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए साहा ने कहा कि उनसे अपने फैसले पर फिर से विचार करने को कहा गया। उन्होंने कहा, ''मुझसे पहले भी पूछा गया था। आज भी बार बार अनुरोध किया गया। लेकिन मैंने फैसला पहले ही कर लिया था इसलिये मैंने आज एनओसी ले ली।

साहा ने साथ ही कहा कि उन्हें कभी भी बंगाल से कोई शिकायत नहीं होगी और भविष्य में जरूरत पड़ने पर फिर से सेवा के लिये तैयार रहेंगे। उन्होंने कहा, ''मुझे बंगाल क्रिकेट संघ से कोई अहंकार संबंधित कोई मुद्दा नहीं था। बस किसी से (संयुक्त सचिव देबू) से असहमति थी इसलिये मुझे यह फैसला करना पड़ा।

# मुंबई के घरेलू खिलाड़ियों को मिल सकते है वार्षिक अनुबंध

मुम्बई, 2 जुलाई। नंबवर 2019 में बीसीसीआई अध्यक्ष पद संभालने के बाद सौरव गांगुली का घरेलू क्रिकेटरों को केंद्रीय अनुबंध देने का किया हुआ वादा मुंबई के क्रिकेटरों के लिए पूरा हो सकता है। 2021-22 के घरेलू सीज़न के बाद मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष विजय पाटिल का मुंबई के घरेलू खिलाड़ियों को अनुबंध देने का प्रस्ताव संघ की एपेक्स काउंसिल की बैठक में मंज़ूर किया गया है। हालांकि अभी इसे अगस्त में होने वाली वार्षिक जनरल बैठक में मंज़ूरी का इंतज़ार है। बीसीसीआई के सिस्टम की तरह सीनियर पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए वार्षिक अनुबंधों का प्रस्ताव रखा गया है। फ़िलहाल अनुबंधों की संख्या पर अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है लेकिन माना जा रहा है कि बीसीसीआई का अनुबंध प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को इस सूची में शामिल नहीं किया जाएगा ताकि ज़्यादा से ज़्यादा घरेलू खिलाड़ियों को अनुबंध दिया जा सके।

# विम्बलडन मैच के बाद कोरपात्स्च कोविड-19 पॉजिटिव

विम्बलडन, 2 जुलाई। युगल मैच से बाहर होने पर हार्मनी टैन की आलोचना करने वाली जर्मनी की खिलाड़ी तमारा कोरपात्स्च कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पायी गयी हैं। कोरपात्स्च ने इंस्टाग्राम पर कहा कि कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव आने के बाद वहफ्रांस में अपने अगले टूर्नामेंट से हट गई। 'ऑल इंग्लैंड क्लब' में प्रतिस्पर्धा करने या प्रतिस्पर्धा करने की योजना बनाने वाले खिलाड़ियों के बीच यह कोविड-19 का यह चौथा मामला है।

रैंकिंग में आठवें पायदान पर काबिज मातेओ बेरेटिनी, पिछले साल नोवाक जोकोविच से फाइनल में हारने वाले मारिन सिलिच ने टूर्नामेंट शुरू होने से पहले नाम वापस ले लिया। रैंकिंग में नंबर 17वें स्थान पर काबिज रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट ने अपना पहला दौर मैच जीता लेकिन गुरुवार को बाहर हो गए। ऑस्ट्रेलियन ओपन के पहले दौर के एकल मैच में हीथर वाटसन से हार गयी थी। उन्होंने इसके बाद फ्रांस की खिलाड़ी हार्मनी टैन की आलोचना की। टैन एकल पर ध्यान केंद्रित करने के लिए युगल मुकाबले से हट गयी थी। टैन ने शुरुआती मुकाबले में सेरेना विलियम्स को हराया था। वह चौथे दौर में पहुंच गई हैं। इस गैर वरीय खिलाड़ी ने शनिवार को यहां ब्रिटिश खिलाड़ी केटी बोल्टर को 6-1, 6-1 से मात देकर चौथे दौर में अपनी जगह पक्की की।

# कलाइवानी फाइनल में पहुंची, कुलदीप ने बनाई सेमीफाइनल में जगह

नयी दिल्ली, 2 जुलाई। भारतीय मुक्केबाज कलाइवानी श्रीनिवासन ने शानदार जीत के साथ शनिवार को कजाकिस्तान के नूर-सुल्तान में जारी इलोर्डा कप मुक्केबाजी टूर्नामेंट के पहले संस्करण के फाइनल में प्रवेश किया जबकि कुलदीप कुमार ने सेमीफाइनल में पहुंचकर अपने लिए पदक पक्का किया। कलाइवानी ने महिलाओं के 48 किग्रा भार वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले में उज्बेकिस्तान की फरजोना फोजिलोवा के खिलाफ उत्कृष्ट मुक्केबाजी का प्रदर्शन किया।

चेन्नई में जन्मी इस मुक्केबाज के अपने शक्तिशाली वार और लगातार सटीक हमलों के दम पर अपनी प्रतिद्वंद्वी को पैर जमाने का कोई मौका नहीं दिया और अंत में एकतरफा अंदाज में जीत हासिल करने में सफल रहीं। कुलदीप ने प्रतियोगिता के चौथे दिन भारत को विजयी शुरुआत दिलाई। कुलदीप को हालांकि जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। कुलदीप को पुरुषों के 48 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में स्थानीय खिलाड़ी कैरैट यर्नूर से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। हालांकि, सतर्क रहते हुए सटीक आक्रमण करने वाले कुलदीप ने यह मुकाबला 3-2 के करीबी अंतर से जीत ली। इस बीच, पुरुष वर्ग में एक अन्य मुक्केबाज, यशपाल को 71 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान के असलानबेक शिमबर्गेनोव से 0-5 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

महिलाओं के वर्ग में बबीता बिष्ट (81 किग्रा), ज्योति (52 किग्रा) और नीमा (63 किग्रा) ने सेमीफाइनल में हार के बाद कांस्य पदक के साथ संतोष किया। जहां बबीता को रेफरी स्टॉपिंग द कॉन्टेस्ट (आरएससी) के फैसले के आधार पर चीन की झेंग लू के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा, वहीं ज्योति और नीमा को क्रमशः उज्बेकिस्तान की फेरुजा काजाकोवा और कजाकिस्तान की अनार तुर्सिनबेक के खिलाफ 0-5 के अंतर से हार मिली।

सविता की चुनौती क्वार्टर फाइनल में ही समाप्त हो गई। सविता को 50 किग्रा भार वर्ग के मुकाबले में टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता जापान की नामिकी सुकिमी से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

शनिवार रात को 2021 में आयोजित युवा विश्व चैंपियनशिप की विजेता गीतिका (48 किग्रा) और अल्फिया पठान (81 किग्रा) के अलावा ललिता (70 किग्रा) सेमीफाइनल में भिड़ेंगी, जबकि रजनी (50 किग्रा) अपना क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेलेंगी।

# भारत ने डर्बीशर को सात विकेट से हराया

डर्बी, 2 जुलाई। दीपक हुड्डा (59) और सूर्यकुमार यादव (36) की तूफानी पारियों की बदौलत भारत ने डर्बीशर के खिलाफ शुक्रवार को हुए अभ्यास मैच में सात विकेट से जीत दर्ज की। भारत के सामने डर्बीशर ने 151 रन का लक्ष्य रखा था, जिसे भारत ने शानदार फॉर्म में चल रहे हुड्डा की अगुवाई में 17वें ओवर में ही हासिल कर लिया। हुड्डा ने 37 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की बदौलत 59 रन बनाये। इसके अलावा पारी की शुरुआत करने उतरे संजू सैमसन ने 38(30) और सूर्यकुमार यादव ने 36(22) रन बनाये। डर्बीशर की ओर से बेन एचिसन ने दो विकेट लिये जबकि मैटी मकीरनन को एक विकेट हासिल हुआ। भारत ने टॉस जीतकर डर्बीशर को पहले बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किया और दोनों सलामी बल्लेबाजों को तेजी से पवेलियन लौटाया। अक्षर पटेल ने लुइस रीस को पहले ओवर में ही एक रन पर आउट किया, जबकि डर्बीशर के कप्तान शान मसूद ने 11 गेंदों पर आठ रन बनाकर अर्शदीप सिंह के हाथों अपना विकेट गंवाया। तीसरे नंबर पर आये ब्रेन मैडसन ने लियुस डु प्लॉय के साथ पारी को आगे बढ़ाना चाहा, लेकिन चार गेंदों पर नौ रन बनाकर प्लॉय भी उमरान मलिक की गेंद पर बोल्ड हो गये। 43 रन पर तीन विकेट गंवा चुकी डर्बीशर की पारी को मैडसन और हिल्टन कार्टराइट ने संभाला। मैडसन ने 23 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की बदौलत 28 रन बनाये, जबकि कार्टराइट ने 27(24) रन की पारी में दो चौके लगाये। इसके अलावा एलेक्स हग्स ने 24(17) और ब्रूक गेस्ट ने 23(25) रन जोड़े और डर्बीशर ने अपने 20 ओवर में 150 रन बनाये। भारत की ओर से अर्शदीप ने चार ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिये जबकि उमरान ने अपने चार ओवर के कोटे में 31 रन देकर दो विकेट चटके। अक्षर और वेंकटेश अय्यर को भी एक-एक विकेट मिला। 151 रन का पीछा करने उतरी भारतीय टीम ने सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ को महज तीन रन पर ही खो दिया, मगर तीसरे नंबर पर आये हुड्डा ने संजू सैमसन के साथ 51 रन की साझेदारी कर भारत को फ्रंटफुट पर ला खड़ा किया। संजू ने आठवें ओवर में आउट होने से पहले 30 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की बदौलत 38 रन बनाये। सैमसन के बाद क्रीज पर आये सूर्यकुमार यादव और हुड्डा ने 78 रन जोड़े और मैच भारत की झोली में डाल दिया। हुड्डा 57 रन बनाकर 15वें ओवर में आउट हो गये, जिसके बाद कप्तान दिनेश कार्तिक और यादव ने मैच को समाप्त किया। सूर्यकुमार यादव ने 22 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की बदौलत नाबाद 36 रन की पारी खेली जबकि कार्तिक सात गेंदों पर सात रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 16.4 ओवर में ही 151 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।

# उदयपुर में कर्फ्यू में पांच घंटे की छूट, शहर के बाज़ार व दुकानें खुलीं



*उदयपुर में पिछले पांच दिनों से जारी कर्फ्यू के कारण आमजन को हो रही भारी दिक्कतों को देखते हुये कर्फ्यू में शनिवार शाम को पांच घंटे की छूट दी गई। छूट मिलते ही उदयपुर शहर के मुख्य बाजार व दुकानें खुल गईं। पांच दिन के लगातार कर्फ्यू के कारण आमजन को रोजमर्रा की वस्तुएं एवं सामग्रियां जुटाने में भारी परेशानियां हो रही थीं। तथापि, हत्याकाण्ड वाली जगह, मालदास स्ट्रीट पर कर्फ्यू खुलने के बावजूद सन्नाटा पसरा रहा, यहां के बाजार में केवल इक्का-दुक्का दुकानें ही खुलीं।*

## हत्याकाण्ड स्थल, मालदास स्ट्रीट में सन्नाटा पसरा रहा, रविवार को कर्फ्यू अवधि में दस घंटे की छूट रहेगी

उदयपुर, 2 जुलाई (कासं)। उदयपुर की मालदास स्ट्रीट में गत 28 जून को हुई टेलर कन्हैयालाल की नृशंस हत्या के बाद शनिवार को उदयपुर शहर में प्रशासन की ओर से दी गई पांच घंटे की कर्फ्यू छूट के दौरान शहर के बाजार व दुकानें खुलीं। शहर में स्थिति नियंत्रण में है। वहीं घटनास्थल मालदास स्ट्रीट के बाजार में इक्का-दुक्का दुकानों को छोड़ पूर्णत: बंद ही रहा। कर्फ्यू में केवल पांच घंटे की ढील के चलते अन्य बाजारों में भी कई दुकानें बंद ही रहीं।

कन्हैयालाल की नृशंस हत्या के बाद मंगलवार रात 8 बजे से शहर के सात थाना क्षेत्रों सूरजपोल, हाथीपोल, धानमंडी, घंटाघर, अम्बामाता, भूपालपुरा व सवीना क्षेत्रों में चल रहे कर्फ्यू के बाद उदयपुर में सामान्य होती स्थिति के बीच आज कर्फ्यू में ढील दी गई। कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्रों में कई दुकानों के शटर आधे खुले रहे वहीं लोगों अपनी जरूरतों की चीजों को खरीदा। शहर के बापूबाजार, धानमंडी, हाथीपोल, अश्विनी बाजार, स्वप्नलोक से चेटक जाने वाले मार्ग का बाजार, फतहपुरा, उदियापोल सहित शहर के बाजारों में

- इंटरनैट बंदी की अवधि 24 घंटे और बढ़ाई।

स्थिति सामान्य होती दिखाई दी। हालांकि शाम 4 बजे बाद कर्फ्यू के मद्देनजर फिर से बाजारों में सन्नाटा पसर गया। वहीं मालदास स्ट्रीट में इक्का दुक्का दुकानों को छोड़ व्यापारियों ने आज भी दुकानें नहीं खोली। वहीं कुछ व्यापारी दुकानों पर पहुंचे और घटनाक्रम के बाद दुकान बंद करने के दौरान पंखा व लाइट चालू छोड़ गए जिन्हें बंद करने पहुंचे और वापस दुकान बंद कर लौट गए।

इधर, उदयपुर शहर में हुई घटना से उत्पन्न तनाव के बाद शनिवार को स्थिति शांत देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से रविवार को शहरवासियों को राहत प्रदान की है। जिला मजिस्ट्रेट ताराचंद मीणा ने एक आदेश जारी कर रविवार 3 जुलाई को कर्फ्यू में 10 घंटे की छूट प्रदान की है। इस आदेश के तहत रविवार सुबह 8 से शाम 6 बजे तक कर्फ्यू में छूट रहेगी।

एडीएम सिटी प्रभा गौतम ने बताया कि शहर के धानमंडी, घंटाघर, हाथीपोल, अंबामाता, सूरजपोल, सविना, भूपालपुरा, गोवर्धनविलास, हिरणमगरी, प्रतापनगर एवं सुखेर पुलिस थाना क्षेत्रों में लागू किए गए कर्फ्यू में दस घंटे की छूट दी गई है। निर्धारित अवधि के बाद इन थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू यथावत जारी रहेगा।

वहीं संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट ने एक आदेश जारी कर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए संभाग के उदयपुर जिले के सम्पूर्ण क्षेत्र व राजसमंद जिले के भीम-देवगढ़ कस्बे में नैटबंदी की अवधि शनिवार से अगले 24 घंटे के लिए बढ़ा दी है। इस आदेश के तहत भट्ट ने शनिवार को तत्काल प्रभाव से आगामी 24 घंटे तक उदयपुर के सम्पूर्ण क्षेत्र व राजसमंद जिले के भीम-देवगढ़ क्षेत्र में इंटरनैट सेवा (लीज लाइन-ब्रॉडबैंड सेवाओं व लैंडलाइन फोन के साथ इंटरनेट सेवा को छोड़ते हुए) को निलंबित किया है।

## सैनफ्रांसिस्को ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लिये आगे आ रहा है, जिन ताकतों का एकमात्र उद्देश्य इस इकलौते स्वतंत्र अंग (न्यायपालिका) को कमजोर करना है।" उस मानसिकता का जिक्र करते हुये, जो सरकार तथा विपक्ष- दोनों में बैठे लोगों को निर्देशित करती है, मुख्य न्यायाधीश ने कहा, "सत्तारूढ़ दल यह मानता है कि, सरकार की हर कार्यवाही को न्यायपालिका का समर्थन मिलना ही चाहिये। विपक्षी दल न्यायपालिका से यह अपेक्षा करते हैं कि न्यायपालिका उनकी, राजनैतिक स्थितियों तथा हितों को आगे बढ़ाये।" सी.जे.आई. रमना ने कहा कि, सभी लोगों की यह "दोषपूर्ण सोच", संविधान एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं के काम-काज के बारे में आम जनता में सही जानकारी के अभाव में पनपती एवं फलती-फूलती है। आम जनता में जबरदस्त तरीके से पैदा किया जा रहा यह अज्ञान ऐसी ताकतों की सहायता करने के लिये आगे आता है जिनका एकमात्र उद्देश्य इस इकलौते स्वतंत्र अंग (न्यायपालिका) को कमजोर करता है।" उन्होंने कहा कि, इन्डो-अमेरिकनों की इस विशाल भीड़ की जड़ें भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में फैली विविधतापूर्ण सांस्कृतिक एवं भाषायी पृष्ठभूमि में हैं। उन्होंने श्रोताओं से कहा कि, अमेरिका आ सकते हैं तथा प्रतिष्ठा अर्जित करें क्योंकि अमेरिका विविधता का सम्मान करता है। उन्होंने जोर देते हुये कहा, "दुनिया में हर जगह विविधता की कद्र और सम्मान होना चाहिये।" उन्होंने कहा, "कृपया याद रखें, अमेरिकन समाज की सहिष्णुता एवं समावेशी प्रकृति ही सारी दुनिया की सर्वोत्तम प्रतिभाओं को यहाँ खींच लाती है, और ये प्रतिभाएं बदले में, अमेरिका की ग्रोथ में अपना योगदान देती हैं। विविध पृष्ठभूमियों की सुयोग्य प्रतिभाओं का सम्मान किसी तंत्र में समाज के सभी वर्गों में विश्वास पैदा करता है तथा उसे कायम रखता है।" भारत के पूर्व शासन कालों की ठोस नीतियों तथा उनके द्वारा रखी गई बुनियाद का जिक्र करते हुये, मुख्य न्यायाधीश रमना ने दुख व्यक्त करते हुये कहा कि, उन नीतियों को, जो सरकारों के बदलते रहने के बावजूद, देश और राज्यों की सर्वतोमुखी ग्रोथ में योगदान देने वाली थी, आगे बढ़ाये जाने का अभाव रहा है। सी.जे.आई. रमना ने पूर्ववर्ती सरकारों के नीतिगत फैसलों के प्रति अनुवर्ती सरकारों के विपरीत रूख पर दु:ख व्यक्त करते हुए कहा "दीर्घकालीन विकास के आधार के साथ छेड़छाड़ कभी नहीं करनी चाहिए। पूरी दुनिया में सरकार बदलने के साथ ही नीतियां भी बदलती हैं, लेकिन कोई भी संवेदनशील, परिपक्व और देशभक्त सरकार ऐसे तरीके से नीतियां नहीं बदलेगी, जिससे उसके देश का ही विकास रूक जाए या मंद पड़ जाए। भारत में जब भी सरकार बदलती है तो दुर्भाग्य से हमें ऐसी संवेदनशीलता और अपरिपक्वता अक्सर देखने को नहीं मिलती।

# जयपुर में वकीलों ने कन्हैयालाल हत्याकाण्ड के आरोपियों से मारपीट की

## चारों आरोपियों की जयपुर स्थित एन.आई.ए. कोर्ट में पेशी हुई, कोर्ट ने आरोपियों को 10 दिन की रिमाण्ड पर भेजा

जयपुर,2 जुलाई (कासं)। एनआईए मामलों की विशेष अदालत ने उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी गौस मोहम्मद और रियाज के साथ ही आरोपी मोहसिन व आसिफ को 12 जुलाई तक एनआईए को सौंप दिया

- वकीलों ने आरोपियों पर पानी की खाली बोतलें फेंकीं तथा पुलिस से उनका एन्काउन्टर करने व फांसी देने की मांग की।
- वकीलों ने एक आरोपी की पिटाई कर कपड़े फाड़ डाले।

है। एनआईए ने मामले में चौदह दिन का रिमांड मांगा था। उधर पेशी के दौरान वकीलों ने आरोपियों से मारपीट की और उन पर पानी की खाली बोतलें भी फेंकी। आक्रोशित वकीलों ने आरोपियों को फांसी देने की मांग की।

एनआईए ने अजमेर सैन्ट्रल जेल से दोपहर करीब डेढ़ बजे चारों आरोपियों को भारी पुलिस सुरक्षा के बीच लाकर जयपुर की विशेष अदालत में पेश किया। इससे पहले पुलिस टीम सुबह चारों को जयपुर एटीएस के ऑफिस ले गई। इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान शहर के कई थानों की पुलिस के साथ ही आलाधिकारी कोर्ट पहुंच गए। स्थिति को देखते हुए एसटीएफ और करीब 1 दर्जन थानों के जाब्ते कोर्ट परिसर में तैनात किए गए। वहीं सादा वर्दी में भी पुलिसकर्मी कोर्ट के आसपास तैनात किया गया। एनआईए के साथ ही जयपुर कमिश्नरेट की टीम ने हालात को देखते हुए मौके पर मौजूद सभी पुलिसकर्मियों को यह जानकारी नहीं दी कि आखिर वे किस गेट से चारों आरोपियों को लेकर कोर्ट में जाएंगे। पुलिसकर्मी जिला एवं सैशन न्यायालय, जयपुर जिला के गेट नंबर दो पर तैनात किए गए, जिससे यह लगे कि आरोपियों को उसी गेट से लेकर आया जाएगा। इस कारण सभी अधिवक्ता भी गेट नंबर दो पर ही जमा हो गए। लेकिन, इसी बीच कलैक्ट्रेट सर्किल से पुलिस का काफिला आरोपियों को लेकर गेट नंबर एक से प्रवेश कर गया। गाड़ियां गेट नंबर एक पर पहुंची तो पुलिसकर्मी दौड़कर वहां तक गए और चंद मिनट में ही आरोपियों को वकीलों से बचाते हुए सुरक्षा का घेरा बनाकर बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर स्थित कोर्ट रूम में ले गए। इसी बीच कुछ वकील कोर्ट कक्ष में आरोपियों तक पहुंच गए और उनको जमकर खरी खोटी सुनाई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए अदालत के पीठासीन अधिकारी ने कोर्ट कक्ष से मीडियाकर्मियों सहित अन्य वकीलों को बाहर करने का आदेश देते हुए सिर्फ प्रकरण से जुड़े लोगों को ही उपस्थित रहने को कहा।

सूत्रों के अनुसार एनआईए की ओर से मामले में प्रार्थना पत्र पेश कर कहा गया कि आरोपियों से विस्तृत पूछताछ करनी है और उनके इंटरनैशनल कनैक्शन को लेकर भी पूछताछ करनी है। इसके अलावा प्रकरण में किन-किन लोगों ने आरोपियों की मदद की इस बारे में भी जानकारी हासिल करनी है। इसलिए आरोपियों को चौदह दिन की पुलिस अभिरक्षा में सौंपा जाए। इस पर अदालत ने आरोपियों को 12 जुलाई तक पुलिस अभिरक्षा में भेज दिया है।

इसी बीच आरोपियों की पेशी की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में वकील कोर्ट परिसर के बाहर एकत्र हो गए। 2 घंटे चली सुनवाई के दौरान बाहर मौजूद वकीलों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने दोषियों को फांसी देने की मांग की। आक्रोशित वकीलों ने भारत माता की जयकारे लगाने के साथ ही पुलिस को उनका एनकाउंटर करने के लिए कहा। इस दौरान वहां मौजूद भीड़ ने एक आरोपी की पिटाई कर दी और कपड़े फाड़ डाले। कोर्ट परिसर में तैनात जाब्ता बीच-बचाव करते हुए आरोपियों को वहां से सुरक्षित लेकर निकला।

पेशी के बाद मामले में मुख्य आरोपी गौस मोहम्मद और रियाज को कड़ी सुरक्षा के बीच अजमेर सेन्ट्रल जेल लाया गया। जहां एनआईए के अधिकारी भी पहुंच गए। कोर्ट के आदेश के अनुसार दोनों को कागजी औपचारिकता पूरी करने के बाद एनआईए को सौंप दिया गया।



*जयपुर एन.आई.ए. कोर्ट में कन्हैयालाल हत्याकाण्ड के आरोपियों की पेशी के दौरान वकीलों ने जमकर पिटाई की।*

## कन्हैयालाल हत्याकाण्ड के आरोपी के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

वह लिख रहा है कि "अल्लाह ताला हिंदुस्तान में जो मुसलमान के हालत खराब हैं, उनको तेरे महबूब के वासिले से अच्छा कर।"

वहीं कन्हैया हत्याकाण्ड में गिरफ्तार रियाज का एक फोटो नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया के साथ भी नजर आया है। इस पर कटारिया ने कहा कि "अल्पसंख्यक मोर्चा के पुराने किसी कार्यक्रम में फोटो खींचा होगा। इरशाद चैनवाला अल्पसंख्यक मोर्चा का पुराना कार्यकर्ता है। बाकी इस पूरे मामले में अगर मैं या भाजपा का कोई भी आदमी अगर जुड़ा हुआ है या गलत है तो उसे सजा मिलनी चाहिए।"

कन्हैयालाल के हत्यारे के भाजपा नेताओं के साथ फोटो सामने आने के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने शनिवार को मीडिया से कहा कि जघन्य हत्या के मुख्य आरोपी रियाज अत्तारी के साथ भाजपा के दो नेता, इरशाद चैनवाला और मोहम्मद ताहिर के संबंधों की तस्वीरें जगजाहिर हैं। यह बात भी सामने आई है कि वह राजस्थान भाजपा के कद्दावर नेता और राज्य के पूर्व गृह मंत्री गुलाबचंद कटारिया के कार्यक्रमों में अक्सर भाग लेता था। रियाज की भाजपा की राजस्थान अल्पसंख्यक इकाई की बैठकों में शामिल होने की तस्वीरें भी अब दुनियाभर के सामने हैं।

खेड़ा ने कहा, फेसबुक पर भाजपा नेता इरशाद चैनवाला के 30 नवंबर 2018 और मोहम्मद ताहिर के 3 फरवरी 2019, 27 अक्टूबर 2019, 28 नवंबर 2019 और 10 अगस्त 2021 को किए गए पोस्टों के माध्यम से स्पष्ट है कि उदयपुर में दुकानदार कन्हैयालाल की हत्या का आरोपी रियाज केवल भाजपा नेताओं का करीबी ही नहीं, बल्कि भाजपा का सक्रिय सदस्य भी था। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यह केस एनआईए को देने का स्वागत किया, पर नए तथ्य आने पर यह सवाल उठ रहा है कि क्या केंद्र की सरकार ने इन्हीं कारणों से इस घटना को जल्दबाजी मे एनआईए को ट्रांसफर करने का फैसला किया है?

वहीं इस मामले में उदयपुर भाजपा शहर अध्यक्ष रविंद्र श्रीमाली ने कहा कि रियाज हमारी पार्टी का सदस्य नहीं है। भीड़ में कोई भी खड़ा होकर तस्वीर खिंचा सकता है तो ऐसे शख्स को किसी पार्टी से जोड़ा नहीं जा सकता। हम किसी भी एजेंसी से जांच का सामना करने को तैयार हैं। वहीं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष एम साजिद खान ने कहा कि भाजपा मेंबरशिप के आधार पर देश की सबसे बड़ी पार्टी है। कोई भी भीड़ में बड़े नेताओं के साथ फोटो खिंचवाता है, इसका मतलब यह नहीं कि रियाज बीजेपी का सदस्य है। हत्याकांड के आरोपियों से पार्टी का कोई कनैक्शन नहीं है। साजिद ने कहा कि गुलाबचंद कटारिया हमारे उदयपुर के सर्वमान्य नेता हैं और लोग उनके साथ में फोटो खिंचवाते हैं, इसका मतलब यह नहीं कि फोटो खिंचवाने वाला व्यक्ति पार्टी का कार्यकर्ता है। खेड़ा ने हत्यारों की पहचान का रहस्योद्घाटन होने के बाद तीन सवाल दागे।

-क्या भाजपा और उसके नेता धार्मिक उन्माद का वातावरण निर्मित करने की कोशिश कर रहे हैं?

-भाजपा नेताओं द्वारा उन्माद फैलाने के बाद क्या प्रधानमंत्री और गृह मंत्री अमित शाह अब भी चुप्पी साधे रहेंगे? और

-क्या भाजपा "ध्रुवीकरण" का राजनीतिक लाभ लेने के लिए अपने नेताओं और प्रवक्ताओं के जरिए देश को आग में झोंकने की तैयारी कर रही हैं?

## संयुक्त किसान मोर्चा बहुत जल्द फिर से आंदोलन शुरु करेगा

नई दिल्ली, 2 जुलाई। अब एक बार फिर संयुक्त किसान मोर्चा (एस.के.एम.) अपनी गतिविधियां तेज करने की तैयारी कर रहा है। किसानों से जुड़े मुद्दे को लेकर एस.के.एम. फिर से आंदोलन करने की तैयारी में है। इसे लेकर योजना पर चर्चा के लिए संयुक्त किसान मोर्चे ने कल यानी 3 जुलाई को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में बैठक बुलाई है। इस बैठक में मोर्चा से जुड़े सदस्य शिरकत करेंगे।

संयुक्त किसान मोर्चा के नेता कल होने वाली बैठक में इस बात पर चर्चा करेंगे कि आने वाले समय में किसान से जुड़े मुद्दे को सरकार के सामने किस तरह से उठाया जाए और इसका समाधान कराया जाए। बता दें कि पिछले साल दिसंबर में एक साल से ज्यादा समय तक चले आंदोलन के खत्म होने के बाद संयुक्त किसान मोर्चा की गितिविधियां शांत हो गई थीं। संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन के बाद नए कानूनों को रद्द करने के बाद केंद्र सरकार की ओर से इस प्रस्ताव को भी माना गया था कि एम.एस.पी. यानी न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने पर भी विचार किया जाएगा। तब केंद्र सरकार की ओर से यह भी कहा गया था कि एम.एस.पी. की गारंटी सुनिश्चित करने के लिए जो कमेटी बनाई जाएगी, उसमें किसान संगठनों के प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा। हालांकि, सरकार ने अब तक इस दिशा में कुछ खास पहल नहीं की है। कल गाजियाबाद की बैठक में एस.के.एम. के पदाधिकारी अब एम.एस.पी. को लेकर आंदोलन की रणनीति पर चर्चा कर सकते हैं। वहीं, एस.के.एम. की बैठक के एजेंडे में उन संगठनों की मोर्चा में वापसी भी शामलि है, जो पंजाब विधानसभा चुनाव के वक्त अलग हो गए थे।

## भागवत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

तथा सह प्रांत प्रचारकों की उपस्थिति अपेक्षित रहेगी। डॉ. रमेश ने बताया कि प्रांत प्रचारक बैठक में संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले सहित सभी सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्णगोपाल, डॉ. मनमोहन वैद्य, सीआर मुकुंद, अरुण कुमार व रामदत्त शामिल होंगे।

## 'गहलोत की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

निकम्मा" शब्द तो शायद उनका प्रिय है। मुझसे पहले अपनी पार्टी के ही एक युवा नेता के लिए इस शब्द का प्रयोग चुके हैं। शायद युवाओं से ही उनको चिढ़ है... चाहे अपनी पार्टी में हों या विपक्ष में। हर आगे बढ़ने वाले युवा से उनको कष्ट है। भाषण का समापन सारांश से किया जाता है और सीएम साहब ने वह मुझे समर्पित कर दिया। मैं तो यही कहूंगा आपकी भाषा और भावना आपको ही मुबारक...।"

## मोदी चाहते हैं...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

पास लोकसभा में प्रचण्ड बहुमत है। अगला उपराष्ट्रपति बनने के लिये संभावित उम्मीदवारों के रूप में दो अन्य नामों की चर्चा है- राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आज़ाद, जिन्हें कांग्रेस ने हाशिये पर रखा हुआ है क्योंकि उन्होंने उन असंतुष्ट पार्टी नेताओं का नेतृत्व किया था, जिन्होंने पार्टी का कायाकल्प करने के लिए सोनिया गांधी को पत्र लिखा था। दूसरा संभावित नाम है- केरल के राज्यपाल, 70 वर्षीय आरिफ मोहम्मद खान।

पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिन्दर सिंह (80) अपनी पत्नी एंव कांग्रेस सांसद प्रणीत कौर के साथ अगले सप्ताह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे हैं और साथ ही अपनी 8 माह पुरानी पंजाब लोक कांग्रेस का भाजपा में विलय कर रहे हैं।

माना जा रहा है कि, उन्होंने, अपने साथ कांग्रेस छोड़ने वाले अपने विश्वास पात्रों को लंदन से फोन करके कहा है कि, अगले सप्ताह उनके यू.के. से लौटने के बाद वो सब इस प्रक्रिया की तैयारियां शुरू कर दें।

लंदन में हाल ही में से उनकी रीढ़ की हड्डी का ऑपरेशन हुआ था और अब उनका स्वास्थ्य ठीक हैं। उन्होंने केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह को फोन करके कहा है कि, उन्हें औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल किया जाए। जब विधानसभा चुनावों के दौरान शाह ने उन्हें भाजपा में शामिल होने के लिए कहा था तब उन्होंने ऑफर ठुकरा दिया था।

पटियाला राजघराने के वंशज अमरिन्दर सिंह अपने राजनीतिक गढ़, पटियाला सिटी में, आम आदमी पार्टी (आप) से पहली बार चुनाव लड़ रहे प्रत्याशी के हाथों हारने के बाद गुमनामी में खो गए थे। उनकी जमानत भी जब्त हो गई थी।

पंजाब के प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाए गए नवजोत सिंह सिद्धू के साथ महीने भर चले संघर्ष के बाद कैप्टन अमरिन्दर सिंह को पिछले वर्ष सितम्बर माह में मुख्यमंत्री पद से हटा दिया गया था। उन्होंने गत नवम्बर माह में कांग्रेस छोड़कर अपनी स्वयं की राजनीतिक पार्टी गठित की थी। सिद्धू के स्थान पर पूर्व सांसद सुनील जाखड़ को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया था। वह कैप्टन के निकट साथी हैं। जाखड़ पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं। उनसे पहले राज्य के चार पूर्व कैबिनेट मंत्री-बलबीर सिंह सिंधु, राजकुमार वर्मा, गुरप्रीत सिंह कंगड़ और सुन्दर श्याम अरोड़ा भाजपा में शामिल हुए थे।

## मुंबई-अहमदाबाद...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उसकी योजना इस जगह पर एक कन्वैन्शन सैन्टर बनाने की थी।

# 'प्र.मंत्री जी ऐसे निकम्मे मंत्री को रखते ही क्यों हो, जो आपकी मीटिंग में ही एबसैन्ट माइन्ड रहता है'

## ईआरसीपी के मुद्दे पर बुलाई बैठक में मुख्यमंत्री गहलोत ने केन्द्रीय मंत्री शेखावत पर शब्द बाण चलाये

- ईआरपीसी को पूर्वी राजस्थान में बड़ा मुद्दा बनाएगी कांग्रेस, 13 जिलों के मंत्री-विधायकों सहित प्रमुख नेताओं की बैठक में ऐसे संकेत दिए।

जयपुर, 2 जुलाई (का.प्र.)। ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को निकम्मा और एब्सेंट माइंड बताया है। ईआरसीपी को लेकर 13 जिलों के विधायकों और कांग्रेस नेताओं की मीटिंग में गहलोत ने कहा कि "गजेंद्र सिंह खुद प्रधानमंत्री की सभा में थे, आपने देखा होगा फोटो में, इसके बावजूद वे इस तरह की बात बोल रहे हैं। इसका मतलब वह मीटिंग में माइंड रहते हैं। प्रधानमंत्री की मीटिंग में एब्सैंट माइंड रहना अच्छी बात है क्या? इसका मतलब हम कभी कहेंगे कि प्रधानमंत्री जी ऐसे निकम्मे मंत्री को रखते ही क्यों हो जो आपकी मीटिंग में ही एब्सैंट माइंड रहता है। प्रधानमंत्री बोले और आपने सुना ही नहीं, गजेंद्र सिंह खुद कह रहे हैं कि सुना ही नहीं।"

कांग्रेस को अब ईस्टर्न राजस्थान कैनाल परियोजना को बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी करनी है। ये मुद्दा ऐसा है, जो कम से कम राजस्थान के पूर्वी हिस्से को प्रभावित करेगा। यही कारण है कि मुख्यमंत्री आवास पर ईआरसीपी को लेकर बैठक बुलाई गई। बैठक में मुख्यमंत्री के साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी थे। ईस्टर्न राजस्थान कैनाल परियोजना के तहत राजस्थान के 13 जिलों अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर, दौसा, जयपुर, अजमेर, टोंक, बूंदी ,कोटा, झालावाड़ और बारां की करीब 86 विधानसभा सीटें आती हैं। ऐसे में कांग्रेस निकट भविष्य में इस परियोजना को लेकर ईस्टर्न राजस्थान में बड़ा आंदोलन शुरू कर सकती है। मीटिंग में जलदाय मंत्री महेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने का अजमेर और जयपुर की सभाओं में वादा किया था, आप निभाओ। मंत्रीजी ने बैठे-बैठे लैक्चर दे दिया कि, अगर प्रधानमंत्री ने इस तरह का वादा किया हो तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। नहीं तो मुख्यमंत्री और आपको लेना होगा।" अब लें वे संन्यास, कहां चले गए, यह स्थिति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2018 की जयपुर और अजमेर की सभाओं में किए गए वादों पर गहलोत ने कहा कि दोनों सभाओं में पीएम मोदी ने अजमेर और जयपुर में ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने का उल्लेख किया था। अब और क्या कह सकते थे। मुख्यमंत्री ने दूसरी बार किसी नेता के लिए निकम्मा शब्द का इस्तेमाल किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इससे पहले जुलाई 2020 में राजनीतिक संकट के समय सचिन पायलट को नाकारा - निकम्मा कहा था। अब केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के लिए निकम्मा शब्द का इस्तेमाल किया है। मुख्यमंत्री की ओर से इस मसले पर 13 जिलों के नेताओं की बैठक बुलाए जाने तथा केंद्रीय मंत्री को निकम्मा कहने के बाद तय है कि आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर दोनों पार्टियों के बीच जुबानी जंग तेज होने वाली है।






राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908